# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 14 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 250, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स, निफ्टी रिकॉर्ड स्तर से फिसले

शेयर बाजारों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद मुनाफावसूली से सेंसेक्स एवं निफ्टी हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। } 14



## राहुल ने देश की गरिमा को पहुंचायी ठेस : धनखड़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिये बिना कटाक्ष करते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने देश के हितों की अनदेखी कर संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचायी। } 16

### संक्षेप

## पोर्ट ब्लेयर का नाम अब श्री विजयपुरम

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को घोषणा की कि केंद्रशासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम कर दिया गया है। शाह ने यह भी कहा कि यह निर्णय देश को औपनिवेशिक प्रतीकों से मुक्त करने के लिये लिया गया है, क्योंकि अंडमान निकोबार द्वीप समूह का देश के स्वतंत्रता संग्राम और इतिहास में अद्वितीय स्थान है। उन्होंने एक्स पर लिखा देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है।

## प्याज पर न्यूनतम निर्यात मूल्य हटा

नयी दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को प्याज निर्यात के लिए न्यूनतम मूल्य सीमा को समाप्त कर दिया। इस पहल का मकसद किसानों की आय बढ़ाना है। सरकार ने पहले न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन तय किया था। इसका मतलब था कि किसान इस दर से कम पर अपनी उपज विदेशों में नहीं बेच सकते थे। डीजीएफटी ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना के जरिये तत्काल प्रभाव से एमईपी को हटा दिया। यह कदम महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है, जो प्याज का प्रमुख उत्पादक राज्य है। इस कदम से प्याज के निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा, प्याज के निर्यात पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की शर्त तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक हटा दिया गया है। इस प्रमुख रसोई के खाद्य सामग्री की उच्च खुदरा कीमतों के बावजूद प्याज पर एमईपी को हटाने का निर्णय लिया गया है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले की पीटकर हत्या

कानपुर। उत्तर प्रदेश के लखनऊ से कानपुर जा रही हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन में 11 वर्षीय नाबालिग लड़की से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के लिए यात्रियों ने 34 वर्षीय एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान बिहार के रहने वाले प्रशांत कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात को हुई इस घटना के बाद पीड़िता के परिवार और अन्य यात्रियों ने उसे पकड़ लिया, जिसके बाद उसकी बेरहमी से पिटाई की। पुलिस के मुताबिक, कुमार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन से उतारकर केपीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां बुधवार को उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## सतह से हवा में मार करने वाली एक और मिसाइल का सफल परीक्षण

एजेंसी



बालासोर (ओडिशा), 13 सितंबर (भाषा) भारत ने शुक्रवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से लगातार दूसरे दिन वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक बयान में इस बात की पुष्टि की गई कि 12 और 13 सितंबर को हुए दोनों परीक्षण सफल रहे। बयान के अनुसार दोनों परीक्षणों में मिसाइल ने सी स्किमिंग हवाई लक्ष्य का अनुसरण करते हुए उच्च गति एवं कम ऊंचाई वाले लक्ष्य को सफलतापूर्वक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 177 दिन बाद तिहाड़ से छूटे सीएम अरविंद केजरीवाल

- सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत
- उच्चतम न्यायालय ने फिर पिंजरे में बंद तोता से की सीबीआई की तुलना

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाले के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी और कहा कि लंबे समय तक जेल में रखना स्वतंत्रता से अन्यायपूर्ण तरीके से वंचित करने के समान है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ ने केजरीवाल को 10 लाख रुपये के मुचलके और दो जमानत राशियों पर जमानत दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को आबकारी नीति मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए 10 मई को अंतरिम जमानत दी गई थी और दो जून को आत्मसमर्पण करने के बाद से वह जेल में हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पिंजड़े में बंद तोता बताने संबंधी उच्चतम न्यायालय की 2013 की टिप्पणी



एक बार फिर एजेंसी के लिए उस वक्त परेशानी का सबब बन गई, जब शीर्ष अदालत ने कहा कि जांच एजेंसी के लिए यह आवश्यक है कि उसे पिंजरे में बंद तोता की धारणा से बाहर निकलना चाहिए। न्यायमूर्ति आर. एम. लोढ़ा (अब सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने मई 2013 में कोयला घोटाला मामले की सुनवाई करते हुए सीबीआई को मालिक की आवाज में बोलने वाला पिंजरे में बंद तोता करार दिया था। न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाले के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति भुइयां ने एक अलग फैसला लिखते हुए कहा कि कानून के शासन द्वारा संचालित एक क्रियाशील लोकतंत्र में धारणा मायने रखती है और एक जांच एजेंसी को सभी प्रकार के संदेह से परे होना चाहिए। उन्होंने केजरीवाल को जमानत देते हुए अपने 31 पृष्ठ के फैसले में कहा कुछ वर्ष पहले ही इस अदालत ने सीबीआई की आलोचना करते हुए उसकी तुलना पिंजरे में बंद तोते से की थी। यह जरूरी है कि सीबीआई पिंजरे में बंद तोते की धारणा से बाहर निकले। धारणा यह होनी चाहिए कि सीबीआई पिंजरा में बंद तोता नहीं, बल्कि स्वतंत्र जांच एजेंसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# राजस्व विभाग में जल्द खुलेगा भर्तियों का पिटारा

## मुख्यमंत्री ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार के खाली पदों को तत्काल भरने के दिये निर्देश

### लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों को मिलेगा वाहन भत्ता व नये टैबलेट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के साथ-साथ लिपिकीय संवर्ग के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक जैसे पदों के लिए जहां पदोन्नति लंबित है, वहां तत्काल प्रक्रिया पूरी की जाए।

उन्होंने कहा है कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर आम आदमी से जुड़ा हुआ है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से लेकर पैमाइश, नामांकन, घरौनी, खतौनी, सर्वे, पट्टा सहित ढेरों महत्वपूर्ण प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके, इसके लिए न केवल विभाग के रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की आवश्यकता है, बल्कि आवश्यकतानुसार नवीन पदों का सृजन किया जाए। यही नहीं, उन्होंने राजस्व परिषद के अंतर्गत बन्दोबस्त आयुक्त (ग्रामीण) बन्दोबस्त आयुक्त (नगरीय) तथा निदेशक प्रशिक्षण का नवीन पद सृजित करने की भी जरूरत बताई। शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व विभाग के कामकाज और उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए ...शेष पृष्ठ 14 पर



डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चौथे स्थापना दिवस समारोह में लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### दृढ़ इच्छाशक्ति से इंसेफेलाइटिस पर महज दो वर्ष में पाया काबू : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पांच वर्ष पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से ग्रस्त था। वहां 15 जुलाई से 15 नवंबर के बीच 1200 से 1500 मौतें होती थीं। अकेले गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 700 मौतें होती थीं। यह क्रम पिछले 40 वर्ष से चल रहा था। इस दौरान 50 हजार बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन पिछली सरकारों का इससे कोई लेना-देना नहीं था। जब इसे रोकने के लिए सुविधा देनी होती थी तो वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते थे। यह सिस्टम की नाकामी थी। मैंने सांसद रहते हुए सड़क से लेकर सदन तक मुद्दा उठाया, जिसके बाद काम शुरू हुआ। यह बात यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफेसेलाइटिस पर लगाम लगाने के लिए गोरखपुर को एम्स दिया। वहीं 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर इसे खत्म करने की जिम्मेदारी मेरी हो गयी। इस पर काम शुरू किया गया और वर्ष 2019 में इस पर नियंत्रण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ज्ञानवापी परिसर में मरम्मत कार्य संबंधी याचिका खारिज

वाराणसी। वाराणसी की एक अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में व्यास जी के तहखाने में जारी पूजा को यथावत रखते हुए तहखाने के मौजूदा संरक्षक जिलाधिकारी को किसी भी प्रकार की तहखाने की मरम्मत का आदेश देने से इंकार करते हुए हिन्दू पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया।

हिन्दू पक्ष की ओर से पेश हुए अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि व्यास जी के तहखाने की मरम्मत करने के विषय पर हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए मुस्लिम पक्ष की आपत्ति के मद्देनजर न्यायाधीश ने यह निर्णय दिया। उन्होंने बताया कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) हितेश अग्रवाल की अदालत ने तहखाने में जारी पूजा गतिविधियों को बरकरार रखा और मुस्लिम पक्ष द्वारा उठाई गई आपत्तियों और शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित याचिकाओं को ध्यान में रखते हुए बृहस्पतिवार को यह आदेश दिया। मदन मोहन ने बताया कि अब हिंदू पक्ष तहखाना की मरम्मत के संदर्भ में जिला न्यायाधीश की अदालत में अपील करेगा। यादव ने कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद 31 जनवरी को व्यास जी के तहखाने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 17 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

### उत्तर प्रदेश में बाढ़-बारिश से जुड़ी घटनाओं में 34 की मौत

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के 17 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में 34 लोगों की मौत हुई है। जबलपुर में 3 दिन से हो रही बारिश के कारण ऑर्डनेंस फैक्ट्री में 5 फीट तक पानी भर गया। 4 सेक्शन में मशीनें डूब गई हैं। एक सेक्शन में 15 दिन के लिए काम बंद कर दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में गुरुवार (12 सितंबर) को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे तापमान अचानक गिर गया। किन्नौर, शिमला सहित कई इलाकों में आज सुबह से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में शुक्रवार (13 सितंबर) को रेड अलर्ट जारी किया है। चमोली



में लगातार बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुई। इससे बद्रीनाथ नेशनल हाईवे बंद हो गया है। राजस्थान में पिछले दो दिन से तेज बारिश के कारण कई जिलों में पानी भर गया है। भरतपुर में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## घाटी में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर, एक जवान शहीद

### खुफिया सूचना के बाद सेना ने चलाया था अभियान, भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चत्तरु में शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया और तीन घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने सूचना पाते ही पूरे इलाके की घेराबंदी की। मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी ढेर हुए हैं। हालांकि अभी इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है कि आतंकियों की संख्या कितनी है। फिलहाल आतंकियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। इसके कुछ देर बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। इलाके में



आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। तभी मुठभेड़ हुई। घायल कर्मियों का अस्पताल ले जाया गया है। जहां एक जवान को मृत घोषित कर दिया गया है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- बिजली उपभोक्ता की समस्याओं को जल्द निपटायें (पृष्ठ-02)
- अखिलेश यादव से मिले मंगेश यादव के परिजन (पृष्ठ-02)
- डॉलर के मुकाबले रुपया में छह पैसे की बढ़त (पृष्ठ-14)
- बोइंग कारखाने के कर्मचारी हड़ताल पर बैठ (पृष्ठ-14)
- बंगलुरु सीजीएसटी के गिरफ्तार अफसर निलंबित (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** भारत की मजबूत बुनियाद को दर्शाता है आर्थिक वृद्धि परिदृश्य : आरबीआई गवर्नर

# मुद्रास्फीति कम हुई पर अभी अधूरा है सफर

एजेंसी

सिंगापुर। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि भारत में मुद्रास्फीति कम हुई है, लेकिन हमें अभी सफर पूरा करना है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित भारत की खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में 3.65 प्रतिशत रही। यह लगातार दूसरा महीना है, जब मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से कम रही।

सरकार ने आरबीआई को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर बनी रहे, जिसमें ऊपर नीचे की ओर दो प्रतिशत की घटबढ़ हो सकती है। दास ने यहां ब्रेटन वुड्स कमेटी के कार्यक्रम फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024 में अपने संबोधन के दौरान कहा मुद्रास्फीति अप्रैल 2022 में अपने चरम 7.8 प्रतिशत से कम होकर चार प्रतिशत के लक्ष्य के आसपास संतोषजनक स्तर पर आ गई है, लेकिन हमें अभी भी सफर तय करना है और हम दूसरी तरफ देखने का जोखिम नहीं उठा सकते। आरबीआई के अनुमानों से संकेत मिलता है कि मुद्रास्फीति 2023-24 में 5.4 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 4.5 प्रतिशत और 2025-26 में 4.1 प्रतिशत



हो जाएगी। गवर्नर ने कहा कि वैश्विक आर्थिक गतिविधि और व्यापार ने बड़े पैमाने पर नकारात्मक जोखिमों को झेला है, लेकिन मुद्रास्फीति का अंतिम पड़ाव चुनौतीपूर्ण साबित हुआ है। इससे वित्तीय स्थिरता के जोखिम भी पैदा हुए हैं। दास ने कहा वैश्विक मुद्रास्फीति में कमी की गति धीमी हो रही है, जिससे मौद्रिक नीति को उदार बनाने में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीति का प्रबंधन सोच-विचार करके करना चाहिए और सरकार को आपूर्ति पक्ष के उपायों पर ध्यान देना चाहिए। दास ने कहा कि दरों में कटौती के लिए बाजार की उम्मीदें अब बढ़ रही हैं और खासकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत बदलाव के संकेतों के बाद ऐसा देखने को मिल रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वृद्धि परिदृश्य देश के वृहद आर्थिक बुनियाद की मजबूती को बताता है। उन्होंने कहा कि इसमें निजी उपभोग और निवेश जैसे घरेलू तत्व प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने ब्रेटन वुड्स कमेटी, सिंगापुर द्वारा आयोजित फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024 में कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि को वृहत आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के माहौल का समर्थन है। दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी के कारण आए गंभीर संकट से उबर गई और इसकी 2021-24 के दौरान औसत वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अयोध्या राम मंदिर में काम करने वाली छात्रा से गैंगरेप

- छह गिरफ्तार, नौ लोगों पर आरोप, अन्य की तलाश जारी

जिला संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर में सफाई कर्मी के रूप में काम करने वाली 20 वर्षीय एक युवती द्वारा नौ लोगों पर कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाये जाने के बाद पुलिस ने अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पीड़िता बीए अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। अयोध्या के कैंट थाने में छात्रा द्वारा दर्ज कराई गयी प्राथमिकी के अनुसार, 16 से 25 अगस्त के बीच तीन अलग-अलग मौकों पर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया गया। कैण्ट के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अमरेंद्र प्रताप सिंह ने शुरू में बताया था, प्राथमिकी दो सितंबर को दर्ज की गई और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद, शुक्रवार दोपहर को अयोध्या के पुलिस अधीक्षक (शहर) मधुवन सिंह ने दो और गिरफ्तारियों की पुष्टि की। सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गए लोगों की पहचान वंश, विनय, शारिक, शिवा और उदित के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया, पकड़े गए लोगों में से तीन को प्राथमिकी दर्ज होने के एक दिन बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया और दो ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के हल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कानपुर के अशोक नगर निवासी अजय सिंह के परिसर पर 113 साल पुराने अंग्रेजो के जमाने का विद्युत बिल बकाया दर्शाने और नया कनेक्शन न देने के मामले पर

- **ऊर्जा मंत्री ने 'सम्भव' के तहत की जनसुनवाई, उपभोक्ताओं से वर्चुअल संवाद कर मौके पर समस्याओं का कराया समाधान**
- **विद्युत संयोजन देने में हीला-हवाली व नियमों की अनदेखी न करें : एके शर्मा**

एमडी केस्को को 2 दिन के अंदर समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को शक्ति भवन में 'सम्भव' के तहत वर्चुअल जनसुनवाई कर रहे थे। उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान करायें, किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। विद्युत संयोजन देने में हीला-हवाली करना या नियमों की अनदेखी करना अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी उपभोक्ताओं को समय से विद्युत कनेक्शन निर्गत किया जाए। विद्युतीकरण के दौरान विद्युत पोल की ग्राउंटिंग ठीक से कराई जाए, जहां कहीं पर भी विद्युत लोड ज्यादा हो, ऐसे फीडर और ट्रांसफार्मर को चिन्हित करके वहां लोड बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। किसानों के लिए पृथक फीडर के लोड की भी जांच करायेए जिससे कि सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति बाधा न बने। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता से सीधे संवाद कर तथा समस्या के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद मौके पर ही विभिन्न जिलों से आई गंभीर समस्याओं का निस्तारण कराया। उन्होंने संयोजन न देने, ओवरलोडिंग, विद्युतीकरण कराने, संयोजन के स्थाई विच्छेदन, विद्युत पोल हटाने, विद्युत दुर्घटना में मुआवजा दिलाने, अनाधिकृत संयोजन, विद्युत मीटर न लगाने जैसी आदि गंभीर समस्याओं का समाधान कराया। उन्होंने विद्युत कर्मियों को सख्त हिदायत दी कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में लापरवाही ठीक नहीं है। समस्याओं का समय से समाधान कराया जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वह अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं को विभाग के टोल फ्री नंबर 1912 पर अवश्य दर्ज करायें, जिससे समस्याओं का समय से फीडबैक लिया जा सके। जनसुनवाई में ऊर्जा मंत्री ने आजमगढ़ निवासी किरनलता के पृथक परिसर में विद्युत संयोजन निर्गत करने तथा उसके ससुर सूर्यबली के परिसर में बकाया 1,16,699 रुपए की वसूली सूर्यबली से करने के भी मुख्य अभियंता आजमगढ़ को सख्त निर्देश



दिए। आजमगढ़ निवासी दिलीप सिंह चौहान के गांव ओझौली में 100 केवीए ट्रांसफार्मर के बार-बार जलने पर उन्होंने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने के लिए अधीक्षण अभियंता आजमगढ़ को निर्देश दिए। इस 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में वर्तमान में 150 केवीए का लोड है। आजमगढ़ के कुरियांवा निवासी विवेक सिंह के गांव में विद्युतीकरण न होने के 10 वर्ष पुराने मामले का समाधान हुआ। आजमगढ़ के उदैना निवासी रामप्रीत निषाद के यहां निजी नलकूप का स्थाई विच्छेदन के साथ ही संयोजन पर बकाया 1,48,366 रुपए की वसूली का भी निर्देश दिया।

इसी प्रकार लखनऊ में विनयखण्ड निवासी जयनती देवी के परिसर पर संयोजन के लिए प्राक्कलन राशि छः माह पूर्व जमा करने के बाद भीए स्टीमेट के अनुरूप विद्युत लाइन न बनाकर तथा बिना परिवर्तक एवं मीटर लगाये संयोजन निर्गत करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए ऊर्जा मंत्री ने सख्त हिदायत दी कि स्टोर में 25 केवीए का पर्याप्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध रहे, जिससे कि उपभोक्ताओं को समय पर विद्युत कनेक्शन मिल सके। उन्होंने मुख्य अभियंता गोमतीनगर को निर्देशित किया कि उपभोक्ता के परिसर पर तत्काल मीटर और परिवर्तक लगाकर संयोजन निर्गत करें। लखनऊ के पार्श्वनाथ सिटी निवासी अजय शर्मा के 400 फ्लैट की कालोनी में विद्युतीकरण के लिए तत्काल स्टीमेट बनाकर नियमानुसार विद्युत संयोजन देने के निर्देश एमडी मध्यांचल को दिये। लखनऊ के काकोरी निवासी शिवम के प्लाट में विद्युत पोल लगने से भवन निर्माण न होने की शिकायत को समाधान कराया। हमीरपुर के बसवारी निवासी विश्वनाथ के भैंस की अगस्त, 2020 में करंट लगने से मृत्यु होने पर विभाग द्वारा मुआवजा न देने का समाधान कराया और मुख्य अभियंता बांदा को निर्देशित किया कि इस मामले में संबंधित कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करेंए संविदाकर्मी हो तो पोर्टल में भी ब्लैक लिस्ट करें। अलीगंज के नगला डमबर निवासी राजेश कुमार के निजी नलकूप में अन्य संयोजन निर्गत होने का समाधान कराया गया। कानपुर नगर के देना बैंक कालोनी निवासी आनेंद्र सिंह के परिसर में दूसरे के नाम से विद्युत कनेक्शन देने पर ऊर्जा मंत्री ने सख्त हिदायत दी। प्रापर्टी और मकान के विवाद में कहीं पर भी विद्युत कनेक्शन न निर्गत किया जाए। कानपुर नगर के प्रतापपुरहरी निवासी महेश चंद्र के मकान के अगल.बगल के मकानों में विद्युत संयोजन होने तथा प्रार्थी को विद्युत संयोजन न देने के मामले को लेकर ऊर्जा मंत्री ने एमडी केस्को को मौके पर जाकर स्वयं निरीक्षण करने और उपभोक्ता को नियमानुसार विद्युत कनेक्शन देने के निर्देश दिये। अमरोहा के जोया निवासी मो. शाहरूख के घर के सामने नया पोल लगाकर ग्राउटिंग न करने से पोल के झुकने के मामले में संबंधित जेई को सस्पेंड करने तथा ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने तथा अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये और सख्त हिदायत दी कि सभी विद्युत कार्मिक विद्युतीकरण के दौरान विद्युत पोल की ठीक से ग्राउंटिंग कराये, जिससे विद्युत दुर्घटनाओं से बचा जा सके। रामपुर के नदना पटवाई निवासी तेजवीर सिंह को 35 किलोवाट के वाणिज्यिक संयोजन के लिए 3.5 लाख रुपए स्टीमेट का पैसा जमा करने के बाद भी 2 माह से संयोजन न निर्गत करने पर उपभोक्ता को शीघ्र ही संयोजन निर्गत करने के निर्देश दिये। स्थानीय स्तर पर ही उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान हो सके, इसके लिए ऊर्जा मंत्री ने सम्भव के तहत प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे अधिशासी अभियंता, 12 बजे अधीक्षण अभियंता तथा सायं 4 बजे मुख्य अभियंता को जनसुनवाई करने के निर्देश दिये।

## भगवान श्रीराम से जुड़े स्थलों का हो रहा विकास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भगवान श्रीराम से जुड़े सभी स्थलों का प्राथमिकता के आधार पर विकास किया जाएगा। ताकि, देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। इसी कड़ी में रामायण सर्किट के महत्वपूर्ण स्थल श्रृंगवेरपुर में चार करोड़ रुपए से पार्किंग निर्माण

- **रामायण सर्किट के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल श्रृंगवेरपुर में 4 करोड़ रुपए की लागत से पार्किंग एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का हो रहा विकास**

होगा। यहां पहले से भव्य निषादराज पार्क का निर्माण हो रहा है। इसी के समीप पार्किंग का निर्माण होना है। इससे पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। मंत्री ने बताया कि पर्यटन विभाग इस पावन स्थल को प्राथमिकता के आधार पर विकास कर रहा है। पार्किंग में 8 बसें, 36 कार पार्किंग में खड़ी करने की व्यवस्था रहेगी। पेयजल की सुविधा के साथ शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम मां गंगा के तट पर प्रयागराज



जनपद मुख्यालय से लगभग 40 किमी की दूरी पर स्थित परम पावन भूमि है। श्रृंगवेरपुर धाम वह भूमि है जहां पर मां गंगा के तट पर माता शांता एवं श्रृंग ऋषि जी की तपोभूमि एवं आश्रम थाए जो वर्तमान में भी पूरी भव्यता के साथ स्थापित है। श्रृंगवेरपुर धाम जहां से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने भगवती सीता, अनुज लक्ष्मण के साथ वन गमन के समय रात्रि वास करते हुए द्वितीय दिवस में नौका द्वारा गंगा पार किया था। यहीं पर निषादराज किला (पुरातात्विक स्थल) श्री रामघाट, निषादराज पार्क समेत अनेक दर्शनीय स्थल है। जयवीर सिंह ने बताया कि श्रृंगवेरपुर में प्रत्येक माह अमावस्या और पूर्णिमा को मेला लगता है। इसी तरह, कार्तिक माह में एकादशी से पूर्णिमा तक मेले का आयोजन होता है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। पर्यटकों के सुविधार्थ पर्यटन विभाग यहां मूलभूत सुविधाओं का विकास कर रहा है। इसके अलावा, गांव को टूरिस्ट विलेज के तौर पर भी तैयार किया जा रहा है। पर्यटन विभाग का उद्देश्य श्रृंगवेरपुर आने वाले पर्यटकों को धार्मिक, आध्यात्मिक के साथ ग्रामीण पर्यटन का आनंद भी उपलब्ध करवाना है।

## मधुमक्खी पालन में रोजगार एवं आमदनी की असीमित संभावनाएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश के उद्यान और खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके

**इच्छुक व्यक्ति प्रशिक्षण हेतु 16 सितम्बर तक कर सकते है आवेदन**

तहत 90 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर तक सहारनपुर, बस्ती और प्रयागराज के औद्यानिक प्रयोग और प्रशिक्षण केन्द्रों पर चलाया जाएगा। प्रतिवर्ष विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से लगभग 5000 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। मधुमक्खी पालन में रोजगार एवं आमदनी की असीमित संभावनाएं हैं।

उद्यान मंत्री ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए उद्यान और खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश में लगभग 22 से 23 हजार मिट्रिक टन का शहद उत्पादन होता है। सहारनपुर, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, फैजाबाद, बाराबंकी, प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़ और अलीगढ़ जनपद प्रमुख शहद उत्पादक हैं। उन्होंने बताया कि एकीकृत वागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) और राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत 50 मौनवंशों की एक इकाई (उपकरण सहित) की स्थापना पर 40 प्रतिशत का अनुदान लाभार्थियों को प्रदान किया जाता है। निदेशक उद्यान विजय बहादुर द्विवेदी ने बताया कि आयोजित होने वाले 90 दिवसीय प्रशिक्षण में पुरुष और महिलाएं सभी वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

## केजीएमयू में जल्द शुरू होगी फेफड़ा प्रत्यारोपण की सुविधा : ब्रजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में जल्द ही फेफड़ा प्रत्यारोपण की सुविधा मिलेगी। इसके लिए केंद्र सरकार से वार्ता की जा रही है। जल्द ही मंजूरी मिल सकती है।

यह बातें शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहीं। केजीएमयू के पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर

- **सैप्सिस दिवस पर केजीएमयू में आयोजित कार्यशाला का डिप्टी सीएम ने किया शुभारंभ**

मेडिसिन विभाग की ओर से सैप्सिस जागरुकता दिवस पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि अभी प्रदेश में फेफड़ा प्रत्यारोपण नहीं हो रहा है।

कोरोना काल में फेफड़ा प्रत्यारोपण के लिए कई मरीजों को दक्षिण भारत भेजा गया था। उत्तर प्रदेश में केजीएमयू में यह सुविधा शुरू की जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार से संपर्क स्थापित किया गया है। वार्ता जारी है। डिप्टी सीएम ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। इसमें देश



व उत्तर प्रदेश की भूमिका अहम है। यूपी के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। इससे रोगियों को उनके घर के पास बेहतर इलाज मिल सकेगा। वहीं एमबीबीएस की पढ़ाई होगी। जिससे डॉक्टरों की कमी दूर होगी। हाल ही कई मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई को मान्यता मिली है। मेडिकल कॉलेजों में अव्वल दर्जे की पढ़ाई हो रही है। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद, पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. सूर्यकांत, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, गेस्ट्रोमेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमित रूंगटा, नेफ्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विश्वजीत सिंह, पीजीआई नेफ्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. नारायण प्रसाद समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव से मिले मंगेश यादव के परिजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव से शुक्रवार को मंगेश यादव के परिजनों ने पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में भेंट कर अपनी व्यथा बतायी। मंगेश यादव को पुलिस ने घर से उठाकर फर्जी एनकाउंटर में हत्या कर दी। मंगेश के शोकाकुल पिता, मां और बहन ने अखिलेश यादव को पुलिस द्वारा उत्पीड़न किये जाने की भी

- **सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का दिया भरोसा**



जानकारी दी। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

जौनपुर के गांव अगरौरा थाना बक्सा से आए मंगेश यादव के पिता राकेश यादव, मां शीला देवी और बहन प्रिंसी यादव ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। सुल्तानपुर के सर्राफ की दुकान पर 28 अगस्त 2024 को लूट हुई थी। 2 सितम्बर 2024 की रात्रि दो बजे पुलिस मंगेश को घर से उठाकर ले गई। 3-4 सितम्बर को दिन में पुलिस घर आई और कहा कि पूछताछ हो रही है। तुम्हारा लड़का छोड़ दिया जाएगा। 5 सितम्बर को उसकी पुलिस अभिरक्षा में फर्जी एनकाउंटर में हत्या कर दी गई। पुलिस वालों ने कहा जाओ सुल्तानपुर के पोस्टमार्टम हाउस में लाश ले आओ। पीड़ित परिवारीजनों ने बताया कि पुलिस ने जबरदस्ती दबाव डालकर वीडियो बनाया है जिसमें झूठ के सिवा कुछ नहीं है। जो वीडियो पुलिस प्रसारित कर रही है उसमें दबाव में उनसे मनमाफिक बयान दिलवाया गया है। पूरा गांव सच्चाई बता रहा है। मंगेश को जबरदस्ती अपराधी बताकर पुलिस एनकाउंटर कर वाहवाही लूट रही है। अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवारीजनों को भरोसा दिया कि उनके बेटे की पुलिस द्वारा हत्या किए जाने की निष्पक्ष जांच करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पुलिस का नया तरीका है, किसी को भी उठाओ, झूठी कहानी बनाओ और परिवार पर दबाव डालकर सच का ही एनकाउंटर कर दो। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में एनकाउंटर आंकड़ा, गैरकानूनी हत्याओं की नाइंसाफी का भी आंकड़ा और साथ ही पीडीए के विरूद्ध अन्याय का आंकड़ा है। पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों पर रोज ही अत्याचार हो रहे हैं। अन्याय और अत्याचार के खिलाफ सपा सदैव आवाज उठाती रही है।

### भाजपा सरकार में लोकतंत्र खतरे में : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है, अराजकता का माहौल है। सरकार के संरक्षण में भाजपाई लोकतंत्र खत्म करने पर अमादा है। भाजपा चुनावी प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ करती हैं। भाजपाई लोकतंत्र का अपहरण कर छल-बल और गुण्डई से हर पद पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहते है। निष्पक्ष चुनाव नहीं होने दे रहे है ।जबसे भाजपा सत्ता में आयी है तबसे विधानसभा, लोकसभा चुनाव से लेकर जिला पंचायत, ब्लाक प्रमुखों और विधान परिषद तक हर चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग दिखाई दे रहा है। शासन-प्रशासन के बल पर भाजपा नेता गुण्डई पर उतारू है। ताजा मामला लखीमपुर खीरी में साधन सहकारी समिति के चुनाव का है। भाजपा विधायक मंजू त्यागी ने एसडीएम और पुलिस के सामने से प्रत्याशियों के आवेदनों के पर्चे लूट लिये। पर्चों के साथ ही भाजपा विधायक नामांकन कक्ष से कई सरकारी कागज भी छीन ले गयी। पुलिस पूरे घटनाक्रम की मूकदर्शक बनी रही। भाजपा के लोग लोकतंत्र को लूट रहे है। जनता को धोखा दे रहे हैं। भाजपा कोई चुनाव स्वतंत्र और पारदर्शी ढंग से नहीं होने दे रही है। इससे पहले ब्लाक प्रमुख और एमएलसी चुनाव में भी विपक्षी प्रत्याशियों से पर्चा लूटने की घटनाएं सामने आ चुकी है। भाजपा लोकतंत्र के लिए कलंक बन गयी है। इस सरकार में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। अन्याय, अत्याचार का बोलबाला है। पीड़ित और निर्दोष की कहीं सुनवाई नहीं है ।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अयोध्या में जमींनों की लूट और भ्रष्टाचार सबके सामने है। भाजपा के बड़े-बड़े लोग और उनके सहयोगी आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हैं। भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार अब लोगों के लिए जान लेवा साबित हो रहा है। भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री के लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में भी लूट मचा रखी है। वाराणसी में 10 करोड़ रुपए की लागत से बने लाल बहादुर शास्त्री घाट के विश्राम कुटी की छत गिरने के मलबे में दबकर एक बुजुर्ग की मौत हो गयी।

## संगठन विस्तार में श्रम प्रकोष्ठ का विशेष योगदान : त्यागी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को श्रम प्रकोष्ठ का प्रदेशीय सम्मेलन श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी तथा

**रालोद के प्रदेश कार्यालय पर श्रम प्रकोष्ठ का प्रदेशीय सम्मेलन सम्पन्न**

**अनिल दुबे ने किया विधानसभा चुनाव में मजबूत तरीके से जुड़ने का आवाहन**

विशिष्ट अतिथि के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे मौजूद रहे।

बतौर मुख्य अतिथि सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि पार्टी संगठन विस्तार में श्रम प्रकोष्ठ का विशेष योगदान है। आज इतने बड़े सम्मेलन को देखकर बहुत खुश हूं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को और मजबूती से जुटने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन में कार्यकर्ताओं की भूमिका अग्रणी है। देश की तरक्की में पूंजीपतियों





से ज्यादा किसान और मजदूर का योगदान बड़ा होता है। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त किसानों और मजदूरों की लड़ाई लडी। देश में उपलब्ध सभी संसाधन किसान और मजदूरों की वजह से हैं। उन्होंने उन लोगों का विरोध किया जो पैसे के बल पर गरीब, किसान और श्रमिकों का शोषण करते हैं। उन्होंने मनरेगा मजदूरों के भत्ता बढ़ाये जाने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने का आश्वासन दिया क्योंकि आज कल के मंहगाई के दौर में किसानों व मजदूरों की जो मूलभूत आवश्यकताएं न्यूनतम मानदेय से पूरी नहीं हो रही है। उन्होंने मनरेगा के बजट बढ़ाने सम्बन्धित प्रस्ताव का समर्थन किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने प्रदेश सरकार से श्रमिकों के हितों के लिए वार्ता करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सम्मेलन में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को 2027 विधानसभा चुनाव में मजबूत तरीके से जुड़ने का आवाहन किया। श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर ने सम्मेलन में प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसको सर्वसम्मति से पारित कर राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी को सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से मनरेगा किसानों के विषय में उनकी मजदूरी बढ़ायी जाय, असंगठित मजदूरों के लिए कल्याण बोर्ड बने तथा प्रदेश में भी दिल्ली की तर्ज पर कौशल विकास विश्वविद्यालय खोला जाय।

## गठबंधन टूटने को लेकर सपा व बसपा आमने-सामने

**लखनऊ।** साल 2019 लोकसभा चुनाव के बाद सपा और बसपा का गठबंधन टूटने के मामले पर मायावती और अखिलेश यादव के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है ।बसपा प्रमुख मायावती ने अखिलेश के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि लोकसभा चुनाव-2019 में उत्तर प्रदेश में बसपा के 10 व सपा के पांच सीट जीतने के बाद गठबंधन टूटने के बारे में उन्होंने सार्वजनिक तौर पर भी यही कहा कि सपा प्रमुख ने उनके फोन का भी जवाब देना बंद कर दिया था। उन्होंने कहा, कि बसपा सैद्धान्तिक कारणों से गठबंधन नहीं करती और अगर बड़े उद्देश्यों को लेकर कभी गठबंधन करती है तो फिर उसके प्रति ईमानदार भी जरूर रहती है। सपा के साथ सन 1993 व 2019 में हुए गठबंधन को निभाने का भरपूर प्रयास किया गया, किन्तु बहुजन समाज का हित व आत्म-सम्मान सर्वोपरि है।

## नवाचार और तकनीकी दक्षता की दिशा में आगे बढ़े विद्यार्थी : योगेन्द्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** आगरा स्थित शारदा विश्वविद्यालय ने अपने पहले दीक्षारंभ समारोह का आयोजन धूमधाम से किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सर सीवी रमन हाल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा उपस्थित रहे।

समारोह की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करने और शारदा कुलगीत के साथ की गई। इस अवसर पर शारदा विश्वविद्यालय के चांसलर पीके गुप्ता, प्रो चांसलर वाईके गुप्ता, और कुलपति प्रोफेसर डॉ. जयंती रंजन भी मौजूद थे ।कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार प्रोफेसर एमएच वाणी के स्वागत भाषण से हुई। कुलपति प्रोफेसर (डॉ0) जयंती रंजन ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की यात्रा के लिए बधाई दी और शारदा विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम की विशेषताओं के बारे में बताया, जिसमें विदेशी भाषाओं और सतत विकास पर आधारित कोर्स शामिल हैं ।प्रो चांसलर वाईके गुप्ता ने नवागत विद्यार्थियों को रचनात्मकता और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया, जबकि चांसलर श्री पीके गुप्ता ने विद्यार्थियों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस पावन अवसर पर शारदा विश्वविद्यालय की समृद्धि और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को नवाचार और तकनीकी दक्षता की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी। पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने अपने प्रभावशाली भाषण में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी

## डेयरी विकास के लिए हो रहा दुग्ध संघों का सुदृढ़ीकरण

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में तेरह करोड़ सैतालिस लाख अठावन हजार मात्र की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि प्रथम किश्त के रूप में स्वीकृत की गई है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, मेरठ, झांसी, जालौन (उरई), हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच तथा गोंडा जिलों के लिए स्वीकृत की गई है। अब इन जिलों में दुग्ध संघों का सुदृढ़ीकरण का काम तेजी से किया जायेगा।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मिला प्रमाण पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के नव निर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को शुक्रवार दिन जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। लोक भवन में आयोजित

- **प्रमुख सचिव सूचना ने वितरित किया प्रमाण पत्र, कहा पत्रकार हितों के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

**समारोह में पत्रकार कल्याण कोष, स्वास्थ्य, पेंशन और लघु व मध्यम समाचार पत्रों के आर्थिक संकट की मांग उठाई गयी**

प्रमाण पत्र वितरण समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, निदेशक शिशिर व मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रहीस सिंह शामिल हुए। प्रमाण पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर प्रमुख



सचिव सूचना संजय प्रसाद ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी और सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने अत्यधिक समय से लंबित पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

प्रमुख सचिव ने कहा कि समिति की जो भी अन्य मांगे हैं उसे सूचीबद्ध कर लिखित रूप से अवगत कराएं। पत्रकारों हितों के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। चुनाव समिति के शरत प्रधानए वीरेन्द्र सक्सेना व सुरेश बहादुर सिंह ने भी सभी निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी और सचिव भारत सिंह ने वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन दिए जाने की मांग रखी। पत्रकार कल्याण कोष की मांग के तहत पत्रकारों के स्वास्थ्य कोष की माँग की गई। समिति के सचिव भारत सिंह ने कहा कि लघु व मध्यम समाचार पत्र आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सरकार उन्हें नियमानुसार विज्ञापन जारी कर आर्थिक संकट से उबरने में मदद करें। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य रूप से समिति के निर्वाचित उपाध्यक्ष आकाश शेखर शर्मा, अविनाश चंद्र मिश्रा, राघवेंद्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी, संयुक्त सचिव विजय कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार सैनी, नीता देवी मिश्रा और कार्यकारिणी सदस्यों में दिलीप सिन्हा, रितेश सिंह, शेखर पंडित, अब्दुल वहीद, नवेद शिकोह, वेद प्रकाश दीक्षित, भूपेंद्र मणि त्रिपाठी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, रेनू निगम, सतेंद्र राय उपस्थित थे। इस समारोह में दो निर्वाचित सदस्य शबीहुल हसन और सुयश मिश्रा शहर से बाहर रहने की वजह से उपस्थित नहीं हो सके, जिनका प्रमाण पत्र सचिव भारत सिंह ने हासिल किया।

# नगर निगम में भवन का नामांतरण शुल्क अब 10 हजार रुपये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम में भवन व संपत्तियों के नामांतरण शुल्क को कम कर दिया गया है। अब किसी भी भवन का नामांतरण 10 हजार रुपये में हो सकेगा। अभी संपत्ति की कीमत का एक प्रतिशत नामांतरण शुल्क लिया जाता है। इस कमी से नगर निगम ने शहरवासियों को बड़ी राहत दी है। सदन में सहमति बनने के बाद शुक्रवार

- **व्यापारियों के विरोध पर लाइसेंस शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव निरस्त**
- **कार्यकारिणी ने जनता हित में लिये गये कई अहम फैसले**

को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यकारिणी ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अब यह प्रस्ताव शासन भेजा जाएगा। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद इसे अगले महीने तक लागू कर दिया जाएगा। इसके अलावा कार्यकारिणी ने निजी उपयोग के लिए पानी के टैंकर लेने पर दरें तय कर दी हैं। अतिक्रमण हटाने के लिए सभी जोनों में ईटीएफ, नए वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव पास किया गया है। व्यापारियों के विरोध के चलते अब कोई लाइसेंस शुल्क न तो बढ़ेगा और न ही नए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर लगाया जाएगा।

महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में बाबू राजकुमार हाल में कार्यकारिणी की बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि गृहकर नामांतरण के लिए शुल्क को कम कर दिया गया है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पुराना मकान, फ्लैट या दुकान खरीदने पर अपने नाम गृहकर कराने पर नगर निगम में संपत्ति की कीमत का एक प्रतिशत नामांतरण शुल्क (म्यूटेशन) लगता है। एलडीए व आवास विकास परिषद में नामांतरण शुल्क 10 हजार रुपये तक कर दिया गया था। लेकिन नगर निगम ने कम नहीं किया था। अब नामांतरण शुल्क कम करने को लेकर उपविधि बनाई जाएगी। पारिवारिक विरासत की संपत्ति का नामांतरण कराने पर पांच हजार रुपये शुल्क देना



होगा। इसी तरह बैनामा से खरीदी गई संपत्तियों में रजिस्ट्री व मालियत जो भी अधिक होता है उसका एक प्रतिशत शुल्क जमा होता है। अब इसे 10 हजार रुपये कर दिया गया है। इस प्रस्ताव को शासन भेजा जाएगा। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद अगले महीने तक लागू कर दिया जाएगा।

**500 रुपये में मिलेगा पेयजल टैंकर :** शहरवासियों को निजी काम के लिए पानी के टैंकर लेने पर निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। जलकल विभाग के प्रस्ताव को कार्यकारिणी ने मंजूरी दे दी। अभी पेयजल टैंकरों की कोई दरें तय नहीं थीं। नगर आयुक्त ने बताया कि पेयजल जलकल विभाग के पास 3500 किली के टैंकर पानी के लिए 500 रुपये 12 घण्टे और 24 घण्टे के लिए 1000 रुपये शुल्क देना होगा। वहीं पार्षद की संस्तुति पर 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि जलकल विभाग के अभी 50 टैंकर हैं। 30 नए स्टील के टैंकर खरीदे जाएंगे। इनकी क्षमता 5 हजार से 10 हजार किली तक होगी।

**अतिक्रमण हटाने को सभी जोनों में तैनात होंगे 25-25 भूतपूर्व सैन्य कर्मी :** शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए सभी जोनों को 25-25 भूतपूर्व सैनिकों की तैनाती की जाएगी। ईटीएफ की तर्ज पर नगर निगम भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती करेगा। यह व्यवस्था 15 अक्टूबर तक की जाएगी। इससे अतिक्रमण हटाने में जोन अधिकारियों को समस्या नहीं होगी। इसके साथ ही जोन में अतिक्रमण हटाने के लिए जोनल अधिकारी को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। वह जोनल अभियंता के साथ समन्वय बनाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करायेगा। महापौर ने केजीएमयू से एक किलोमीटर की रेंज तक व्याप्त अवैध पार्किंग और अवैध अतिक्रमण हटाये जाने एवं यातायात को सुगम बनाने के निर्देश दिए हैं। पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू के प्रस्ताव पर पुराने लखनऊ अंतर्गत अनधिकृत रूप से संचालित हो रहे ई-रिक्शों व उनके चालकों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए।

**व्यापारियों को राहत, नहीं बढ़ेगा लाइसेंस शुल्क :** व्यापारी संगठनों के विरोध के चलते 30 तरह के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का लाइसेंस शुल्क बढ़ाने और 20 तरह के नए प्रतिष्ठानों को लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाने का प्रस्ताव जिसे सदन में सहमति दी गई थी उसे कार्यकारिणी ने स्थगित कर दिया है। अब नगर निगम न तो किसी प्रतिष्ठान पर लाइसेंस शुल्क लगाएगा और न ही शुल्क बढ़ाएगा।

**खुले नाले ढके जायेंगे, जाल लगेंगे :** वजीरगंज में नाले में बच्ची के बहने की घटना को लेकर कार्यकारिणी में चर्चा हुई। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि नालों का सर्वे किया जाएगा। नाले जो खुले हैं उन्हें कवर करने व रिहायशी इलाकों में खुले नालों को कवर करने के निर्देश अभियंताओं को दिया गया है। साथ ही सरकटे नाले के खुले हुए भागों पर जाल लगवाया जाएगा।

**नये वेंडिंग जोन बनेंगे :** शहर में पटरी दुकानदारों की संख्या को बढ़ रही है। इसे देखते हुए दिवाली से पहले नए वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। जोनल अधिकारियों से 25 सितंबर तक रिपोर्ट मांगी है। गोमती नगर में मॉडल वेंडिंग जोन बनकर तैयार है। इसी तरह पेपर मिल कालोनी में टैंपो स्टैंड के पास आधुनिक वेंडिंग जोन बनाया जाएगा।

**डेढ़ करोड़ से स्मार्ट होंगे नगर निगम के छह स्कूल :** नगर निगम के समस्त विद्यालय को राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा की ओर से डेढ़ करोड़ रुपये की अनुदान धनराशि दी गई है। इससे 6 विद्यालयों को स्मार्ट स्क्रीन दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्रत्येक विद्यालय को एक-एक स्मार्ट स्क्रीन दिए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही भविष्य में धन की उपलब्धता होने पर स्मार्ट स्क्रीन की संख्या बढ़ाई जाएगी।

**हेल्थ एटीएम की रिपोर्ट देंगे जोनल :** स्मार्ट सिटी योजना से बनाए गए सभी हेल्थ एटीएम की यथास्थिति परखने, उनकी देखरेख कर सुचारू रूप से संचालन को लेकर निर्देशित किया गया। जोनल अधिकारियों से एटीएम की स्थिति की रिपोर्ट मांगी गई है। जिससे कि आम जन को हेल्थ एटीएम की सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## यह प्रस्ताव भी हुए पास

- **सरस्वती कल्याण मंडप ग्राम मोइनुद्दीनपुर शिव मंदिर नौवा खेड़ा के रखरखाव एवं किराया दर निर्धारण का प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।**
- **नगर आयुक्त की 25 करोड़ रुपये की निधि से नाले नालियों को कवर करने, टूट-फूट पुलिया की मरम्मत जैसे तमाम अहम कार्य होंगे।**
- **मुंशीपुलिया अंतर्गत सीवर की समस्या के निस्तारण के लिए 21 करोड़ खर्च होंगे।**
- **समस्त शमशान घाटों पर व्यवस्थाओं, रेट व अंतिम संस्कार किये जाने की नियमावली इत्यादि के रेट बोर्ड लगाए जाएंगे।**
- **नगर निगम की सीमा में स्वागत और अभिनंदन के लिए प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे।**
- **आईजीआरएस की शिकायत पार्षदों से साझा की जाएगी।**
- **मनकामेश्वर वार्ड के अंतर्गत बंदी माता मंदिर द्वार का निर्माण**
- **मोतीलाल नेहरू चंद्र भानु गुप्त वार्ड अंतर्गत राम कृपा देवी अस्पताल के पास शौचालय बनेगा।**
- **शीतला देवी वार्ड अंतर्गत एलडीए कॉलोनी के पार्क में वीर सपूत चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा लगेगी।**
- **महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड के मुराद अली लेन अलंकार पार्क में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा लगेगी।**
- **आशुतोष टण्डन, अवर अभियन्ता (वि.) का वेतन 20,500 रुपये से बढ़ा कर 45000 प्रति माह किया गया।**
- **मौलवीगंज वार्ड-95 के गंगा प्रसार रोड के किनारे छोटा वेंडिंग जोन बनेगा।**
- **दैवीय आपदा में राहत बचाव कार्य के लिए आपदा मोचक निधि से खरीद सकेंगे उपकरण।**
- **लेबर अड्डों पर टीन शेड लगायेगा निगम**
- **शहर के विभिन्न स्थानों के लेबर अड्डों पर मजदूरों को सहूलियत देने के लिए नगर निगम टीन शेड बनाएगा। यहां मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने को लेकर जोनल अधिकारी को लेबर अड्डों को चिन्हीकरण के लिए निर्देशित किया गया।**
- **छितवापुर रोड पर स्थित नगर निगम स्कूल की जर्जर बिल्डिंग को तोड़कर स्कूल, कल्याण मण्डप, पार्क और अण्डरग्राउण्ड पार्किंग बनवाये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।**
- **मनकामेश्वर मंदिर चौराहे पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा चौराहे का जीर्णोद्धार, नेहरू नगर व बरौलिया में एक-एक ट्यूबवेल।**
- **कुड़ियाघाट पर पूर्व पीएम स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगेगा।**

# लॉयन सिक्योरिटी व नेचर ग्रीन को जांच में क्लीन चिट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर के तीन जोनों में करीब 150 करोड़ रु के कूड़ा प्रबंधन व सफाई का मे. लायन सिक्योरिटी व मे. नेचर ग्रीन (जॉइंट वेंचर में) पर लगाए गए आरोपों में क्लीन चिट दे दी गई है। नगर निगम में सफाई का काम कर रहीं कई कार्यदायी संस्थाओं ने कंपनी के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर टेंडर पाने का आरोप लगाया है। 10 से ज्यादा फर्म मालिकों ने महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह से साक्ष्यों के साथ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। दस्तावेजों के आधार पर आरोप लगाया गया था कि टेंडर पाने के लिए लॉयन सिक्योरिटी ने जाली प्रमाण पत्र लगाए गए हैं। दरअसल, लॉयन सिक्योरिटी

- **सफाई के टेंडर में फर्जी कागज लगाने के आरोप गलत पाये गये**

पहले से नगर निगम में काम कर रही है। इन दौरान यह काफी विवादों में रही है। यहां तक की इसे ब्लैकलिस्ट भी किया जा चुका है। कई बार करोड़ों का जुर्माना भी लगाया गया है। अब इसने दूसरी फर्म मे. नेचर ग्रीन के साथ मिलकर 3 जोन में सफाई के काम टेंडर डाला है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद गाजियाबाद, आईआईटी, बीएचयू, नगर पालिका परिषद लहरपुर की ओर से रिपोर्ट भेजी गई है कि लॉयन के अनुभव प्रमाण पत्र व अन्य प्रपत्र सही हैं। इसी तरह नेचर ग्रीन की ओर से लगाए गए अनुभव प्रमाण पत्र की जांच नगर पालिका भिलाई छत्तीसगढ़, नगर निगम कानपुर, गाजियाबाद, प्रयागराज, खेडगांव नासिक महाराष्ट्र की ओर से भी सही बताए गए हैं। कहीं भी कंपनी को काली सूची में नहीं डाला गया है। नगर निगम लखनऊ के रिकॉर्ड में लॉयन सिक्योरिटी को क्लीन चिट दी गई है। बताया गया है कि लॉयन सिक्योरिटी पर जुर्माना लगाया गया है मगर ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है। आरोपों में मे. नेचर ग्रीन को 6 विभागों से ब्लैक लिस्ट बताया गया था जबकि जांच में कंपनी बेदाग बताई गई है। बता दें कि लॉयन सिक्योरिटी को जोन 2, 5 और 8 में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, सेकेंड्री ट्रांसपोर्टेशन का काम मिला है। इसके अलावा रोड वे स्ट्रीट स्वीपिंग का काम भी कंपनी को दिया जाएगा। नगर आयुक्त ने बताया इस जांच रिपोर्ट को शासन को भेजा जाएगा। इसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी करते हुए कंपनी को टेंडर अवार्ड किया जाएगा।

# शहीद पथ, किसान पथ व ग्रीन कॉरिडोर के दोनों ओर बन सकेंगी ऊंची इमारतें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहीद पथ, किसान पथ व ग्रीन कॉरिडोर के समानांतर मार्ग के दोनों ओर 500-500 मीटर की दूरी पर बहुमंजिला इमारतें बनायी जा सकेंगी। इसके लिए इन तीनों मुख्य मार्ग के प्रभाव क्षेत्र को टीओडी (ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवेलपमेंट) जोन घोषित कर दिया गया है। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेंट को रफ्तार मिलेगी, साथ ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्राधिकरण बोर्ड की 182वीं बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके

- **एलडीए बोर्ड ने टीओडी क्षेत्र को दी मंजूरी**
- **टीओडी क्षेत्र का बनेगा जोनल डेवेलपमेंट प्लान, कंसल्टेंट का होगा चयन**

साथ ही इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के भूखण्डों का नामांतरण व 15 मीटर या उससे अधिक ऊंचे बहुमंजिला भवनों का हर 5 वर्ष में स्ट्रक्चरल ऑडिट कराए जाने का प्रस्ताव बोर्ड ने पास किया है। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बोर्ड में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अभी तक इन मार्गों पर बहुमंजिला भवन के निर्माण में 2.5 का एफएआर ही मिलता है। बोर्ड की ओर से टीओडी क्षेत्र का प्रस्ताव पारित किये जाने से अब इन तीनों मार्ग की 500-500 मीटर दूरी पर विकसित क्षेत्र में 4.0 और अविकसित क्षेत्र में 5.0 एफएआर बनाने की अनुमित मिलेगी। इसमें बेसिक एफएआर से बढ़े हुये एफएआर के लिए क्रय योग्य एफएआर शुल्क देना होगा। हालांकि इससे प्राधिकरण को अतिरिकत आय होगी और कॉरिडोर के दोनों ओर नियोजित विकास सुनिश्चित होगा। इसके अलावा लखनऊ महायोजना-2031 में चिन्हांकित टीओडी क्षेत्र का जोनल डेवेलपमेंट प्लान व प्राधिकरण का जोनल प्लान तैयार करने के लिए कंसल्टेंट का चयन किया जाएगा। जिसके लिए आरएफपी जारी करने के प्रस्ताव को बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार लीज पर दिया जाएगा :** कानपुर रोड योजना में स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार को



आउटसोर्स के माध्यम से संचालन व अनुरक्षण के लिए निजी कंपनी को लीज पर दिया जाएगा। बोर्ड के लिये गये निर्णय के अनुसार इस कार्य के लिए उपाध्यक्ष की स्वीकृति से आरएफपी आमंत्रित की जाएगी। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि सभागार में 2650 सिटिंग क्षमता व 350 सिटिंग क्षमता वाले 02 ऑडिटोरियम, 02 कैन्टीन व बड़ी पार्किंग है। प्राधिकरण ने मई, 2024 में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से सभागार में रिपेयरिंग व रेनोवेशन का कार्य कराया है। भविष्य में इसके अनुरक्षण व बिजली बिल आदि का अत्यधिक व्यय भार प्राधिकरण पर न पड़े, इसके लिए सभागार को लीज पर देकर संचालित कराया जाएगा।

**गोमती नगर में बिजली घर के लिए दिये दो भूखण्ड :** सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि गोमती नगर में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण के लिए लेसा की ओर से जमीन की मांग की गई थी। बोर्ड ने विशेष खण्ड में 764 वर्गमीटर तथा विनम्र खण्ड में 1674.38 वर्गमीटर भूखण्ड विद्युत विभाग को हस्तगत करने का प्रस्ताव पारित किया है। दोनों भूखण्ड 90 वर्ष की लीज पर आवंटित किये जाएंगे।

**शुल्क के रूप में जमा की जाएगी प्रतिभूति राशि :** अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण बोर्ड की 178वीं बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार 200 वर्गमीटर व इससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन निर्माण के लिए सोलर एनर्जी संयंत्र, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व वृक्षारोपण का कार्य अनिवार्य किया गया था। व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू हो सके, इसके लिए प्राधिकरण की ओर से भवन का मानचित्र स्वीकृत करते समय आवेदक से निर्धारित प्रतिभूति राशि एफडीआर के रूप में जमा करवायी जा रही है। इससे मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया में अधिक समय लग रहा है। साथ ही लोगों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बंध में बोर्ड ने प्रस्ताव पास किया है कि प्रतिभूति राशि मानचित्र स्वीकृति व शमनित के समय अन्य शुल्कों के साथ प्राधिकरण कोष में जमा करवायी जा सकेगी। सम्बंधित कार्य पूर्ण होने पर प्रतिभूति धनराशि जारी कर दी जाएगी।

**इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के भूखण्डों का हो सकेगा नामांतरण :** अपर सचिव ने बताया कि वर्तमान में प्राधिकरण की ओर से लखनऊ इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की सम्पत्ति का नामांतरण नहीं किया जा रहा था। अब नामांतरण किए जाने को मंजूरी दी गई है। इसमें ट्रस्ट की ओर से पट्टे पर आवंटित ऐसे भूखण्ड जिनमें निर्धारित वार्षिक किराये में 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करते हुए 30 वर्षों की अवधि के उपरांत 30-30 वर्षीय दो नवीनीकरण किये जाने के अधिकार पट्टाधारक को प्रदान किये गये हैं। ऐसे भूखण्डों में पट्टावधि प्रभावी होने की दशा में नामांतरण की कार्यवाही की जाएगी।

**वेलनेस सिटी योजना के विकास पर खर्च होंगे 1441 करोड़ रुपये :** उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लखनऊ-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित वेलनेस सिटी का विकास 1441.26609 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसमें भूमि अधिग्रहण व विकास कार्यों के लिए शासन की ओर से मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत 40 प्रतिशत धनराशि प्रदान की जाएगी। योजना में आ रही निजी विकासकर्ताओं की 296.843 एकड़ भूमि को इससे अलग करते हुए ग्राम-मस्तेमऊ की भूमि को शामिल किया गया है। अब वेलनेस सिटी के लिए ग्राम-बक्कास, मलूकपुर ढ़कवा, चैरहिया, चैरासी, दुलारमऊ, नूरपुर बेहटा व मस्तेमऊ की 1197.984 एकड़ भूमि अर्जित की जाएगी। अर्जन की कार्यवाही के लिए शहरी क्षेत्र में डीएम सर्किल रेट का दो गुना व ग्रामीण क्षेत्र में चार गुना प्रतिकर दिया जाएगा। इसके अलावा किसानों से सहमति व लैंड पूलिंग के आधार पर भूमि का जुटाव किया जाएगा। इसी तरह आईटी सिटी के लिए ग्राम-बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़ नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली व भटवारा की कुल 1710.2433 एकड़ भूमि जुटायी जाएगी।

**छावनी क्षेत्र से हटाया जाएगा अतिक्रमण :** उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि छावनी क्षेत्र में रानी लक्ष्मी बाई मार्ग पर 18 परिवार अवैध रूप से कब्जा करके निवास कर रहे हैं। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी ने रक्षा भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाकर यहां के अध्यासियों के पुर्न-विस्थापन के सम्बंध में पत्र भेजा है। बोर्ड ने निर्णय लिया है कि अकबर नगर व बटलर पैलेस के अवैध अध्यासियों की तरह छावनी क्षेत्र के इन 18 अवैध अतिक्रमणकताओं को विस्थापन नीति के अंतर्गत बसन्तकुंज व शारदा नगर विस्तार में निर्मित प्रधानमंत्री आवास आवंटित करते हुए इन्हें विस्थापित किया जाएगा।

**बोर्ड सदस्य ने आवास न ढहाने का किया विरोध :** बोर्ड सदस्य पुष्कर शुक्ला ने बैठक में सुझाव दिया कि जमीन अर्जन या समझौते पर लेने में बसी हुई आबादी के लोगों के आवास न गिराए जाएं। लोगों ने दाखिल खारिज कराकर निर्माण कराया उस समय रोका नही गया। अब लंबे समय से रहते चले आ रहे हैं। इसलिए इन भवनों को छोड़ते हुए अर्जन किया जाए। वहीं किसान पथ, आउटर रिंग रोड एवं ग्रीन कारीडोर के दोनों तरफ 500-500 मीटर में टीओडी क्षेत्र घोषित किए जाने पर सहमति जताई है मगर इसका पूरी तरह से पालन हो। जिससे क्षेत्र में कोई अवैध प्लाटिंग या निर्माण न हो। इसके साथ साथ हिंदनगर को एलडीए की अवैध सूची से हटाए जाने को लेकर पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय था कि सुविचारित प्रस्ताव लाकर उसे अवैध सूची से हटाए जाएगा। मगर दो बैठकों में प्रस्ताव न आने एवं नक्शे न पास होने पर नाराजगी व्यक्त की।

## 15 मीटर ऊंचे बहुमंजिला भवनों का हर 5 वर्ष में होगा स्ट्रक्चरल ऑडिट

लखनऊ विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 15 मीटर या उससे अधिक ऊंचे बहुमंजिला भवनों का हर 5 वर्ष में स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। इसके लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण स्ट्रक्चरल इंजीनियर, कंसल्टेंट व फर्म का पैनल गठित करेगा। प्राधिकरण बोर्ड की 182वीं बैठक में इसका प्रस्ताव पास किया गया है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि लोगों की जानमाल की सुरक्षा को देखते हुए बहुमंजिला भवनों का स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट कराया जाना बेहद अनिवार्य है। इस सम्बंध में प्राधिकरण बोर्ड की तरफ से

- **ऑडिट के लिए स्ट्रक्चरल इंजीनियर व कंसल्टेंट का पैनल गठित होगा**

पूर्व में भी प्रस्ताव पारित किया गया है। शुक्रवार को आयोजित बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया है कि प्राधिकरण के स्तर से स्ट्रक्चरल इंजीनियर, कंसल्टेंट, फर्म का पैनल गठित किया जाएगा, जिसकी कार्रवाई जल्द की जाएगी। इस क्रम में विकास क्षेत्र में 15 मीटर या उससे अधिक ऊंचे बहुमंजिला भवनों का हर 5 वर्ष में स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। साथ ही स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट को अग्निशमन विभाग के साथ लिंक किया जाएगा, जिससे कि कार्रवाई को प्रभावी तरीके से प्रचलित किया जा सके।

# सरकारी भूमि का सर्वे व अनधिकृत कब्जों को हटाने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरकारी ग्राम सभा की भूमि का सर्वे व अनधिकृत कब्जों को हटाए जाने एवं ग्राम सभा की भूमि पर अतिक्रमण तथा अवैध निर्माण के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने निर्देशित किया कि सरकारी भूमि पर किये गये ऐसे अतिक्रमण व अनाधिकृत निर्माण जो वृहद स्तर के हों एवं जिनके हटाने से शासन की मंशा के सम्बन्ध में स्पष्ट संदेश जा सके, उन्हें प्रथम वरीयता पर लिया जाये। इसके अतिरिक्त ऐसे अनधिकृत अवैध निर्माण, जिनके सम्बन्ध में नगर निगम, नगर निकाय, प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद एवं लोक निर्माण विभाग इत्यादि विभागों से सक्षम स्तर पर बिना अनुमति व अनुज्ञा प्राप्त किये अथवा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये गये हो, उनके सम्बन्ध में भी प्राथमिकता पर कार्रवाई की जाए। उप जिलाधिकारियों को भू-माफियाओं की ओर से अवैध रूप से कब्जा की गयी जमीन के विरूद्ध की गयी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि सरकारी भूमियों का सर्वे कराते हुए पैमाइश, जीएस मैपिंग व जीरो टेगिंग कराया जाए। तहसील में अवैध अतिक्रमण की सूची तथा यदि अवैध अतिक्रमण नहीं किया गया है तो संबंधित लेखपालों से इसका प्रमाण पत्र लिया जाए। गाटावार सर्वे 15 दिनों में पूर्ण करा लिया जाए। सरकारी व ग्राम सभा के बड़े लैण्ड पार्सल पर हो

- **गाटावार सर्वे 15 दिनों में होगा पूरा, कमिश्नर ने दिए निर्देश**

रहे अनधिकृत कब्जे को रोककर भूमि को सुरक्षित कराया जाए। पक्के अनधिकृत निर्माण नगर निगम हटायेगा। समीक्षा बैठक में बताया गया कि कल्ली पश्चिम गांव में ग्राम सभा की 148.455 हेक्टेयर जमीन में सर्वे का कार्य पूर्ण किया गया जिसमें 62.648 हेक्टेयर रिक्त पाई गई। ग्राम बिरूरा में ग्राम सभा की 13.981 हेक्टेयर जमीन का सर्वे किया गया जिसमें 10.930 हेक्टेयर रिक्त पाई गई। ग्राम सेवई में 18.399 हेक्टेयर जमीन का सर्वे कार्य पूर्ण किया गया जिसमें 3.304 हेक्टेयर रिक्त पाई गई। इसी प्रकार ग्राम निवा में 43.963 हेक्टेयर ग्राम सभा की जमीन रिक्त पाई गई।

# एयरपोर्ट परिसर के 10 किमी के रेडियस में पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीसीएसआई) के सुचारू विमान संचालन के लिए मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में हवाई अड्डा पर्यावरण प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक स्मार्ट सिटी सभागार में हुई। बैठक में एयरपोर्ट परिसर के 10 किलो मीटर के रेडियस में लेजर लाइट एवं पंतग उड़ाने पर प्रतिबन्ध लगाने के निर्देश दिए गए। लखनऊ हवाई अड्डे, एटीसी, लखनऊ विकास प्राधिकरण, यूपी राज्य वन विभाग, नगर-निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। हवाई अड्डे के चारों ओर अवैध निर्माण, अवैध मांस की दुकानें, हवाई यातायात में बाधा डालने वाले पेड़ों, इमारतों, संरचनाओं, हवाई अड्डे के आसपास पानी का ठहराव, साथ ही कचरे का निपटान जो पक्षियों और वन्यजीवों को हवाई अड्डे के करीब आकर्शित करता है, जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सीसीएसआई हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि बताया कि 65 बडे.पेड़ों को एयरपोर्ट के नजदीकी इलाकों में चिन्हित किया गया है, जिनकी कटाई-छटाई की एनओसी वन विभाग में लम्बित है जिस पर मण्डलायुक्त ने मौके पर ही वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को टेलीफोन पर निर्देशित किया। प्रवक्ता ने बताया कि हवाई अड्डे के निकट 06-07 मीट की दुकानें चिन्हित की गई हैं, जिन्हें सुरक्षा के दृष्टिगत हटाया जाना अनिवार्य है, नगर निगम को मीट की दुकानों का संज्ञान लेते हुये तत्काल हटाये जाने के निर्देश दिए। साथ ही नगर-निगम के

- **हवाई यातायात में बाधा वाले ऊंचे पेड़, इमारतें व मांस की दुकानें हटेंगी**

अधिकारियों को निर्देशित किया कि हवाई अड्डे के आस-पास के परिसर में स्ट्रीट डॉग के स्टेरलाइजेशन कराया जाये। हवाई पट्टी के सम्पर्क मार्ग पर पड़ने वाली ऊंची बिल्डिगों पर लगे टावर व सीढ़ियों जिनकी सम्भावना हवाई पट्टी के सम्पर्क मार्ग में अवरोध के रूप में हो सकती है पर मण्डलायुक्त ने सीसीएसआई हवाई अड्डे एवं नगर-निगम की संयुक्त टीम की ओर से निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसके अलावा एयरपोर्ट परिसर के 10 किलो मीटर के रेडियस में लेजर लाइट एवं पंतग उड़ाने पर प्रतिबन्ध लगाये जाने के लिए पुलिस आयुक्त लखनऊ को पत्र भेजा गया है। मण्डलायुक्त ने पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने हवाई अड्डा अधिकारियों को सुरक्षित हवाई अड्डा संचालन के लिए विभिन्न सरकारी विभागों से पूर्ण समर्थन का भी आश्वासन दिया।

# लविवि रोड पर बिजली घर के पास सड़क धंसी

लखनऊ। लविवि रोड पर बिजली घर के सामने सड़क धंस गई। बुधवार को देर रात सड़क में करीब बीस फीट का गड्ढा हो गया। जब सड़क धंसी तब बारिश की वजह से ट्रैफिक भी कम था। लोक निर्माण विभाग की टीम ने

- **पीडब्ल्यूडी व सुएज इंडिया के बीच मरम्मत का काम फंसा**

मौके पर पहुंचकर बताया कि सड़क की निचली सतह में पानी के रिसाव से सड़क धंस गई। टीम के मुताबिक सीवर मरम्मत कार्य होने के बाद सड़क बनाइ जाएगी। वहीं सीवर काम करने वाली कंपनी सुएज की ओर से नगर आयुक्त को पत्र लिखकर कहा गया है यहां सीवर लाइन नहीं है इसलिए कंपनी की ओर से कोई मरम्मत का कार्य नहीं कराया जा रहा है। अधिकारियों ने घटना स्थल पर बैरिकेडिंग करा दिया है। जानकारी के मुताबिक सड़क ठीक होने में कुछ दिन का समय लग सकता है।

इस पर पूर्व में बिजली विभाग की ओर से एचडीडी लाइन डालने के कारण भी सीवर लाइन धंस गयी थी। मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) लोक निर्माण विभाग ने बताया कि जल के रिसाव के कारण ही मिट्टी का कटान हुआ है, जिससे सड़क धंस गयी है। 4



माह पूर्व में अन्य मैनहोल के पास सड़क धंस गयी थी, जिसको ठीक कराया गया था। जलकल विभाग, नगर निगम एवं सुएज इण्डिया की टीम मौके पर पहुंची। पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता भी पहुंचे। बताया गया कि सड़क सुरक्षा एवं मरम्मत का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। जलकल का कार्य पूर्ण होने पर रेस्टोरेशन कार्य कराया जाएगा।

उधर, सुएज इंडिया ने नगर आयुक्त को पत्र लिख कर जानकारी दी है कि लखनऊ यूनिवर्सिटी के सामने धंसी सड़क की जगह पर सीवर लाइन नहीं है। इसलिए सीवर लाइन में जल रिसाव के वजह से सड़क धंसने का मामला नहीं है। पत्र में जानकारी ये भी दी गई है कि चूंकि वहां सीवर संबधी समस्या नहीं है। इसलिए वहां पर सुएज इंडिया की ओर से मरम्मत आदि कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। यह भी बताया गया है घटना की खबर मिलने पर सुएज की टीम ने स्थल पर बैरिकेडिंग करा के सुरक्षा व्यवस्था करी। सड़क धंसने के कारण ट्रैफिक का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। अचानक हुए इस बदलाव के कारण जाम की स्थिति पैदा हो गई है। फिलहाल, आईटी चौराहे से हनुमान सेतु की ओर जाने वाले मार्ग को ही चालू रखा गया है, जबकि यूनिवर्सिटी के गेट नंबर एक से आईटी चौराहे की ओर जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र को पूरी तरह ब्लॉक कर दिया गया है।

## महापौर का व्यापारियों ने जताया आभार

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल ने शुक्रवार को नगर निगम की ओर से प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क के विरोध में एक ज्ञापन महापौर को सौंपा। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि 15 प्रतिशत नगर-निगम और 15.5 प्रतिशत जल संस्थान को कामर्शियल दर से टैक्स व्यापारी देता है। ऐसे में किसी भी वस्तु का व्यापार करने वाले व्यापारी पर लाइसेंस शुल्क लगाना गलत है। इसके बाद कार्यकारिणी की बैठक में इसे रद्द कर दिया गया। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त, उप सभापति गिरीश गुप्ता के साथ सभी पार्षदों को धन्यवाद दिया।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# सीएम का निजी सचिव बताकर ठगी करने वाला गिरफ्तार






- यूपी एसटीएफ ने आजमगढ़ निवासी फारूख अमन को लखनऊ के कमता चौराहा से दबोचा
- गिरोह में शामिल अन्य की तलाश की शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मख्यमंत्री योगी आदत्यिनाथ का निजी सचिव बताकर ठगी करने व ऑन लाइन गेंबलिंग कराने वाले संगठित गिरोह के फारूख अमन सदस्य को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। यूपी एसटीएफ ने बतया कि खुद को मुख्यमंत्री का निजी सचिव करने तथा विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाओं में रूपए लेकर पास कराने का ठेका लेता था।

इस सम्बन्ध में यूपी एसटीएफ की विभिन्न टीमों/इकाईयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में विशाल विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ, यूपी के पर्यवेक्षण मे एसटीएफ मुख्यालय स्थित साइबर टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी थी इसी दौरान मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि मुख्यमंत्री जी के निजी सचिव का प्रतिरूपण करने, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में रुपए लेकर पास कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना का मुख्य सहयोगी फारूख अमन लखनऊ में मौजूद है। उपरोक्त सूचना पर टीम ने फारूख अमन को कमता तिराहा अवध बस स्टैंड के पास लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे उपरोक्त बरामदगी हुई। पूछताछ मे अभियुक्त फारूख ने बताया कि उसकी उम्र 26 वर्ष है तथा कर्नाटक से बी-फार्मा किया है। उसकी वर्ष 2021 से स्टरीमकार लाइव इस्ट्रीम एंड चैट कंपनी में 2 एजेंसी हैं, जिसमें लगभग 125 होस्ट है। फरवरी 2024 में उसकी एक होस्ट ने बताया कि ठाकुर नाम से एक सेंडर है, यह लडकियों को क्वाइन गिफ्ट करता है और रिचार्ज भी कराता है। अगर हम लोग इसको सेट कर लेंगे तो यह हम लोगों से क्वाइन का रिचार्ज खरीदेगा व क्वाइन गिफ्ट करेगा। इस लालच में आकर यह उससे बात किया। तो उसने (ठाकुर) बताया कि वह मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 जी का निजी सचिव है एवं लखनऊ में ही रहता है। एक दिन उसने फारूख से कहा कि तुम्हारा कोई भी काम हो तो मुझे बताना मै करवा दूँगा। किसी भी अधिकारी को फोन कर देता हू तो लोग डर जाते हैं। इसके बाद फारूख ने उससे कहा कि मेरा एक पिस्टल का लाइसेंस बनवा दो। तो उसने बोला डीएम को बोलकर करवा दूंगा। इसके बाद उसने फारूख से कहा मेरी क्वाइन रिचार्ज कर दो। जिस पर फारूख ने उसकी आईडी कम्पनी को भेजकर क्वाइन रिचार्ज करा दिया। कुछ दिन सम्पर्क मे रहने के बाद फारूख को पता चला कि वह अधिकारी नही है। इसके कुछ दिन बाद कथित निजी सचिव को हवाला के माध्यम से कुछ रुपए किसी से लेने थे।

## हत्या के आरोप में पुलिस ने प्रेमिका को भेजा जेल

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र के पासिन ढकवा गाँव नही युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित एक युवती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नेतृत्व में थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम द्वारा, मे पंजीकृत कर अभियुक्ता नीतू उर्फ शिवानी पुत्री मनभरन निवासिनी ग्राम मलूकपुर ढकवा (पासिन ढकवा) थाना सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

पासिन ढकवा के रहने राम खेलावन ने थाने में लिखित शिकायत करते हुए बताया था कि 11सितम्बर की शाम लगभग 6.30 बजे उनका पोता अमित घर से बाहर पेशाब करने गया था। उसी समय एक पुराने मुकदमे को लेकर गाँव के ही रहने वाले शत्रोहन मनभरन रवि रमाशंकर व नीतू उससे गाली गलौज करते हुए लाठी डण्डे व कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी है ।जिसपर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश कर रही थी ।इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फ सिटी अन्जनी कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही थी इसी बीच शुक्रवार को आरोपित युवती नीतू उर्फ शिवानी अपनी माँ सविता के साथ थाने पहुँच गई ।जिसे हिरासत में लेकर पूँछतांछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया ।जिसपर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया ।वही फरार चल रहे अभियुक्तो के बारे में बताया कि उनके विरूद्ध साक्ष्य संकलन करने के बाद ही कोई कार्यवाही की जायेगी।

# बीच सड़क पर पति-पत्नी के बीच हाई-वोल्टेज ड्रामा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जानकीपुरम इलाके की रहने वाली एक महिला 4 दिन पहले घर से भाग गई थी। महिला का पति उसकी तलाश कर रहा था। शुक्रवार को लखनऊ के अवध बस स्टैंड के पास पत्नी को देख लिया। उसे पकड़ा और घर चलने के लिए कहा तो पत्नी ने सड़क पर ही हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया। घटना शुक्रवार शाम करीब 4 बजे की है। पति ने पकड़ा तो वह पत्थर चलाने लगी। गालियां देते हुए बोली- 'मैं तेरी गुलाम नहीं हूं। रखना है तो ढ़ंग से रख। तेरी और तेरे परिवार से मार खाने के लिए शादी नहीं की हूं' ।इतना ही नहीं पत्नी बोली- तू गर्ल्स स्मगलर गैंग का सदस्य है। पुलिस के सामने तेरी पोल पट्टी खोल दूंगी। पति बार-बार हाथ पकड़कर पत्नी को कार में बैठा रहा था। पत्नी जाने से इनकार कर रही थी। दोनों के बीच जमकर हाथापाई हुई। करीब 100 की संख्या में राहगीर और हाई कोर्ट के वकील पहुंच गए। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। दोनों को चिनहट थाने ले जाया गया है। पति ने बताया कि गुडंबा थाना क्षेत्र के जानकीपुरम सेक्टर-एच में हम लोग साथ में रहते थे। चार दिन पहले बिना बताए घर से भाग गईं। हमने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मैं इसे खोज रहा था। घर चलने को कहा तो हंगामा करने लगी। बताया जा रहा है कि घर में 4 साल का बच्चा है। वह मां के लिए रो रहा है। मैं एक दुकान चलाता हूं। ऐसे हाल में मैं अपने बच्चे को संभालूं या दुकान देखूं, ये सोचकर परेशान हूं। वहीं, महिला ने बताया कि मेरे पति और सास ससुर मेरे साथ मारपीट करते हैं। मैंने लंबे समय तक प्रताड़ना को बर्दाश्त किया, लेकिन अब मैं तंग आ चुकी हूं। घर छोड़ने के अलावा मेरे पास कोई रास्ता नहीं है।

## बदले गये दो पीसीएस अफसर

**लखनऊ।** डीजीपी ने दो पीपीएस अफसरों के तबादले किए है। जिसमें से बलवंत चौधरी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अयोध्या और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गाजीपुर बनाए गए है ।डीजीपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक बदले गए दोनो पुलिस अधिकारियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण के निर्देश दिए गए।

# अपनी भाषा के बिना संस्कृति की रक्षा नहीं हो सकती : प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम, लखनऊ (हिन्दी विभाग) के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में राजभाषा हिंदीः पुनर्विचार विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, अति विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्याबिन्दु सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रो. हरिशंकर मिश्र,कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. रमेश चन्द्र वर्मा, भाषा संस्थान के प्रभारी दिनेश कुमार मिश्र, अंजू सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रश्मि शील तथा हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ. सुरंगमा यादव ने विद्या और ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर संयुक्त रूप से किया। तत्पश्चात मनीषा अवस्थी, दृष्टि चौरसिया, मुस्कान राठौर तथा सलोनी प्रजापति ने भावपूर्ण स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें हिन्दी दिवस के स्थान पर राजभाषा दिवस कहना चाहिए। हिंदी को राजभाषा बने 75 वर्ष पूरे हो गए, अतः आज हम राजाभाषा का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी 75 वर्ष से संघर्षरत हैं, अतः अब ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे हिंदी को पूरे देश में लागू किया जा सके। इसके साथ- साथ स्वतंत्र भाषा मंत्रालय, भारतीय भाषा विश्वविद्यालय की स्थापना तथा स्नातकोत्तर स्तर पर पाठ्यक्रम में तुलनात्मक भाषा पाठ्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। अति विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. विद्याबिन्दु सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदी भाषा के अनेक रूप हैं, अनेक बोलियाँ हैं, उसने अनेक भाषाओं के बीच अपनी प्रतिष्ठा को बनाया है। हिंदी का भविष्य उज्ज्वल है, हिंदी का सूर्य कभी अस्त नहीं होता, क्योंकि हिंदी को बोलने वाले विश्व के कोने - कोने में बसे हुए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन कार्यों में हिंदी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए तथा न्यायालय की भाषा के रूप में भी हिंदी को प्रतिष्ठा मिलनी चाहिए।

# बारावफात और विश्वकर्मा जयंती पर किए जायें सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

## डीजीपी ने प्रदेश भर के अफसरों को दिए निर्देश,कहा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर हो कड़ी चेकिंग

- पड़ने न दी जाए कोई नयी परम्परा, की जाये कड़ी कार्रवाई : डीजीपी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बारावफात एवं विश्वकर्मा जयन्ती पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रदेश के सभी पुलिस अफसरों को अलर्ट करते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ वाले स्थानों की कड़ी चेकिंग के निर्देश दिए है।

डीजीपी प्रशान्त कुमार ने प्रदेश के सभी एडीजी जोन और आईजी रेंज तथा पुलिस कमिश्नर और पुलिस कप्तानों से कहा है कि आगामी त्यौहार बारावफात एवं विश्वकर्मा जयन्ती पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए ।विगत वर्षों में जिन - जिन स्थानों पर किसी प्रकार का विवाद परिलक्षित हुआ हो वहाँ पुलिस एवं राजस्व विभाग के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्थिति का अध्ययन कर विवाद को दूर करने की कड़ी कार्रवाई की जाये ।डीजीपी ने कहा कि प्रत्येक थाने पर उपलब्ध त्यौहार रजिस्टर तथा रजिस्टर नं0-8 में उपलब्ध प्रविष्टियों का अध्ययन कर लिया जाय तथा जुलूस आदि के नये रास्ते और नई परम्परा की अनुमति कदापि न दी जाय। असामाजिक और अवांछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक करते हुए तत्काल निरोधात्मक कार्रवाई की जाये ।डीजीपी ने कहा है कि जुलूस व अन्य आयोजन और कार्यक्रमो को सूचीबद्ध कर कार्यक्रम के आयोजकों और प्रबन्धकों के साथ गोष्ठी कर ली जाये तथा पीस कमेटी की मीटिंग कराते हुए सभी सामाजिक एवं धर्मगुरुओं आदि से संवाद कर व्यवस्था बनाये रखने हेतु सहयोग लिया जाये ।डीजीपी ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में प्रातः काल गश्त और चेकिंग हेतु पोस्टर पार्टी नियमित रवाना की जाये तथा प्रातः कालीन गश्त और चेकिंग सघन रूप से चेकिंग की जाये ।डीजीपी ने कहा कि शोभायात्रा और जुलूस के दौरान वीडियोग्राफी करायी जाये। सीसीटीवी कैमरो को सक्रिय कर लिया जाये तथा ड्रोन कैमरो से निगरानी की जाये ।जुलूसों में सुरक्षा को लेकर योजनाबद्ध तरीके से पुलिस प्रबन्ध किए जाये । जुलूस में बाक्स फार्मेट में चारों तरफ आगे पीछे व दोनों तरफ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाय ।

जुलूस के आगे - पीछे राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी लगायी जाये ।डीजीपी ने कहा कि थानाध्यक्षों और क्षेत्राधिकारियों द्वारा प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर कड़ी कार्रवाई की जाये ।इसके अलावा सार्वजनिक स्थल यथा बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन तथा संवेदनशील स्थानों की प्रभावी चेकिंग कराई जाये ।बैरियर एवं पुलिस चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कराई जाये तथा यातायात व्यवस्था कदापि बाधित न हो इसका ध्यान रखा जाये ।डीजीपी ने कहा कि असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उन पर सतर्क दृष्टि रखी जाये तथा निरोधात्मक कार्रवाई की जाये । सार्वजनिक भीड़ - भाड़ वाले स्थानों और कार्यक्रमों तथा जुलूसों में पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मियों को सादी वर्दी में डियूटी लगायी जाये तथा उन्हें विधिवत ब्रीफ किया जाये ।डीजीपी ने कहा कि स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क कर दिया जाये एवं लाभप्रद सूचनाओं के आधार पर समय से कड़ी कार्रवाई की जाए ।इसके अलावा जिले के संवेदनशील क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर मोबाइल और फुट पेट्रोलिंग करायी जाये ।डीजीपी ने कहा कि विसर्जन शोभायात्राओं और जुलूसों में सुरक्षा के लिये पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किया जाये ।संवेदनशील स्थानों और चौराहो सीसीटीवी कैमरों को लगाया जाए ।सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जाये। भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट को तत्काल संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## डीजीपी प्रशांत कुमार को मिलेगा उच्चतम वेतनमान

लखनऊ। राज्य सरकार ने डीजीपी प्रशांत कुमार को उच्चतम वेतनमान देने का निर्णय लिया है। यह वेतनमान डीजीपी को प्रदान किया जाता है। इससे पहले कार्यवाहक डीजीपी रहे डीएस चौहान को भी इसका लाभ दिया गया था। गौरतलब है कि प्रशांत कुमार को राज्य सरकार ने बीती 31 जनवरी को कार्यवाहक डीजीपी बनाया था जिसके बाद उन्हें उच्चतम वेतनमान देने का निर्णय भी लिया है। इससे पहले कार्यवाहक डीजीपी डीएस चौहान को सेवानिवृत्त होने से महज एक दिन पहले डीजीपी का वेतनमान देने का आदेश जारी किया गया था।

## दो कैदियों की इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ।** राजधानी के गोसाईंगंज स्थित जेल में अलग अलग मामलों में सजा काट रहे दो कैदियों की इलाज के दौरान मौत हो गई। मोहनलालगंज के सिसेंडी के रहने वाले अंगनू रावत 60 को मोहनलालगंज वर्ष 2015 में बलात्कार के मामले में जेल भेजा था ।सजा काट रहा अंगनू जेल में बीमार हो गया था तो उसे इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल भेजा गया था।

# ईद-ए-जहरा से लौटी शियाओं में खुशियां सुर्ख लिबास पहने और मुबारकबाद दी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कर्बला के शहीदों के सवा दो महीने तक चले गम के बाद शुक्रवार को शिया समुदाय ने ईद-ए-जहरा का पर्व खुशियों के साथ मनाया।

शियों ने नये कपड़े पहने और जगह-जगह महफिलों का आयोजन करके ईदे जहरा का जश्न मनाया। लोगों ने एक-दूसरे को ईद-ए-जहरा की मुबारकबाद भी दी। शियों ने खुश रंग विशेषकर लाल लिबास पहने तथा घरों में महिलाओं ने तरह-तरह के पकवान बनाये और एक दूसरे के घर जाकर ईद-ए-जहरा की मुबारकबाद दी और मिठाइयां बांटीं। मोहर्रम का चांद दिखते ही शिया समुदाय के लोगों ने काले वस्त्र धारण कर लिये थे। इस दौरान किसी ने न तो खुशी मनाई और न ही खुशी के किसी कार्यक्रम में शरीक हुए। अजाखाने कनीज-ए-जहरा हसन पुरिया में जश्न ईद-ए-जहरा का आयोजन किया गया।

मौलाना अब्बास इरशाद ने महफिल को खिताब किया और ईद-ए-जहरा की फजीलत बयान की। इसके बाद मौलाना बिलाल काजमी, फरीद मुस्तफा, शान आब्दी, तैयब अब्बास, अब्बास मेहंदी और फराज जाफर ने ईद कलाम पेश किए। हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत के बाद उनके बीमार बेटे हजरत इमाम जैनुल आबदीन और बहन शहजादी जनाबे जैनब के चेहरों पर आज के दिन मुस्कुराहट आयी थी। पुराने शहर के हसन पुरिया, नूरबाड़ी, कश्मीरी मोहल्ला, काजमैन, रूस्तमनगर, टापे वाली गली, मैदान एलएचखां, तोप दरवाजा, शर्गा पार्क, मौला नगरी, गोलगंज, हुसैनाबाद, वजीरगंज, सरफराजगंज, बुनियादबाग, रईस मंजिल, शरीफ मंजिल, जनाब वाली गली, -शीशमहल, दरगाह रोड, मफ्तीगंज, अंगूरीबाग, मुसाहबगंज और नैपियर रोड में लोग लाल-पीले रंग के लिबास पहने जश्न मनाते नजर आये। ईद-ए-जहरा पर पुराने शहर के बाजारों में काफी रौनक रही। लाल-गुलाबी और खुश रंग लिबासों की खरीदारी की। इसके अलावा जूता-चप्पल आदि खासकर चूड़ियां और श्रृंगार के सामानों की काफी खरीदारी की गयी।

# मीनू ठाकुर के नृत्य से सजी अवध की शाम

- एसएनए में भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद की ओर से हुआ आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** क्षितिज श्रृंखला में लखनऊ के कलाप्रेमियों को कुचीपुड़ी नृत्य देखने का अवसर मिला। शुक्रवार को भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद और संगीत नाटक अकादमी ने मीनू ठाकुर के नृत्य से सराबोर संध्या सजायी। नृत्य शिरोमणि मीनू ठाकुर के नृत्य का कार्यक्रम वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित किया गया। देश विदेश में ख्यामित बटोर चुकी मीनू ठाकुर ने अपने कार्यक्रम का आगाज गणेश वन्दना राग हंसवाणी से शुरू किया। इसके बाद उन्होंने रावण मंदोदरी शब्दम, राग मोहन ताल आदि में पेश किया। अगली प्रस्तुति भामकलापम की पेशकश राग व ताल मलिका में पेश किया। मीनू ठाकुर ने कार्यक्रम का समापन राग मोहनम ताल में तरंगम के जरिये किया। उनकी सभी प्रस्तुतियों का दर्शकों ने भरपूर आनन्द लिया। नृत्य शिरोमणि विदुषी मीनू ठाकुर भारत की अग्रणी कुचिपुड़ी नृत्य कलाकारों में से एक है। मीनू ठाकुर ने अपनी कला का प्रदर्शन देश व विदेश के विभिन्न मंचो पर अनवरत रूप से करके ख्याति अर्जित की है साथ ही आप को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त है। मीनू ठाकुर भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् की सूचिबद्ध कलाकार है।

## गोशालाओं की व्यवस्था पर हाईकोर्ट ने मांगा विस्तृत जवाब

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में गोशालाओं की व्यवस्था पर विस्तृत जवाब मांगा है। न्यायालय ने इस सम्बन्ध में निदेशक, पशुपालन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित रहने को कहा है। न्यायालय ने यह भी पूछा है कि 30 रुपये प्रतिदिन में गौशाला के मवेशियों जिनमें मुख्यतः गायें हैं, उन्हें क्या खिलाया जाता है। मामले की अगली सुनवाई 25 सितम्बर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अर्चना सिंह तोमर की जनहित याचिका पर पारित किया। न्यायालय ने यह भी पूछा है कि क्या हाल में कोई सर्वेक्षण इत्यादि हुआ है, जिससे पता चल सके कि गांवों में कितने चारागाह बचे हैं, क्या वे अब भी अपने पुराने स्वरूप में बचे हैं, या कुछ क्षेत्र कम हुआ है अथवा पूरी तरह से गायब हो गए हैं। वहीं गोशाला के प्रश्न पर राज्य सरकार के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि फिलहाल 605 गोशालाएं क्रियाशील हैं जिनमें प्रत्येक मवेशी के चारे के लिए 30 रुपये प्रतिदिन दिया जाता है। इस पर न्यायालय ने पूछा कि 30 रुपये में क्या खिलाया जाता है। न्यायालय ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि इन गोशालाओं को चलाने का क्या मैकेनिज्म है और इसमें कितने लोगों को नियुक्त किया गया है।

# परिवर्तिनी एकादशी आज, भक्त करेंगे श्रीहरि की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** परिवर्तिनी एकादशी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को कहा जाता है। इस साल परिवर्तिनी एकादशी का व्रत 14 सितंबर शनिवार को रखा जाएगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा करने और व्रत करने से आपको सभी पापों से मुक्ति मिलने के साथ ही मोक्ष की भी प्राप्ति होती है। परिवर्तिनी एकादशी का महत्व इसलिए भी खास माना जाता है, क्योंकि मान्यता के अनुसार इस तिथि पर भगवान विष्णु पाताललोक में चातुर्मास की योग निद्रा के दौरान करवट बदलते हैं। इसलिए इसे परिवर्तिनी एकादशी कहते हैं। परिवर्तिनी एकादशी को जलझूलनी एकादशी और पद्मा एकादशी भी कहा जाता है।

**परिवर्तनी एकादशी व्रत पर शुभ योगः** पंचांग के मुताबिक परिवर्तनी एकादशी पर रवि योग सुबह 06 बजकर 10 से रात्रि 08 बदकर 31 तक रहेगा। वहीं इसके बाद सर्वार्थ सिद्धि योग शुरू हो जाएगा। साथ ही इस दिन उत्तराषाढ नक्षत्र और शोभन योग का निर्माण हो रहा है, जिन्हें ज्योतिष में बेहद शुभ माना जाता है। इसलिए इन योगों में आप पूजा कर सकते हैं। वहीं परिवर्तनी एकादशी के दिन विष्णु सहस्त्रनाम, श्री सूक्त आदि का जाप करें। साथ ही परिवर्तिनी एकादशी की कथा सुनें और जरूरतमंदों को दान करें।

**परिवर्तिनी एकादशी का शुभ मुहूर्तः** परिवर्तिनी एकादशी तिथि का आरंभ 13 सितंबर शुक्रवार को रात 10 बजकर 30 मिनट से होगा और और यह 14 सितंबर शनिवार को रात 8 बजकर 41 मिनट पर समाप्त होगी। इसलिए उदया तिथि की मान्यता के अनुसार परिवर्तिनी एकादशी का व्रत 14 सितंबर को रखा जाएगा। जबकि 15 सितंबर को सुबह 6 बजकर 6 मिनट से सुबह 8 बजकर 34 मिनट तक पारण करने का मुहूर्त है।

**परिवर्तिनी एकादशी का महत्वः** परिवर्तिनी एकादशी के दिन व्रत करने से व्रती के जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं और उनको अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन स्नान दान करने का भी विशेष महत्व माना जाता है। एकादशी के व्रत को करने से भगवान विष्णु आपके आर्थिक कष्ट दूर करते हैं और आपके घर को सुख समृद्धि से भर देते हैं। इस व्रत करने वालों को भगवान सांसारिक जीवन के बाद अपने चरणों में स्थान देते हैं। इस साल परिवर्तिनी एकादशी के दिन रवि योग शुभ संयोग भी बना है। इस शुभ योग में व्रत की पूजा करने से आपको हर कार्य में मनचाहा फल प्राप्त होता है।

**परिवर्तिनी एकादशी की पूजा विधि :** परिवर्तिनी एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर सूर्योदय के वक्त स्नान करके सूर्य को जल देकर अपने दिन का आरंभ करें और फिर व्रत करने का संकल्प लें। उसके बाद लकड़ी की चौकी पर पीला या लाल कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित कर लें और उसके बाद भगवान का पंचामृत से अभिषेक करें। पूजा करें और उसके बाद व्रत रखने का संकल्प करें। अब विष्णु भगवान को पीले फल, पीले फूल चढ़ाएं और साथ ही धूप, दीप और नैवेद्य आदि अर्पित करें। इसके बाद एकादशी की कथा का पाठ करें। सबसे अंत भगवान विष्धु की आरती करें।

# गरबा और लावणी प्रतियोगिता में महिलाओं ने मारी बाजी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के आलमबाग होटल शालीमार गेटवे में शुक्रवार को अंश वेलफेयर फाउंडेशन एवं संगिनी द्वारा गरबा एवं लावणी प्रतियोगिता का आयोजन संस्था की संस्थापक श्रद्धा सक्सेना के द्वारा किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने गरबा लावणी नृत्य का जमकर आनंद लिया। इस मौके पर आयोजक श्रद्धा सक्सेना ने बताया कि बेस्ट नाथ प्रतियोगिता में मोनिका वर्मा सुधा त्रिपाठी बेस्ट हेयर स्टाइल में प्रीति श्रीवास्तव बेस्ट ड्रेस में अंजू पांडे रीना बेस्ट ज्वेलरी में शालू मालती सिंह, बेस्ट बिंदी में माया नीलम ने खिताब जीता। भाजपा की श्वेता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरूआत मधु झा चंद मिश्रा सोनिका रस्तोगी के गणपति भजन के साथ सभी महिलाओं ने गरबा और लावणी के डांस परफॉर्मेंस दिए रीना शालू सरिता अनीता ने अपने नृत्य से सभी का मन मोह लिया।

## सूचना

मैं निखिल अग्रहरि पुत्र राजेन्द्र प्रसाद अग्रहरि ग्राम मझवारा पोस्ट मायंग जिला सुल्तानपुर निवासी हूँ मेरे नाम से एलणआईण्सीण्की पॉलसी हुई हैं जिसकी पॉलसी संख्या 214377930 हैं जिसमें मेरा नाम शिवांश अग्रहरि हो गया है। जबकि आधार कार्ड एव पैन कार्ड बैकं पासबुक में निखिल अग्रहरि हैं। दोनो नाम एक ही ब्यक्ति का हैं जबकि वास्तविक नाम निखिल अग्रहरि हैं।



गणेश उत्सव के सातवें दिन बप्पा का सिंदुराभिषेक करते श्रद्धालु



भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन करते भक्तगण



सिंदुराभिषेक में भाग लेती महिलाएं

फोटो-समीर भटनागर

# भगवान गणेश के सहस्त्र नामों के साथ हुआ सिंदूराभिषेक, गूंजे जयकारे

## गणेश उत्सव के सातवें दिन बप्पा के सिंदूराभिषेक संग पूजा पंडाल में श्री रानी सती दादी जी की महिमा पर नृत्य नाटिका का हुआ मंचन





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। सभी विघ्नहर्ता की आराधना में लीन है। घरों से लेकर पंडालों तक में भक्त अपने आराध्य के पूजन-अर्चन में मगन हैं। गणेश पूजा पंडालों में आज सुबह सिंगार आरती महामृत्युंजय का जाप, सिंदुराभिषेक, सहस्त्रनाम पाठ, शाम को महाआरती के बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया। लोग परिवार समेत पंडालों में गजानन के दर्शनों के लिए देर शाम तक आ रहे हैं। वहीं शुक्रवार को भी कई जगहों पर गणपति प्रतिमा का विसर्जन भी किया गया। राजधानी में गणपति पंडालों में रौनक देखते ही बन रही है।

### सिन्दूराभिषेक संग नृत्य नाटिका का मंचन

श्री गणेश प्राकट्य कमेटी के तत्वावधान में झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु के पास चल रहे 19 वां मनौतियों के राजा का गणेशोत्सव के सातवें दिन शुक्रवार को सुबह मनौतियों के राजा के समक्ष सिन्दूराभिषेक की विशेष पूजा हुई। जो आकर्षण का केन्द्र बनी रही। इस पूजा में भक्तों ने बारी बारी से बप्पा को सिन्दूर लगाकर अभिषेक किया। बाद में भक्तों ने सिन्दूर को अपने माथे में लगाया। अयोध्या और बनारस से आये आचार्यो ने पूरे विधिविधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश के सहस्त्र नामों के साथ सिन्दूराभिषेक पूजन सम्पन्न कराया। श्रद्धालु अभिषेक करने के समय एक ही स्वर निकल रहा था जो सिन्दूर से करते है अभिषेक, श्री गणेश उनपर कृपा करते है अनेक। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि भगवान गणेश को सिन्दूराभिषेक करने से घर परिवार में सुख समृद्धि आती है। अभिषेक करने वालों में कमेटी के घनश्यामदास अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, संजय सिंह गांधी, जयकरण सिंह, पार्षद रंजीत सिंह, शरद अग्रवाल, योगेश बंसल, अतुल बंसल, अखिलेश बंसल, रामशंकर वर्मा, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम आदि लोग अपने पूरे परिवार के साथ बप्पा के दरबार पहुंचे। इसके अलावा बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान गणेश को सिन्दूर से अभिषेक किया। शाम को कोलकाता के संजय शर्मा के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुये। नारी स्वाभिमान की रक्षा करने वाली श्री रानी सती दादी जी की महिमा पर एक नृत्य नाटिका के माध्यम से दिखाया गया। इसमें दिखाया कि कृष्ण प्रेम में डूबी कर्मा बाई जिन्होंने ठाकुर जी को अपने हाथों से भोजन करवाया। नाटिका मंचन के दौरान बप्पा का दरबार रानी सती दादी के जयकारों से गूंज उठा। भजनों की गंगा को बहाते हुये संजय शर्मा ने भजन जो गणपति के दर आए उन्हें चढ़ता ऐसा सुरूर है, उसके बाद मेरे दिल में बस तू ही तू बसा है..., मनौतियों के राजा के पंडाल के बाहर लगे मेले मे महिला एवं बच्चों के लिए विशेष प्रकार के झूले लगाए गए हैं। इसके अलावा फूड जोन, किड्स जोन, गेम जोन, शापिंग जोन, लाइव प्रोग्राम नृत्य नाटिका एवं भजन, सिंगर सेलेब्रिटी मुख्य आकर्षण है। महामंत्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि श्रंगार एवं आरती प्रतिदिन प्रातः 10 बजे एवं सायं 6:00 बजे होगी। इसमें सभी श्रद्धालु भाग ले सकते हैं। इसके अलावा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे एवं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक तक मनौतियों के राजा के दर्शन होंगे। विगत वर्षो की भांति इस बार भी मनोतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6:00 बजे तक श्रद्धालु लिख सकते हैं।

**मुंबई की तर्ज पर की गई स्थापनाः** दरअसल झूलेलाल वाटिका में मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर की तर्ज पर ही मूर्ति की स्थापित की गई है। खास बात यह है कि यहां पर गौरी पुत्र गणेश को मनौतियों के राजा का नाम दिया गया है। यानी जो सभी की मनोकामना को पूर्ण करते हैं। इस बार झूलेलाल वाटिका में श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से भक्तों के लिए बड़ी संख्या में चिट्ठियां रखी गई हैं। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि इस बार गणपति बप्पा का जो पंडाल बनाया गया है इसे साउथ इंडियन का टच दिया गया है। इसके अलावा मंदिर का पूरा पंडाल वाटरप्रूफ है। बप्पा की मूर्ति 8 फीट की है। एक महल का रूप इस पूरे पंडाल को दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले भी यहां पत्र रखे जाते थे और लोग प्रतिदिन 5000 पत्र उनके नाम लिखते थे, इसलिए इस बार पूरा बॉक्स लगा दिया गया है, जिसमें पत्र लिखकर लोग डाल देंगे और सभी पत्रों को विसर्जित अंतिम दिन कर दिया जाएगा।

**बप्पा को भक्त लिख रहे चिट्ठी, पूरी होगी मनोकामनाः** गणेश चतुर्थी पर्व की शुरूआत हो गई है। विघ्नहर्ता गणेश देवा की स्थापना सभी घरों में हो चुकी है। अपने बप्पा को लोग अपने-अपने घर लेकर आ चुके हैं। इसी बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में झूलेलाल वाटिका का गणेश उत्सव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह यह है कि यहां पर एक बॉक्स लगाया गया है। इस बक्से के पास पत्र रखे हुए हैं, जिसमें 108 बार गणपति का मंत्र लिखने के बाद उसके नीचे भक्त अपनी मनोकामना लिखकर उसे बॉक्स में डाल सकते हैं। यह पत्र पूरी तरह से फ्री है। भक्तों की मनोकामना के इस पत्र को अंतिम दिन गणेश भगवान के साथ ही विसर्जित कर दिया जाता है। चिट्ठी, पेन और बॉक्स सब कुछ कमेटी की ओर से पंडाल में रखा गया है।

**भक्तों ने किया महामृत्युंजय का जप व सहस्त्रनाम पाठः** लाटूश रोड स्थित शिवाजी मार्ग पर ऑस्कर योग साईं कृपा केंद्र सेवा संस्थान के तत्वाधान में श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। महोत्सव में सातवें दिन शुक्रवार को गणपति महाराज का श्रृंगार करने के बाद आरती का आयोजन किया गया। इसके बाद महामृत्युंजय जाप और सहस्त्रनाम पाठ महा आरती के बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

### मेरे गणपति महाराज गजानन मेहर करो...



**लखनऊ।** महानगर स्थित दिनेश मेघदूत अग्रवाल के निजी निवास पर सात दिवसीय गणपति उत्सव का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया।

सातवें दिन गोंडा से आए भजन गायक पंकज निगम ने गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया... घर में पधारो गजानन..., मेरी भक्ति में रंग भर जाओ..., मेरे सरकार आए हैं... यह चमक यह दमक भजनों की हाजरी लगाई। वहां उपस्थित दिनेश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, शुभम, यशवी, सीमा, जया, कविता साहू, रवीना, रीता, ममता, सुषमा श्री गणेश के सामने झूमते नाचते भक्ति में सराबोर दिखाई दिए।

## गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा, हुआ विसर्जन





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गणेश उत्सव में शुक्रवार को भी भक्तों ने घरों में विराजे गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान गणपति को हाथों में लिए अबीर-गुलाल उड़ाते और ढोल-ताशों पर नाचते हुए श्री गणेश को विदा करने आए। झूलेलाल वाटिका स्थित बने गणेश विसर्जन स्थल पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों की आंखें भी नम हो गईं। विसर्जन के लिए निगम द्वारा यहां पर विशेष तौर पर गड्ढा बनाया गया था। इस दौरान सुरक्षा के पूरे इंतजाम थे।

पल्टन छावनी सेक्टर ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे सात दिवसीय चतुर्थ श्रीगणेश उत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। सातवें दिन पं. शाश्वत पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार संग पूजन, हवन व आरती कराई। कन्या पूजन व प्रसाद वितरण के पश्चात शोभायात्रा निकाली गई। गुलाल से सराबोर विघ्नहर्ता की भक्ति में डूबे भक्त झूमते हुए नजर आए।

इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, मड़ियांव, भिठौली, बीकेटी सहित विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई शोभायात्रा मां चंद्रिका देवी मंदिर पहुंची। जहां भक्तों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना... के जयकारों संग गोमती नदी में मूर्ति विसर्जित की। इस मौके पर श्रीकृष्ण कुशवाहा, संगीता, श्रिया, कोमल पाल, संध्या, पूजा, अजय कुशवाहा, राजकुमार, कुलदीप, मनीष, विजय, महिपाल सिंह, शम्भू शरण वर्मा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद थे। कुड़ियाघाट पर गणिपति बप्पा मोरिया की गूंज के साथ प्रतिमा को विसर्जित किया गया। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में राजा अवस्थी, आलोक निगम, गोपाल निगम, संध्या मिश्रा, नीलिम निगम, चुनचुन, बिटोला, मनोज वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल थे। गणेश उत्सव के दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ों से लेकर बच्चो ने उत्साह से शामिल हुए। अंतिम दिन सांस्कर्तिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।





# रवि प्रदोष व्रत कल, सुकर्मा योग का हो रहा है निर्माण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** वैदिक पंचांग के अनुसार, 15 सितंबर को प्रदोष व्रत है। रविवार के दिन पड़ने के चलते यह रवि प्रदोष व्रत कहलाएगा। यह पर्व हर पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है।

इस दिन देवों के देव महादेव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही शिव-शक्ति के निमित्त प्रदोष व्रत रखा जाता है। रवि प्रदोष व्रत करने से करियर और कारोबार को नया आयाम मिलता है। साथ ही साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। ज्योतिषियों की मानें तो रवि प्रदोष व्रत पर दुर्लभ सुकर्मा योग का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा, कई अन्य मंगलकारी शुभ योग भी बन रहे हैं। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

**प्रदोष व्रत शुभ मुहूर्त :** भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 15 अगस्त को देर रात 01 बजकर 42 मिनट पर शुरू होगी और 16 सितंबर को देर रात 12 बजकर 19 मिनट पर समाप्त होगी। त्रयोदशी तिथि पर भगवान शिव की पूजा प्रदोष काल में होती है। इसके लिए 15 सितंबर को रवि प्रदोष व्रत मनाया जाएगा। रवि प्रदोष व्रत पर पूजा हेतु शुभ समय संध्याकाल 06 बजकर 26 मिनट से रात 08 बजकर 46 मिनट तक है।

**प्रदोष व्रत पर शुभ योग :** ज्योतिषियों की मानें तो रवि प्रदोष व्रत पर सुकर्मा योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण 15 सितंबर को दोपहर 03 बजकर 15 मिनट से हो रहा है। वहीं, सुकर्मा योग का समापन 16 सितंबर को सुबह 11 बजकर 42 मिनट पर होगा।

**शिववास योग :** रवि प्रदोष व्रत पर शिववास योग का भी संयोग बन रहा है। भगवान शिव शाम 06 बजकर 12 मिनट तक कैलाश पर विराजमान रहेंगे। इसके बाद नंदी पर सवार होंगे। इस दौरान भगवान शिव की पूजा-अभिषेक करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है।

**करण योगः** भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर बव, बालव और कौलव करण के योग बन रहे हैं।

इनमें सर्वप्रथम बव करण का योग बन रहा है। इसके बाद बालव करण का योग शाम 06 बजकर 12 मिनट तक है। अंत में कौलव करण का संयोग बन रहा है। इन योग में शिव-शक्ति की पूजा करना उत्तम होगा। वहीं, श्रवण नक्षत्र संध्याकाल तक है।

# दशलक्षण पर्व : विधि-विधान से उत्तम संयम धर्म की हुई पूजा





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर जैन मन्दिर में चल रहे दशलक्षण महापर्व में शुक्रवार को उत्तम संयम धर्म की पूजा हुई। भगवान का अभिषेक सांगानेर से आए पंडित अनुज शास्त्री एवं संगीतकार सौरभ के सानिध्य में हो रहा है, पंडित जी ने संयम धर्म के बारे में बताया कि मनुष्य को अपने जीवन इसको पालना चाहिए कितनी भी कठिन परिस्थिति आए। मुख्य शांतिधारा सुकांत निकांत एवं अशोक जैन परिवार द्वारा की गई। इस मौके पर मन्दिर अध्यक्ष पीके जैन, मंत्री आलोक जैन, सुकांत, निकांत, संदीप, पीयूष, पीसी जैन, विनय कपूर जैन आदि उपस्थित रहे एवं शाम को जैन महिला मंडल की अनीता, दीपाली, वैशाली, पिंकी, अर्चना, दीपिका आदि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

**इन्दिरानगर में मनाया गया सुगंध दशमी पर्वः** दशलक्षण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की पूजा की गई एवं साथ ही साथ सुगंध दशमी पर्व मे जैन धर्म के 10 वें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ की पूजन भक्ति भी की गई। प्रातः काल सर्वप्रथम भक्तों द्वारा भगवान का स्वर्ण कलशों से अभिषेक किया गए। संगीत लहरी के साथ मस्तकाभिषेक जिनेन्द्र भगवान का मस्तकाभिषेक एवं कलशा ढारो रे ढारो रे सब नर नारी..., भजनों के बीच भगवान शीतलनाथ का अभिषेक किया गया। रॉबिन जैन, स्वास्तिक जैन, मनोज जैन, अभिनव जैन द्वारा पूरी भक्ति भाव से भगवान का अभिषेक एवं विश्वशांति की कामना से शांतिधार की गई। उत्तम संयम धर्म का महत्व बताते हुए बाल ब्रह्मचारिणी शुभी दीदी ने बताया की हमे अपनी इंद्रियों पर वाणी पर, अपने मन पर नियंत्रण रखना चाहिए। स्वयं पर नियंत्रण ही उत्तम संयम धर्म है। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि कार्यक्रम में ई पीके जैन, धीरज जैन, मनोज जैन, अनुरोध जैन, ऋषभ जैन, अपर्णा जैन दिव्य जैन उपस्थित रहे।



**10 लक्षण धर्म का छठा दिन उत्तम संयमः** विश्व शांति की कामना के साथ भगवान शीतल नाथ की पूजा अर्चना के साथ सभी जैन धर्म के श्रद्धालुओं ने अग्नि में धूप की आहुति दी।

आज दिगंबर जैन मंदिरों में सुगंध दशमी के दिन अहियागंज में विशेष रूप से समीर जैन के निर्देशन में सभी धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुई जिसमें सर्वप्रथम भगवान आदिनाथ को पनडुकशीला पर विराजमान करके जल अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई तत्पश्चात अष्ट द्रव्यों से पूजा करते हुए भगवान शीतल नाथ की जयमाला पढ़ने के उपरांत सभी जैन भक्तों ने विश्व शांति की कामना के साथ अग्नि में धूप की आहुति डाली। संयम जीवन को दिशा प्रदान करता है संयम के अभाव में इंद्रियां अनेक प्रकार की अलग-अलग मांग करतीहैं। जैन गुरु ने कहा कि जहां तक इंद्रियों की मांग है , वहां तक मन की दौड़ है, संयम जीवन को पापी बनने से रोकता है संयम हमेशा श्रेष्ठ को पकड़ने की और को आश्रेष्ठ छोड़ने की बात करता है।

# पुनर्वास विवि में पदक पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

## पुनर्वास विवि में धूमधाम से 11वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न, 130 मेधावियों को 159 पदकों से किया गया अलंकृत, 14 दिव्यांग विद्यार्थियों को मिले19 पदक



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का एकादश दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह में शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। समारोह में शैक्षिक सत्र 2023-24 में विभिन्न संकायों के तहत कुल 1615 विद्यार्थियों को उपाधियों से विभूषित एवं 130 मेधावियों को 159 पदकों से अलंकृत किया गया। इसमें 101 पदक छात्राओं तथा 58 पदक छात्रों को मिले हैं। कुल 159 पदकों में 14 दिव्यांग विद्यार्थियों ने 19 पदक प्राप्त किये हैं। इसमें से 36 शोधार्थियों को समारोह में पीएचडी उपाधि से विभूषित किया गया। समारोह में विश्वविधालय द्वारा पहली बार किसी डेफ (बधिर) विद्यार्थी शुभम सिंह एमएड - एचआई कुलपति गोल्ड मेडल दिया गया। समारोह में किसी भी भारतीय विश्वविद्यालय द्वारा किसी डेफ (बधिर) शोधार्थी शिवजी पांडा को श्रवणबाधितार्थ विभाग, शोध पर्यवेक्षक डॉ कौशल शर्मा के निर्देशन में शोध पूरा करने पर पहली पीएचडी शोध उपाधि दी गयी। इसमें विश्वविद्यालय की उपलब्धियों एवं कार्य योजनाओं पर आधारित स्मारिका का विमोचन हुआ।

### सामान्य व दिव्यांग विद्यार्थियों की मेरिट अलग-अलग हो : राज्यपाल

दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पदक और उपाधि पाये विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सामान्य एवं विद्यार्थियों की मेरिट अलग-अलग होनी चाहिए। दिव्यांग विद्यार्थियों के अभिभावक भी दीक्षांत में उपस्थित रहने चाहिए क्योंकि एक दिव्यांग विद्यार्थी के अभिभावक को भी उतनी ही मेहनत करनी पड़ती है क्योंकि वही उनको यहां तक पहुंचाते हैं। अपने बच्चों को अच्छी तरह से आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने जो प्रयास किया है उसका यह परिणाम है कि यह सभी विद्यार्थी उपाधि प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे बीच में मुख्य अतिथि के रूप में एक ऐसे महानुभाव हैं, जिनके जीवन एवं कार्य को देखते हुए मुझे कुछ भी बोलने की आवश्यकता नहीं है। यह स्वयं ही आपके समक्ष उत्तम उदाहरण हैं कि एक दिव्यांग कैसे पद्मश्री तक पहुंच सकता है? दिव्यांगजनों के रोल मॉडल के रूप में भारत के राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से पुरस्कृत भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत राजाराम पेटकर, हाल ही में उनके ऊपर बनी फिल्म चंदू चैंपियन ने उनके जीवन के वृतांत को सुनहरे परदे पर उतारा है। मुख्य अतिथि के जीवन वृतांत पर बनी फिल्म चंदू चैंपियन को विश्वविद्यालय में दिखाना चाहिए। दिव्यांगजन के भीतर प्रकृति प्रदत्त एक विशिष्ट प्रतिभा और रचनात्मकता होती है। उन्होंने छात्रों से कहा कि आज आप सभी उपाधि प्राप्त कर अपने जीवन के एक नए अध्याय की ओर अग्रसर हो रहे हैं। यह वह समय है जब आप अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं और समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। इस प्रक्रिया में, आपकी शिक्षा और आपके द्वारा अर्जित ज्ञान, आपकी सबसे बड़ी संपत्ति होगी।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा 10 आंगनवाड़ी केन्द्र को आंगनवाड़ी किट वितरित किया गया। साथ ही 30 दृष्टिबाधित बालिकाओं को वस्त्र, फल, एवं मिष्ठान वितरित किया गया। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय का प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

**दृढ़इच्छा शक्ति से असंभव को भी संभव कर सकते हैं : नरेन्द्र कश्यप:** विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि भारतीय समाज के हाशिये पर पड़े हुए दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में सम्मान के साथ स्थान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांग शब्द के स्थान पर दिव्यांग शब्द को प्रचलन में लाकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विकलांग शब्द को हटाते हुए विभाग का नाम दिनांक 26 अप्रैल, 2017 से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग कर दिया गया व विकलांग शब्द का प्रयोग वर्जित करते हुए तद्स्थान दिव्यांग शब्द का प्रयोग किये जाने के निर्देश जारी किये गये। प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में दिव्यांग अधिकार अधिनियम देश में लागू किया था। उसी कड़ी में राज्य सरकार के द्वारा भी इस अधिनियम को पूर्ण रूप से अंगीकार किया गया। राहे कठिन अवश्य होती है लेकिन मुश्किल नहीं। दृढ़इच्छा शक्ति, लगन एवं परिश्रम से हम असंभव को भी संभव और साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यहां दिव्यांग नेत्रहीन छात्रों के लिए ब्रेल लिपि की पुस्तकें तथा आडियो शिक्षण सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। मूक-बधिर छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक आवश्कताओं को पूरा करने के लिए भारतीय संकेतिक भाषा एवं बधिर अध्ययन केन्द्र स्थापित है। दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग दिये जाने के लिए कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र और खेलकूद की सुविधाओं के लिए पूर्णतया बाधारहित विशिष्ट स्टेडियम मौजूद है। इस विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा, छात्रावास एवं भोजन आदि की सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। हमें यह समझना होगा कि दिव्यांगजन केवल सहायता के पात्र नहीं हैं, बल्कि समाज के समान नागरिक हैं, जो अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी निर्वाह कर सकते हैं। हमारा लक्ष्य उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना और उन्हें स्वाभिमान के साथ जीने का अवसर देना है। दिव्यांगजन समाज का वह अभिन्न अंग हैं, जिनके बिना किसी भी राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें उन सभी संसाधनों, अवसरों और सुविधाओं से सशक्त करें, जिनके वे हकदार हैं। प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है और हमारी सरकार का दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग इसी उद्देश्य के साथ कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में सामान्य परिषद्, कार्य परिषद्, एवं विद्या परिषद् के सम्मानित सदस्यगण, समस्त संकायाध्यक्ष, समस्त विभागाध्यक्ष, संवद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, उपाधि प्राप्त विद्यार्थी एवं उनके माता-पिता एवं अभिभावक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. कौशिकी सिंह ने किया।

## शिक्षण संस्थाओं को दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थियों को एक साथ शिक्षा देनी चाहिए : पद्मश्री मुरलीकांत





दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रथम पैरा-ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता पद्मश्री मुरलीकांत राजाराम पेटकर ने कहा कि मुझे आज इस दीक्षांत समारोह में आकर गौरव का अनुभव हो रहा है। आज हम सिर्फ आपकी कड़ी मेहनत का उत्सव नहीं मना रहे हैं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरूआत का भी जश्न मना रहे हैं एक ऐसी यात्रा जो उम्मीदों, संभावनाओं और सपनों से भरी हुई है।

जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव तक पहुंचने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। शिक्षा का महत्व न केवल व्यक्ति के जीवन में, बल्कि समाज और राष्ट्र के उत्थान में भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह एक ऐसा साधन है जो हमें न केवल जीविका कमाने में सक्षम बनाता है, बल्कि बेहतर इंसान बनने और एक बेहतर समाज का निर्माण करने की दिशा में भी प्रेरित करता है। हमारे देश का इतिहास यह बताता है कि हम हमेशा बालक की आवश्यकता एवं उसकी क्षमता के अनुरूप शिक्षा देने के लिए सबसे आगे रहे हैं। दिव्यांग विद्यार्थियों को एक साथ शिक्षा दिये जाने का इतना अच्छा उदाहरण मैं पहली बार यहां आकर देख रहा हूं।

मुझे यहां आकार ज्ञात हुआ कि इस विश्वविद्यालय में एक ही कक्षा में किस प्रकार दृष्टि-दिव्यांग, श्रवण-दिव्यांग, अस्थि-दिव्यांग विद्यार्थी गैर-दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहें हैं। यह एक सराहनीय विचार हैं, जिसे सम्पूर्ण विश्व की शिक्षा संस्थाओं को अपनाना चाहिए। हमारे देश में शिक्षक सदैव पूजनीय रहा है। किसी भी शिक्षण संस्थान द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के केंद्र बिन्दु वहां के विद्यार्थी एवं शिक्षक होते हैं यहां के शिक्षकों का दिव्यांग और गैर दिव्यांग विद्यार्थियों को एक ही कक्षा में शिक्षण देने की समावेशी विधा में समर्पण भाव देखकर मैं अभिभूत हूं और शिक्षकों की अपने विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता की भी मैं बार-बार सराहना करता हूं। यह विश्वविद्यालय न केवल दिव्यांग जनों को शिक्षित कर रहा है बल्कि उन्हें खेलकूद के माध्यम से सशक्त बना रहा है। मुझे ज्ञात हुआ है कि यहां के दिव्यांग विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैरालंपिक खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं। विद्यार्थियों इस विश्वविद्यालय में मैंने पाया कि यहां सफलता की अपार संभावनाएं हैं। दिव्यांग और गैर-दिव्यांग विद्यार्थियों के बीच अदभुद समावेशन की प्रवृत्ति, तदनुकूल शैक्षिक अवसर और सबसे महत्वपूर्ण स्वस्थ मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर की संकल्पना को सार्थक करता यहां का सुगम और बाधारहित वातावरण, सफलता की समस्त संभावनाओं को हकीकत में बदलने की क्षमता रखता है। पैरालंपिक खेलों में सबसे पहला स्वर्ण पदक प्राप्त करने की मेरी कहानी चुनौतियों को पार करने और सीमाओं को तोड़ने की है। मैं यहां आपको अपने अनुभव से दृढ़ता, आत्म-विश्वास और बाधाओं को पार करने के साहस की कहानी साझा करने आया हूं।

**भीड़ में अकेले खड़े होने से न डरें:** पैरालंपिक में हम भिन्नताओं का जश्न मनाते हैं। हम उन्हें सीमाओं के रूप में नहीं देखते, बल्कि ताकत के रूप में देखते हैं। आपकी जो भी कहानी, पृष्ठभूमि अथवा यात्रा है वह दुनिया में एक अनोखा रंग जोड़ती है। भीड़ में अकेला खड़े होने से न डरें, अलग होने से न डरें। दुनिया को एक ही जैसे लोगों की जरूरत नहीं है। इसे असाधारण लोगों की जरूरत है और वह आसाधारण व्यक्ति आप हैं। दुनिया को आपकी जरूरत है। समाज आपकी ओर देख रहा है। हमारे अंदर गुण-अवगुण, शक्ति और ऊर्जा सभी हैं बस उसी को जागृत करने की आवश्यकता है और यहीं विश्वविद्यालयों के गुरुजनों की भूमिका आ जाती है। आज दीक्षा प्राप्त कर रहे स्नातक विद्यार्थियों आपकी यात्रा अभी शुरू हो रही है। इसका सामना साहस, निष्ठा और इस अटूट विश्वास के साथ करें कि आप जो भी ठान लें, उसे हासिल कर सकते हैं। आगे बढ़ें, साहसी बनें, और हमेशा याद रखें कि आप एक बड़ा कार्य करने के लिए बने हैं।

## पति को सुनायी उम्र कैद की सजा को हाई कोर्ट ने किया रद

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। साढ़े सात साल से अधिक समय से अपनी पत्नी की हत्या के अपराध में जेल में उम्र कैद की सजा भुगत रहे पति को हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने षुक्रवार को यह कहकर निर्दोश करार देकर बरी कर दिया कि अभियोजन यही नहीं साबित कर पाया कि जिस लाश को उसकी पत्नी बताकर उसे दोषी करार दे दिया गया वह लाष उसकी पत्नी की थी भी या नहीं। पीठ ने कहा कि अब जबकि यह कोर्ट इस निश्कर्श पर है कि अभियोजन पति को सजा दिलाने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं पेष सका था और विचारण अदालत का पांच साल पहले दिया गया फैसला गलत था तो ऐसे में जेल में बितायी गयी अवधि की भरपाई तो नहीं हो सकती है किन्तु फिर भी पति के साथ जो अन्याय हुआ उसके एवज में राज्य सरकार से उसे एक लाख रुपए छतिपूर्ति दिलाना उचित होगा। यह कहकर कोर्ट ने सरकार को आदेष दिया है कि अपीलार्थी पति को तत्काल जेल से रिहा कर दिया जाये और उसे एक लाख रुपए छतिपूर्ति भी प्रदान की जाये। यह निर्णय जस्टिस ए आर मसूदी एवं जस्टिस सुभाश विद्यार्थी की बेंच ने अपीलार्थी पति हफीज खान की अपील को मंजूर करते हुए शुक्रवार को सुनाया। अपीलार्थी हफीज को घटना के बाद सूचना दर्ज होते ही 15 जनवरी 2017 को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया था तब से उसे जमानत नहीं मिल पायी और वह अभी भी जेल में हैं। कोर्ट ने कहा कि इस केस में दूसरे व्यक्ति केन्नू खान की कब्र से एक महिला की लाश बरामद की गयी और अभियोजन को साबित करना चाहिए था कि वह लाश अपीलार्थी की पत्नी की थी कि अभियोजन यह तथ्य संदेह से परे नहीं साबित कर पाया। दरअसल कथित मृतका शायरा बानो की शादी अपीलार्थी हफीज से 11 मई 2016 को हुई थी। 15 जनवरी 2017 को उसकी बहन शबाना ने बहराईच के रिसिया थाने पर सूचना दी कि दहेज के लालच में उसके पति व ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे और अब से कहीं गायब कर दिया है।

## स्कूल में खेलते समय नौ साल की बच्ची की मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के महानगर स्थित मोंटफोर्ट स्कूल की कक्षा तीन की छात्रा मानवी सिंह की बृहस्पतिवार को खेलते समय मौत हो गई। स्कूल प्रशासन कहना है कि बच्ची प्ले ग्राउंड में खेल रही थी। इसी दौरान वह गिर पड़ी। घरवालों को सूचना देने के साथ ही उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट की वजह से उसकी मौत होने की बात कही। स्कूल के प्रिंसिपल जीनू अब्राहम ने बताया कि कक्षा तीन की छात्रा मानवी सिंह के प्ले ग्राउंड में गिरकर बेहोश होने की सूचना के बाद उसे आनन-फानन फातिमा अस्पताल पहुंचाया गया था। बच्ची के घरवाले उसे चंदन अस्पताल भी लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने कार्डियक अरेस्ट की वजह से उसकी मौत होने की बात बताई। मामला पुलिस की जानकारी में भी आया लेकिन बच्ची के घरवालों ने किसी प्रकार की कार्रवाई न करने की बात कही है। संजय गांधी पीजीआई के डॉक्टर संतोष कुमार यादव के मुताबिक महज नौ साल की उम्र में बिना किसी लक्षण के अचानक कार्डियक अरेस्ट होना संभव नहीं है। बच्ची को या तो पहले से बीमारी रही होगी या फिर मौत की कोई दूसरी वजह होगी। बगैर जांच कुछ भी कहना संभव नहीं है। डॉ. संतोष के मुताबिक नौ साल की बच्ची की मौत होना बेहद दुखद है। हालांकि मौत के कारणों पर कुछ भी कहना सही नहीं होगा। लोगों में कार्डियक अरेस्ट को लेकर तमाम भ्रांतियां हैं। उन्हें लगता है कि अचानक कार्डियक अरेस्ट होने से मौत हो जाती है। अगर किसी को इतनी बड़ी बीमारी है तो फिर उसका कोई न कोई लक्षण जरूर होगा। हमें उन पर ध्यान देना चाहिए।

## एनएनएफ के आधिकारिक लोगो का उद्घाटन



**लखनऊ।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) लखनऊ के तत्वावधान में स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर नवयुग नवाचार फाउंडेशन (एनएनएफ) के दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान में इंटरनल हैकथॉन का आयोजन शुक्रवार को हुआ। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रोफेसर इंचार्ज और अध्यक्ष आईआईसी प्रो सीतालक्ष्मी ने इनक्यूबेशन सेंटर के यात्रा और कार्य योजना के बारे में विचार साझा किया। उन्होंने आज के तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में उद्यमशीलता की मानसिकता को बढ़ावा देने के महत्व पर बात की।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो विनीत कंसल ने किया। उन्होंने बताया कि इंटरनल हैकथान के माध्यम से छात्रों को टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन से विभिन्न प्रकार की समस्याओं के उचित समाधान तलाशने के लिए प्रेरित किया जाता है। विगत वर्ष स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 में संस्थान की दो टीम विजेता रही थी जो संस्थान के लिए गर्व का विषय है।

आयोजित हैकथॉन में संस्थान के कुल 54 टीमों से 324 छात्रों ने प्रतिभाग किया। यह हैकथॉन मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन और इनोवेशन सेल, भारत सरकार द्वारा आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2024 के तर्ज पर आयोजित हुआ। आईईटी लखनऊ के इनक्यूबेशन सेंटर नवयुग नवाचार फाउंडेशन (एनएनएफ) के स्थापना दिवस के अवसर पर एनएनएफ के आधिकारिक लोगो का संस्थान के निदेशक प्रो विनीत कंसल ने औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया। लोगो का अनावरण संस्थान की नवाचार, रचनात्मकता और उद्यमशीलता उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की चल रही प्रतिबद्धता में एक नए अध्याय का प्रतीक है। इस कार्यक्रम के दौरान डिप्टी इंचार्ज डॉ पुष्कर त्रिपाठी, स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर डॉ प्रदीप कुमार, मैनेजर इनक्यूबेशन संदीप कुमार, इनक्यूबेशन सेंटर टीम, छात्र टीम और जूरी सदस्य के तौर पर संस्थान के सहायक अध्यापक डॉ उपेंद्र कुमार, डॉ दीपाली अवस्थी, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ दिव्या शर्मा उपस्थित रहे।

## एयर कंडीशनर प्रशिक्षण केंद्र की हुई शुरुआत



लखनऊ। श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल एवं भाऊ राव देवरस सेवा न्यास के तत्वावधान में एयर कंडीशनर प्रशिक्षण केंद्र की शुरूआत हुई। जिसमें समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आई आरएस कुलदीप द्विवेदी, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी उपस्थित रहे। ट्रस्ट के सचिव अमित गुप्ता ने बताया कि साल में लगभग 500 युवाओं को स्वावलंबी बनाया जाएगा।

## विवेकानंद हॉस्पिटल में नाक के ट्यूमर की हुई सफल सर्जरी



**लखनऊ।** गोंडा निवासी 16 वर्षीय अमन को अक्सर नाक से खून आने और नाक से सांस लेने में दिक्कत रहती थी, जिसे मामूली नकसीर फटना उसके घर वाले समझते थे। मरीज जब गुजरात में था तो उसे फिर नाक से खून आने व सांस लेने में तकलीफ हुई तो वहां डॉक्टरों ने उसे ट्यूमर बताया और किसी बड़े चिकित्सा संस्थान में इलाज करने को कहा। मरीज अमन लखनऊ में विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान पहुंचा, यहां ईएनटी सर्जन डॉ. देवेश श्रीवास्तव ने मरीज को देखा और तुरंत इलाज शुरू कर दिया। अत्याधुनिक तकनीक के प्रयोग द्वारा मरीज के नाक की एंडोस्कोपिक (दूरबीन विधि) द्वारा सर्जरी की गई, जिसमें बाहर से कोई टांका तक नहीं लगता है। सर्जरी लगभग ढाई घंटे तक चली . मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। सर्जन डॉ देवेश ने बताया एक युवा मरीज अमन, नाक के बंद होने और नाक से खून बहने की शिकायत के साथ अस्पताल में आया था। जांच और सीटी स्कैन में नाक और नासोफरीनक्स में ट्यूमर मौजूद था, जो कि पेटीगोपैलेटिनफोसा तक फैल रहा था। मरीज का, पूर्ण एंडोस्कोपिक, एंडोस्कोपी, डेंकर विधि के साथ मेडियल मैक्सिलेक्टॉमी द्वारा अस्पताल में ऑपरेशन किया गया, यह केवल उत्कृष्ट एनेस्थीसिया टीम के साथ ही संभव हुआ। यह एक नया दृष्टिकोण है जहां कोई बाहरी कट नहीं दिया जाता है। उन्होंने बताया कि आमतौर पर किशोर में ही नाक से खून आने व नाक से सांस न ले पाने की दिक्कत देखने को मिलती है।

## 13 आइएएस बदले, सीपी सिंह बने लखनऊ के डीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में देर रात छह जिलों के जिलाधिकारियों समेत 13 आइएएस अफसरों के तबादले किये गये। इस क्रम में सीपी सिंह को लखनऊ का नया डीएम बनाया गया है। वे सूर्यपाल गंगवार की जगह लेंगे। निधि गुप्ता को अमरोहा का जिलाधिकारी बनाया गया है जबकि घनश्याम मीणा को हमीरपुर और दिनेश को जौनपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है। रविन्द्र मंडेर प्रयागराज, अरविंद भंगारी आगरा और नवनीत चहल आजमगढ़ के जिलाधिकारी बनाये गये हैं।

## दीक्षांत समारोह में लगायें सभी महाविद्यालयों के ध्वज: कुलपति

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में 16 सितंबर को होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारी के लिए एक बैठक का आयोजन हुआ। इसमें कुलपति ने सफल आयोजन के लिए अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह स्थल पर पंडाल में लाइट की उचित व्यवस्था हो। मंच की साज- सज्जा और उसके पीछे लगने वाला बैनर सुन्दर हो। मंच के नीचे फूलों से लखनऊ विश्वविद्यालय के लोगो को बनाया जाए। मेडल पाने वाले सभी छात्रों से संपर्क स्थापित कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। विभिन्न महाविद्यालयों के ध्वज मंगाकर कार्यक्रम स्थल के चारों तरफ लगाया जाए। महाविद्यालयों को पत्र भेजा जाए कि 16 सितंबर को होने वाले दीक्षांत समारोह का सीधा प्रसारण किया जा रहा, सीधा प्रसारण को अपने-अपने महाविद्यालयों में छात्रों को दिखाने की व्यवस्था करें और छात्रों को अवश्य दिखाएं। समारोह का सीधा प्रसारण किया जाय और सभी को उसका लिंक शेयर कर दिया जाए जिससे लोग सीधा प्रसारण देख सकें। सांस्कृतिकी से संबंधित स्वयंसेवक अपनी अपनी भूमिका में उपस्थित रहें। 14 सितंबर को होने वाले शोभायात्रा के पूर्वाभ्यास में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने की सूचना सभी शिक्षकों को भेजी जाय। इन सबके अतिरिक्त साफ-सफाई आदि के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## गुवाहाटी-श्रीगंगानगर के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रषासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चलायी जा रही 05636/05635 गुवाहाटी-श्री गंगानगर-गुवाहाटी साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचालन का विस्तार गुवाहाटी से 02 अक्टूबर से 27 नवम्बर तक प्रत्येक बुधवार को तथा श्री गंगानगर से 06 अक्टूबर से 01 दिसम्बर तक प्रत्येक रविवार को 09 फेरों के लिये बढ़ाया जायेगा।

05636 गुवाहाटी-श्री गंगानगर साप्ताहिक विशेष गाड़ी 02 अक्टूबर से 27 नवम्बर तक प्रत्येक बुधवार को गुवाहाटी से 18.15 बजे प्रस्थान कर, कामाख्या, गोलपारा टाउन, न्यू बोंगाईगांव, कोकराझार, अलीपुर द्वार, दूसरे दिन दलगॉव, न्यू जलपाई गुडी, किशनगंज, बरसोई, कटिहार, नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, सीवान, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या धाम, अयोध्या कैण्ट, तीसरे दिन लखनऊ, कानपुर सेण्ट्रल, कन्नौज, फरूर्खाबाद, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा जं., भरतपुर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर, जयपुर, रिंगस, सीकर, चुरू, सादुलपुर, तहसील भादरा, गोगामेड़ी, नोहर, चौथे दिन ऐलनाबाद, हनुमानगढ़ तथा सादुलशहर होते हुए श्री गंगानगर रात 03.30 बजे पहुंचेगी।

05635 श्री गंगानगर-गुवाहाटी साप्ताहिक विशेष गाड़ी 06 अक्टूबर से 01 दिसम्बर तक प्रत्येक रविवार को श्री गंगानगर से 13.20 बजे प्रस्थान कर सादुलशहर, हनुमानगढ़, ऐलनाबाद, नोहर, गोगामेड़ी, तहसील भादरा, सादुलपुर, चूरू, सीकर , रींगस, जयपुर, दूसरे दिन गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज, फरूर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर सेण्ट्रल, लखनऊ, अयोध्या कैण्ट, अयोध्या धाम, मनकापुर, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, सीवान, तीसरे दिन छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, नौगछिया, कटिहार, बारसोई , किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, दलगॉव, अलीपुर द्वार, कोकराझार, न्यू बोगाईगांव, गोलपारा टाउन तथा चौथे दिन कामाख्या होते हुए गुवाहाटी 00.25 बजे पहुंचेगी। जबकि 04829 जोधपुर-गोरखपुर विशेष गाड़ी 03 अक्टूबर 28 नवम्बर तक 9 फेरों के लिए प्रत्येक वृहस्पतिवार को जोधपुर से 16.15 बजे प्रस्थान कर मेड़ता रोड, डेगाना, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ, चुरू, सादुलपुर, दूसरे दिन लोहारू जं., महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, मुरादाबाद , बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर, बस्ती तथा खलीलाबाद होते हुए गोरखपुर 20.50 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 04830 गोरखपुर-जोधपुर विशेष गाड़ी 04 अक्टूबर से 29 नवम्बर तक 9 फेरों के लिए तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 23.25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद , दिल्ली, दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़, लोहारू जं., सादुलपुर, चुरू, रतनगढ, सुजानगढ, लाडनूं , डीडवाना , छोटी खाटू, डेगाना जं. तथा तीसरे दिन मेड़ता रोड होते हुए जोधपुर 04.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 11, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एस्एलआर.डी के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। वहीं पूर्व से चलाई जा रही 09061/09062 उधना-गाजीपुर सिटी-उधना साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार उधना से 18 सितम्बर से 06 नवम्बर तक प्रत्येक बुधवार को तथा गाजीपुर सिटी से 20 सितम्बर से 08 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को 08 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी का मार्ग, समय, ठहराव एवं रेक संरचना पूर्ववत रहेगी । इसी क्रम में 04646 जम्मूतवी-बरौनी विशेष गाड़ी 10, 17, 24, 31 अक्टूबर तथा 07 एवं 14 नवम्बर दिन प्रत्येक वृहस्पतिवार को जम्मूतवी से 05.45 बजे प्रस्थान कर पठानकोट, जलंधर कैण्ट, लुधियाना, अम्बाला कैण्ट, सहारनपुर, लक्सर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, दूसरे दिन गोण्डा, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी तथा बछवारा होते हुए बरौनी 12.40 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04645 बरौनी-जम्मूतवी विशेष गाड़ी 11, 18, 25 अक्टूबर तथा 01, 08 एवं 15 नवम्बर दिन प्रत्येक शुक्रवार को बरौनी से 15.15 बजे प्रस्थान कर बछवारा, शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, छपरा, गोरखपुर, गोण्डा, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद , लक्सर, सहारनपुर, अम्बाला कैण्ट, लुधियाना, जलंधर कैण्ट तथा पठानकोट होते हुए जम्मूतवी 22.30 बजे पहुंचेगी।

# बयान पर विवाद

देश के सबसे ताकतवर नेता और ग्लोबल लीडर के तौर पर स्थापित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार जब पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बना सके, इंडिया गठबंधन ने एनडीए को चार सौ पार के नारे के पास भी नहीं फटकने दिया, तो सियासी हलको में यह चर्चा आम हो गयी थी कि राहुल गांधी अब एक परिपक्व नेता और सियासत के मझे हुए खिलाड़ी बन गये हैं। शायद यही कारण है कि कांग्रेस अब तक 18 बार हुए लोकसभा चुनाव में तीसरी बार सबसे कम अर्थात 99 सीटें ही ला सकी, लेकिन इसके बावजदू कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत से मोदी को रोककर ही विजयी भावभंगिमा में था। लेकिन जिन लोगों को राहुल गांधी की परिपक्वता और चतुर सियासी खिलाड़ी होने का गुमान था, उनको भी राहुल की हालिया सियासत और बयानबाजी को देख-सुन कर अपनी समझ दुरुस्त करनी पड़ेगी। राहुल गांधी बार-बार विदेश में जाकर बिना सिर-पैर की बातें करते हैं। ऐसे-ऐसे बयान देते हैं जो देश के खिलाफ तो होता ही है लेकिन साथ ही सचाई से भी दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं रहता। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं, संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष का प्रथम चेहरा हैं। हम पहले भी लिख चुके हैं कि ऐसे राजनेता को 'पीएम इन वेटिंग' माना जाता है, क्योंकि प्रधानमंत्री के बाद उसे ही सर्वाधिक समर्थन और बहुमत हासिल होता है। यहां हम बार-बार उनके कथनों, गलत तथ्यों को लेकर सवाल नहीं उठाना चाहते। प्रधानमंत्री मोदी ने भी जब विदेशी जमीं पर या संसद के भीतर अथवा चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं, तो मीडिया में उनकी भी पर्याप्त आलोचना की गई है, लेकिन यह नहीं हो सकता अथवा



यह कुतर्क है कि प्रधानमंत्री ने विदेश में कुछ गलत बोला है, तो नेता प्रतिपक्ष भी देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करें। यह राहुल गांधी की राजनीति है अथवा वह वाकई भारत को कमतर साबित करने पर आमादा रहते हैं, लेकिन यह तय है कि वह अक्सर गलत, भ्रामक और अनावश्यक तथ्य पेश करते हैं। ताजा संदर्भ सिखों का है। अमरीकी प्रवास के दौरान उन्होंने मंच से एक सिख नौजवान का नाम पूछा और फिर आशंका जताई कि सिख भारत में पगड़ी और कड़ा पहन पाएंगे या नहीं। वे गुरुद्वारे में प्रवेश पा सकेंगे या नहीं? राहुल की यह सवालिया आशंका निर्मूल है, क्योंकि भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। कहीं भी पगड़ी या फिर सिखों के किसी भी धार्मिक प्रतीकों पर पाबंदी नहीं है। राहुल ने दावा किया कि वह यह लड़ाई लड़ रहे हैं। सवाल है कि किसके खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि ऐसे हालात ही नहीं हैं। सिखों को भारत में ठीक उतनी ही आजादी और अधिकार हासिल है, जितना किसी दूसरे धर्म के नागरिक को हासिल है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और इसलिए यहां व्यक्ति को आजादी और अधिकार धर्म देखकर न मिलते हैं और न ही धर्म के आधार पर छिनते हैं। ऐसे राहुल गांधी ऐसे बयान क्यों दे रहे हैं यह समझ से परे है? शायद राहुल गांधी 1984 का वह दौर भूल गए हैं, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री एवं उनकी आदरणीय दादी इंदिरा गांधी की हत्या, प्रधानमंत्री आवास में कर दी गई थी। प्रतिक्रिया में देश में सिख -विरोधी दंगे भड़काये गये थे। इनमें हजारों सिखों का कत्लेआम हुआ था। सिख हमेशा देश के साथ खड़े रहे। मुख्यधारा में रहे और यहां तक कि कांग्रेस को भी समर्थन दिया। अफगानिस्तान में जब तालिबान हुकूमत आई और चारों ओर अराजकता और बर्बरता थी, तब मोदी सरकार के सिख मंत्री हरदीप सिंह को भेजा गया। उन्होंने 'पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब' को सिर पर धारण किया, कई सिखों का बचाव किया और पवित्र ग्रंथ को भारत लाकर स्थापित किया। सिख गुरुओं ने भारत के लिए और हिन्दू धर्म के लिए कुर्बानी दी है और इसलिए उनको विशेष सम्मान हासिल है। राहुल गांधी सिखों पर और एससी-एसटी आरक्षण पर बयान देकर, चीन की तारीफ कर कुछ हासिल नहीं पायेंगे, हां अपनी पार्टी को जरूर मुसीबत में डालेंगे।

### विचार

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।
–आचार्य. श्रीराम शर्मा.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक–दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।
–महात्मा गांधी.

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।
–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।
–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।
–स्वामी रामतीर्थ.

# वामपंथ का सौम्य चेहरा थे सीताराम येचुरी



विजय कपूर

**वह उन चंद माकपा नेताओं में से थे, जो कांग्रेस से तालमेल के संबंध में आवश्यकता से अधिक जोड़-घटाव नहीं करते हैं। लोकसभा 2024 के चुनाव में येचुरी ने ही इस बात पर बल दिया था कि बीजेपी का मुकाबला अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग गठबंधन बना कर किया जाना चाहिए और उनकी बात के नतीजे सबके सामने हैं।**

एक आइकोनिक तस्वीर है, 1977 की, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को जेएनयू (दिल्ली) के आंदोलनकारी छात्रों के साथ खड़ा हुआ देखा जा सकता है। जबकि प्रदर्शन उन्हीं के विरोध में हो रहा था। तस्वीर में जेएनयू छात्र संघ के तीन बार अध्यक्ष चुने गये सीताराम येचुरी को भी देखा जा सकता है, जो हाथ में कागज लिए हुए छात्रों की मांगें पढ़कर सुना रहे हैं, जिनमें प्रमुख यह थी इंदिरा गांधी जेएनयू के चांसलर पद से इस्तीफा दे दें। यह तस्वीर अनेक प्रमुख कारणों से आइकोनिक है। एक, इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए भी प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच स्वयं जाकर उनकी मांगों को सुनने का साहस दिखाया, जबकि आज के नेता तो 'एक फोन कॉल की दूरी' पर होने की बातें करते हैं। दूसरा यह कि छात्रों की मांग को स्वीकार करते हुए इंदिरा गांधी ने चांसलर पद से इस्तीफा दे दिया था और अंतिम यह कि भारतीय राजनीति के क्षितिज पर सीताराम येचुरी के रूप में एक ऐसे नेता का उदय हुआ जिसने इंदिरा गांधी को भी त्यागपत्र देने के लिए मजबूर कर दिया था।

कॉमरेड येचुरी की सौम्य, मुखर व व्यावहारिक राजनीति ने अगले कई दशकों तक देश की सियासत को प्रभावित किया। अब ऐसे सुलझे हुए राजनीतिज्ञ की हमेशा कमी महसूस की जाती रहेगी, क्योंकि 12 सितम्बर 2024 को सीताराम येचुरी का श्वास संबंधी बीमारी से निधन हो गया। वह 72-वर्ष के थे। वह अपने पीछे अपनी पत्नी सीमा चिश्ती को छोड़ गये हैं, जबकि उनके पुत्र आशीष का 2021 में कोविड के कारण निधन हो गया था, जिसके बाद वह पहले से हंसमुख कभी नहीं रहे। एक छात्र नेता के रूप में अपना राजनीतिक करियर आरंभ करने वाले येचुरी अपने निधन के समय माकपा के महासचिव थे। उनके परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को एम्स, नई दिल्ली को दान कर दिया है, मेडिकल रिसर्च व ट्रेनिंग के लिए। सीताराम येचुरी का जन्म मद्रास (अब चेन्नै) में 12 अगस्त 1952 को एक तेलगु ब्राह्मण परिवार में हुआ था, लेकिन उन्होंने बचपन में ही यज्ञोपवीत पहनने व मंत्र जपने से इंकार कर दिया था और इसलिए वह कहते थे, मैं



अपने परिवार का पहला वामपंथी हूं। लेकिन वह प्राचीन धार्मिक ग्रंथों पर आधारित दार्शनिक वाद-विवाद से पीछे नहीं हटते थे। वह खुले विचारों के व्यक्ति थे और अन्य मार्क्सवादियों के विपरीत उनकी दिलचस्पी केवल वर्ग में ही नहीं थी बल्कि सामाजिक गुटों व धर्म में भी थी। वह जानते थे कि भारतीय समाज को समझने के लिए इनकी भी जरूरत है। यही वजह थी कि वह दक्षिणपंथियों से बहस करने में सफल रहते थे, विशेषकर इसलिए भी कि लफ्फाजी करने की बजाय हास्य-व्यंग्य से भरा किंतु अर्थपूर्ण एक लाइन का वाक्य बोलना उनकी बातचीत करने की शैली का प्रमुख हिस्सा था। येचुरी की दसवीं कक्षा तक शिक्षा हैदराबाद में हुई, लेकिन 1969 का तेलंगाना आंदोलन उन्हें दिल्ली ले आया, जहां उन्होंने 12वीं में आल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की, सेंट स्टीफंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में बीए (ऑनर्स) किया, इसी विषय में एमए जेएनयू से करने के बाद पीएचडी कर रहे थे कि आपातकाल में वामपंथी विचार रखने के लिए सलाखों के पीछे भेज दिए गये और शिक्षा का सिलसिला आगे न चल सका।

### स्मृति शेष

हालांकि येचुरी की मातृभाषा तेलगु थी, लेकिन पार्टी फोरम व बैठकों में वह अंग्रेजी में बोलने को प्राथमिकता देते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि राजनीतिक विचार उन्हें अंग्रेजी में अधिक आसानी से आते हैं। लेकिन जनसभाओं को वह हिंदी में संबोधित करते थे। वह पश्चिम बंगाल से दो बार राज्यसभा सदस्य रहे, जिस दौरान वह बंगाली पत्रकारों से बंग्ला भाषा में ही वार्ता करते थे, जिससे उनकी बहुमुखी प्रतिभा का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि 1970 के दशक में येचुरी लाल झंडा उठाने लगे थे, लेकिन उन्होंने मार्क्सवाद से ही जन्मे नक्सलवाद से खुद को दूर रखा, क्योंकि नक्सलवाद चीन के वामपंथियों के प्रति अपनी वफादारी घोषित कर रहा था। यह भी येचुरी की राजनीतिक व्यावहारिकता की एक अन्य मिसाल है। फिर जब 2014 में पहली बार मोदी सरकार आयी तो येचुरी ने कहा, स्थितियां बदल गई हैं, इसलिए हमारी समीक्षाएं व गठबंधन भी उसी के अनुरूप बदलेंगे।

येचुरी की राजनीतिक व्यावहारिकता की तुलना अक्सर एक अन्य व्यावहारिक वामपंथी हरकिशन सिंह सुरजीत से की जाती है, जोकि सियासी गठबंधन बनाने में माहिर थे। लेकिन दोनों की सफलता दर में अंतर रहा। सुरजीत के दिनों में माकपा चुनावी दृष्टि से अधिक प्रभावी थी कि बंगाल, त्रिपुरा व केरल में वह मुख्य पार्टी थी। येचुरी के जमाने में माकपा केरल तक सिमट कर रह गई, फिर भी 2004-2006 के दौरान यूपीए-1 के गठन में येचुरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके बाद भारत-अमेरिका परमाणु समझौते पर माकपा ने डा. मनमोहन सिंह की सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। यह माकपा की भूल साबित हुई। वामपंथियों सहित भारतीय राजनेताओं में यह दुर्लभ ही है कि वह सार्वजनिक तौर पर आत्ममंथन करें। लेकिन येचुरी अपवाद साबित हुए। जब यूपीए-2 फिर से सत्ता में आ गई तो येचुरी ने स्वीकार किया कि उनकी पार्टी परमाणु समझौता मतदाताओं को सही से समझा न सकी। यह स्वीकार करने वाली येचुरी एकमात्र पोलित ब्यूरो सदस्य थे।

बंगाल में तृणमूल की जीत के बाद माकपा व उसके नेता राजनीतिक हाशिये पर चले गये। येचुरी व अन्य वामपंथी नेता बामुश्किल ही राष्ट्रीय सुर्खियों का हिस्सा बन पाते। लेकिन अपने अंतर्राष्ट्रीय वामपंथी सम्पर्कों के कारण येचुरी फिर भी प्रासंगिक बने रहे। मनमोहन सिंह की सरकार ने 2009 में नेपाल के माओवादी नेता प्रचंड से संपर्क करने के लिए येचुरी की ही मदद ली थी। प्रचंड बाद में नेपाल के प्रधानमंत्री बने। इसमें शक नहीं है कि येचुरी समर्पित वामपंथी थे, लेकिन अगर मार्क्सवादी शब्दावली 'पोलिटिकल प्रैक्सिस' (राजनीतिक प्रथा) का प्रयोग किया जाये तो वह हठधर्मिता पर व्यावहारिकता को प्राथमिकता देते थे। वह शालीन, शिष्ट व सौम्य थे और वह हर किसी के साथ अपने इसी स्वभाव के साथ पेश आते थे, भले ही उनके सामने किसी भी विचार का व्यक्ति हो।

वह उन चंद माकपा नेताओं में से थे, जो कांग्रेस से तालमेल के संबंध में आवश्यकता से अधिक जोड़-घटाव नहीं करते हैं। लोकसभा 2024 के चुनाव में येचुरी ने ही इस बात पर बल दिया था कि बीजेपी का मुकाबला अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग गठबंधन बनाकर किया जाना चाहिए और उनकी बात के नतीजे सबके सामने हैं। ध्यान रहे कि माकपा के वैचारिक शुद्धता वाले नेता अब भी यह नहीं स्वीकार करते हैं कि उनकी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन में है, यह अलग बात है कि माकपा इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और हरियाणा व जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने उसके लिए एक-एक सीट छोड़ी है। एक व्यक्ति व नेता के रूप में येचुरी को कितना पसंद किया जाता था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनको श्रद्धांजलि देने वालों में नेता ही नहीं बल्कि अभिनेता व खिलाड़ी भी शामिल हैं। अलविदा कॉमरेड!

### सोशल मीडिया

नयी दिल्ली में 7वें सुरक्षा रणनीति सम्मेलन का उद्घाटन किया, दो दिन के सम्मेलन में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस नेतृत्व के साथ सुरक्षा चुनौतियों के लिए रोडमैप तैयार करेंगे। अमित शाह.



# असाधारण शक्तियां

### अंतर्दृष्टि

आध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है।

शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# जंग के मैदान में अब ड्रोन का जलवा

**युद्धक ड्रोन जिस तरह जंग के मैदान में जलवे दिखा रहे हैं उससे सैन्य संघर्ष की सूरत और सीरत बदल गई है। जासूसी, निगरानी तलाशी और हमला सभी कामों में कारगर ये छोटे, सस्ते और तमाम खूबियों से भरे ड्रोन जिस तरह कामयाब है, लगता है कि भविष्य के युद्ध ड्रोन से ही लड़े जाएंगे। रूस और यूक्रेन तथा इस्राइल और हमास का संघर्ष इसकी गवाही दे रहा है।**



सामयिक ● संजय श्रीवास्तव

युद्ध के आसमान पर अब बिजली की फुर्ती वाले बमवर्षक फाइटर जेट अथवा भारी भरकम तथा लंबी दूरी तक सटीक मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों का राज नहीं रहा, जमाना खामोशी के साथ भीषण नुकसान पहुंचा सकने वाले ड्रोन का है। टोह लेने और हमले करने में इसकी कामयाबी और कमाल के चर्चे चहुंओर हैं। भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस ड्रोन जब कहर ढाने लगेंगे तब तरह-तरह के ड्रोन के नाम और इनकी खूबियां आम लोगों की जुबान पर होंगी। कुछ महीने पहले चीन की शह पर मालदीव ने भारत पर दबाव बनाने की कोशिश में 'इंडिया आउट' अभियान के अलावा ड्रोन को भी जरिया बनाया। उसने जबसे तुर्की के राष्ट्रवपति एर्दोगान के दामाद की कंपनी बायकर के साथ 3 करोड़ 70 लाख डॉलर के तुर्की निर्मित ऐसे किलर ड्रोन खरीदने का समझौता किया, जो आर्मीनिया से लेकर रूस युक्रेन युद्ध तक में तबाही मचा चुका है। निहितार्थ यह कि आज ड्रोन ऐसा हथियार है जिसके दम पर दिल्ली के सामने पौव्वे जितने आकार वाला कोई देश अपने से सैकडों गुना बड़े और ताकतवर देश को धमकाने का सपना देख सकता है। यह दुस्साहसी स्वप्न यूं ही नहीं आ रहे हैं, ड्रोन के हालिया जंगी जलवे देखकर उनके जेहन में इस सोच ने जगह बना ली है कि बिन मानव के उड़ती मशीनें उनके ये मनोरथ पूरे कर सकती है। उन्होंने देख रखा है कि 2020 में अजरबैजान ने ड्रोन अटैक से आर्मेनिया को कैसे घुटनों पर ला दिया था। उसी साल तीन जनवरी को ईरान की ग्लोबल मिलिट्री ऑपरेशन के बेहद जीनियस, सर्वोच्च कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी जो दो बार जानलेवा हमले के बाद जिंदा बचे हुये थे, मारे गए क्योंकि बगदाद एयरपोर्ट पर हमलावर कोई व्यक्ति नहीं एक इस्राइली ड्रोन था, जिसके जरिये पहली बार किसी ऐसे काबिल सैन्य कमांडर को बिना जंग मारा जा सका था। यह ड्रोन के बिना नामुमकिन था। ईरान को इस ड्रोनी हमले का बदला लेने का मौका तीन महीने बाद 300 से ज्यादा ड्रोंस ने ही दिया। इसके बाद 50 लेबनानी ड्रोन इस्राइल की सीमा में घुस गये और इस्राइअली सुरक्षा तंत्र को भनक भी नहीं लगी, हवाई हमलों से रक्षा करने वाली, जिस पर इस्राइल को नाज है, उसकी विश्वविख्यात आयरन डोम तकनीक ड्रोन के मामले में बेकार साबित हुई। हिजबुल्लाह ने गजा युद्ध की शुरूआत से अब तक करीब 1500 ड्रोन ऑपरेशन्स, हमले और टोह के लिये किए हैं, इनमें से बड़ी संख्या ऐसे ड्रोन की है जिनको इस्राइल का एयर डिफेंस पकड़ नहीं पाया।

ड्रोन के चलते ही पहली बार इजराइल की हवाई सुरक्षा को इतने बड़े पैमाने पर नाकामी झेलनी पड़ी। सबको याद है, बड़े पैमाने पर ड्रोन का इस्तेमाल पहली बार अमेरिका ने 9/11 के हमले बाद अफगानिस्तान में किया ताकि सीधे लक्ष्य को पहचानकर हमला हो और बे-कुसूर आम लोग उसकी जद में न आयें। ओसामा बिन लादेन और अलकायदा के अन्य आतंकवादियों की तलाश की सर्जिकल स्ट्राइक में उसने बड़े पैमाने पर ड्रोन का सफल उपयोग किया। रूस जैसे देश से अगर यूक्रेन इतने समय तक भिड़ा और उस पर चढ़ा हुआ है तो इसे ड्रोन का एक वजह है। युद्ध के विशेषज्ञ जिस लड़ाई को सात दिन में समाप्त मान रहे थे वह अगर तीसरे साल तक खिंच जाता है तो इसका बहुत बड़ा कारण ड्रोन ही है, ड्रोन युक्रेनी सेना की आंख बना हुआ है। वह दुश्मन की हर



गतिविधि का सटीक सुराग देता है और फिर हमला भी करता है, इस बड़ी जंग में छोटे से हथियार ड्रोन ने रूस के हौसले को पस्त कर दिये हैं। एक जमाने में अपने और दूसरे देशों के मशहूर फाइटर जेट विमानों का नाम लोगों के दिमाग में चढ़े रहते थे, फिर उनकी जगह मिसाइलों ने ले ली। अब ड्रोन का दौर है। सभी देश अपने सुरक्षातंत्र को मजबूत, निगरानी को सटीक और हमले को अचूक बनाने के लिए तरह-तरह के ड्रोन का इस्तेनमाल कर रहे हैं। चिली, कनाडा, अजरबैजान, मैक्सिको, कोलंबिया, फिलीपींस और स्विटजरलैंड के पास उत्तम किस्म के युद्धक यान और मारक मिसायलें हो न हों पर कई घातक फाइटर ड्रोन जरूर मौजूद हैं। ताकतवर देश अति उन्नत लड़ाकू विमान और लंबी दूरी की मिसाइलें रखने के बावजूद ड्रोन का इस्तेमाल ज्यादा कर रहे हैं तो इसकी कुछ खास वजहें हैं। जंग बहुत महंगा सौदा है। एक लड़ाकू विमान 600 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का है, इनके पायलट के प्रशिक्षण पर खर्च और वेतन व्यय अलग। वहीं एक मिसाइल की कीमत भी करोड़ों में है। इसके भी रखरखाव, परिवहन, तैनाती तथा ऑपरेशंस का बड़ा खर्च है। लड़ाई के दौरान यदि ये भारी मात्रा में इस्तेमाल किए गये और पायलट की जान तथा हवाई जहाजों का नुकसान हुआ तो अर्थव्यवस्था की चूलें हिल जाएंगी। ऐसे में जंग का जल्दी निबटना ही बेहतर सो पहले युद्ध लंबे नहीं खिंचते थे। फ्लाइंग रोबोट जैसे ड्रोन को रिमोट की मदद से कहीं बैठे काबू किया जा सकता है। अधिक से अधिक ड्रोन के नष्ट होने की आशंका है, कुछ ड्रोन तो बनाए ही इसी उद्देश्य से हैं कि वे दुश्मन के पाले में घुसें सूचना भेजें, नुकसान पहुंचाएं और बिना सुराग छोड़े नष्ट हो जाएं। ड्रोन मामले में किसी की जान का नुकसान नहीं। लड़ाकू ड्रोन की कीमत 10 लाख से 6 करोड़ तक हो सकती है जो किसी फाइटर प्लेन के मुकाबले कुछ भी नहीं। अब युद्ध बरसों चलते हैं कमजोर अर्थव्यवस्था वाला देश भी इसे झेल जा रहा है क्योंकि बड़े और महंगे लड़ाकू विमानों तथा प्रक्षेपास्त्रों, दोनों का कमोबेश काम सस्ते और मानव रहित ड्रोन से चल जा रहा है। नीचे उड़ते छोटे से ड्रोन को किसी रडार के लिए पकड़ना कई बार कठिन होता है, बहुधा देखा गया है कि 10 लाख के एक ड्रोन को मारने के लिए दो करोड़ की मिसाइल दागनी पड़ी है। मतलब दुश्मन की कामयाबी में भी उसका बीस गुना नुकसान। कल जब एआई से युक्त ड्रोन आ जायेंगे तो ये और कहर ढाने वाले होंगे। अच्छी बात यह कि अपना देश भी ड्रोन के निर्माण, इस्तेमाल और उसके शोध विकास में खासा आगे बढ चुका है।

**भारत बनेगा ड्रोन निर्माण का हब**

भारत ने 1990 में अपना ड्रोन प्रोजेक्ट शुरू किया था। कई ड्रोन विकसित किए, इस्तेमाल भी हो रहे हैं। नागास्त्र-1 भारत का पहला स्वदेशी ड्रोन है जो रडार की पकड़ में आये बिना दुश्मनों के ठिकाने पर हमला कर सकता है। निशांत ड्रोन कैटापुल्ट तकनीक से लांच होता है और स्व-चालित नहीं होने के चलते पैराशूट की मदद से नीचे उतरता है। फिलहाल हमने कोई स्वदेशी लड़ाकू ड्रोन नहीं बनाया है फिर भी हमारा इरादा ड्रोन उत्पादन के मामले में 2030 तक ग्लोबल हब बनने का है। इसके लिए सरकारी और तीन दर्जन से ज्यादा निजी कंपनियां पूरे जी जान से जुटी हुई हैं।

थ्रॉटल एयरोस्पेस, अल्फा डिजाइन टेक्नोलॉजीज, आइडियाफोर्ज, पारस एयरोस्पेस जैसी दर्जनों कंपनियां ड्रोन निर्माण में जुटी हैं। हर्मीस-900 ड्रोन को अडानी डिफेंस ने इजरायली फर्म एल्बिट के साथ हुए समझौते के अंतर्गत मेक इन इंडिया के तहत बना रहे हैं। तीनों मिलकर हर्मीस 900 और 450 के एयर फ्रेम बना चुके हैं। फिक्की के मुताबिक, भारत में ड्रोन के उत्पादन की क्षमता 2025 तक सवा चार अरब डॉलर और 2030 तक 23 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। चीन पाकिस्तान की गतिविधियों पर नजर रखने और जरूरत पड़ने पर निशाना बनाने के लिए हमने उन्नत किस्म के विदेशी ड्रोन अपने जखीरे में शामिल किए हैं। जल्द ही अलकायदा चीफ अल जवाहिरी का काम तमाम करने वाला संसार का सबसे घातक अमेरिकी एमक्यू9बी प्रीडेटर हमारे शस्त्रागार में होगा और इस्राइली हर्मीस-900 स्टारलाइनर भी।

फिलहाल इस्राइल के ही ड्रोन हेरॉन मार्क 1 और मार्क 2 को हमने पाकिस्तान और चीन की सीमा पर तैनात किया है। स्टेल्थ ड्रोन जो स्वदेशी कावेरी इंजिन की सहायता से 450 किलो पेलोड लेकर 30 हजार फीट की ऊंचाई तक जा कर 36 घंटे लगातार उड़ सकता है, साथ ही 200 किलोमीटर की रेंज तक जमीन से कमांड ले सकता है। बखूबी इस्तेमाल हो रहा है। इस दौर में ड्रोन हमले का मुकाबला करने के लिए काउंटर-ड्रोन टेक्नोलॉजी और रणनीति बेहद जरूरी है। डीआरडीओ ने लेजर-तकनीक पर आधारित काउंटर ड्रोन वेपन ईजाद किया है। प्राईवेट कंपनियां भी ड्रोन को जाम करने, नीचे गिराने की तकनीकि निर्माण के क्षेत्र में कार्यरत हैं। रक्षा मंत्रालय एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी को तैयार करने के लिए बहुत प्रोत्साहन दे रहा है। पर एक बड़ी मुसीबत से पार पाना अभी बाकी है चीन जैसे देशों की सुरागरशी और दूसरे सैन्य उपयोग और के लिए अधिकांश स्वदेशी ड्रोनों में प्राइवेट कंपनियां और स्टार्टप्स चीनी पुर्जों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रही हैं।

## आप की बात

### स्टार्टअप की मदद

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है।

**राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, लखनऊ.**

### जीवाश्म ईंधन का विकल्प

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति और समाज का एक मिनट भी गुजारा होना संभव नहीं रह गया है।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**अयोध्या।** अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद के तत्वाधान में 14 सितम्बर को दीवानी न्यायालय परिसर, फैजाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसका शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रातः 10:30 बजे माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए किया जायेगा।

# दो माह लेट पूरा होगा राम मंदिर का निर्माण कार्य: नृपेंद्र मिश्र

जिला संवाददाता(vol)

- राम मंदिर परिसर का कार्य 30 जून 2025 तक हो जाएगा पूरा
- सिर्फ मंदिर के भवन पर ही लगाई जायेगी फसाड लाइटिंग
- सप्तर्षि मूर्तियों की स्थापना दिसम्बर 2024 तक संभव

**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण कार्य में तेजी लाने का प्रयास किया गया है। फिर भी विभिन्न वजहों से लक्ष्य से करीब दो माह लेट पूरा हो पाएगा। मुख्य कार्य मन्दिर का शिखर होता है जिसका निर्माण अक्टूबर प्रथम सप्ताह में इंजीनियरों की टीम की मौजूदगी में शुरू हो जाएगा। फिलहाल जिस गति से रामलला का मंदिर बन रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि अब वह दिन दूर नहीं जब संपूर्ण मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। और श्रद्धालुओं को पूरा मन्दिर देखने को मिलेगा। राम मंदिर निर्माण का प्रथम तल का निर्माण नवंबर तक पूरा हो जाएगा। यह जानकारी अयोध्या में निर्माण समिति की बैठक के बाद अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दी है। बताया कि



राम मंदिर परिसर में प्रभु राम के अलावा कई और ऋषि महापुरुषों के साथ देवी-देवताओं के मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।

जिसमें महर्षि वाल्मीकि , महर्षि अगस्त, महर्षि विश्वामित्र, माता अन्नपूर्णा, अहिल्या देवी, निषाद राज, माता शबरी के मंदिर मुख्य हैं। इसके अलावा राम मंदिर परिसर में राम दरबार की स्थापना की जाएगी।राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक के बाद पत्रकारों के पूछे जाने पर मन्दिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि शिखर के निर्माण में अनुमानित लगभग 120 दिन लगेंगे।

हमारा लक्ष्य दिसंबर तक था लेकिन वह संभव नहीं हो पा रहा है। शिखर का निर्माण फरवरी 2025 तक पूरा होगा। परिसर में बन रहे सप्त मंदिर की मूर्तियां जयपुर में बन रही है। ऋषि मुनियों की मूर्तियां उसकी स्थापना यहां पर हो यह कार्य दिसंबर 2024 तक पूर्ण हो जाएगा। राम मंदिर परिसर का कार्य 30 जून 2025 तक पूरा हो जाएगा। मंदिर का भवन फसाड लाइट से सुसज्जित होगा। परिसर में इस प्रकार की लाइटिंग नहीं होगी। केवल मंदिर के भवन पर ही फसाड लाइटिंग लगाई जाएगी। मंदिर के वातावरण के अनुकूल ही लाइट लगाई जाएगी, जो श्रद्धा का अर्चना का वातावरण है जो श्रद्धालु चाहते हैं उसके अनुकूल ही फसाड लाइटिंग लगाई जाएगी। फसाड लाइट का टेंडर संभवत नवंबर के अंत तक हो जाएगा।

## निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के लिए नामित नोडल अधिकारी संयुक्त सचिव, इकोनॉमिक्स अफेयर, भारत सरकार आलोक तिवारी ने जनपद बहराइच के एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा पूर्व में स्वीकृत धनराशि से कृषि विज्ञान केन्द्र में निमार्णाधीन हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट, मशरूम स्पान उत्पादन एवं प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम निर्माण खण्ड-4 बहराइच के सहायक अभियन्ता चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी ने बताया कि निमार्णाधीन मशरूम स्पान उत्पादन एवं प्रशिक्षण केन्द्र की स्वीकृत लागत रू. 95.25 लाख तथा किसान प्रशिक्षण केन्द्र की लागत रू. 17.10 लाख निर्धारित है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि निर्माण कार्य को माह दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। नोडल अधिकारी श्री तिवारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराया जाय। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## वित्त पोषित इकाइयां होंगी पुरस्कृत

**बहराइच।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तपोषित खादी ग्रामोद्योगी इकाईयों को अच्छे एवं उत्कृष्ट उत्पाद तथा बिकी करने वाली इकाईयों के उत्साहवर्धन हेतु न्यूनतम 03 वर्षों में स्थापित एवं निरन्तर कार्यरत 4 इकाईयों को पुरस्कृत किया जाएगा। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य है वे अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप पर फोटो, आधार कार्ड, जाति, निवास, अनुभव, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड व बैंक पास बुक की छाया प्रति के साथ पूर्ण आवेदन 25 सितम्बर 2024 तक उनके कार्यालय में व्यक्तिगत/डाक द्वारा उपलब्ध करा सकते हैं। योजना के बारे जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो.न. 9580503159 पर सम्पर्क भी किया जा सकता है।

# बस चालक ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील के खंडासा थाना क्षेत्र में दलित किशोरी से गैर समुदाय के युवक ने दुष्कर्म किया जिसे पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह मामला अभी चल ही रहा था कि खंडासा थाना क्षेत्र के उसी गांव के पड़ोस वाले गांव मे 16 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि उनके पड़ोस में रहने वाले बस ड्राइवर ने रात में घर में घुसकर सो रही उनकी बेटी से छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता किशोरी के पिता ने खण्डासा पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि बीते मंगलवार की कि मध्य रात घर के कुछ दूर पर भाड़े के कमरे में रह रहा बस चालक खिड़की के रास्ते घर में घुस गया। जहां मेरी दो बेटियां साथ में सो रही थी। युवक ने पहुंच कर एक बेटी के साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म किया।

बेटियों के चिल्लाने और गुहार की आवाज सुन जब तक दरवाजा खोलकर अंदर घुसते तब तक वह खिड़की का दरवाजा खोलकर धान के खेत के रास्ते भाग गया। पीड़िता किशोरी ने बताया कि दुष्कर्म करने वाले युवक की मोबाइल गिर गई थी जिसे मैंने पाया। पीड़िता किशोरी के परिजनों का कहना है कि आरोपी युवक गोंडा जनपद का रहने वाला है जो अमरगंज क्षेत्र के एक बस संचालक की बस चलता है। आरोपी बस चालक घर के पास में कमरा लेकर रह रहा था। घटना के बाद से भाग गया है। खण्डासा पुलिस का कहना है कि पीड़िता किशोरी के पिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता किशोरी का मेडिकल कराने के बाद बयान भी दर्ज कराया जा रहा है। वहीं आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है जल्द ही गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# वन्य जीव के हमले में तीन घायल

जिला संवाददाता(vol)

- घायलों में एक बच्चा और दो महिलाएं शामिल
- ग्रामीणों ने जताया आदमखोर भेड़िए पर शक

**बहराइच।** महसी तहसील के भेड़िया प्रभावित इलाके के तीन अलग-अलग गांवों में हिंसक वन्यजीव ने हमला कर छह वर्षीय बच्चे और दो महिलाओं को घायल कर दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।गांववाले इसे भेड़िए द्वारा किया गया हमला बता रहे हैं जबकि वन विभाग के अधिकारी व भेड़िया विशेषज्ञ वैज्ञानिक इसे सियार अथवा कुत्तों द्वारा किया गया हमला करार दे रहे हैं।हाल ही में छह भेड़ियों के एक झुंड ने महसी तहसील के करीब 50 गांवों के हजारों लोगों को दहशत में डाला हुआ है। अधिकारी बीते मंगलवार तक छह में से पांच भेड़ियों को पकड़ चुके हैं जबकि एक मात्र बचे भेड़िए को पकड़ने के लिए वन विभाग पूरी कोशिश में जुटा है।हमले में घायल महिला के परिजनों ने बताया कि सिंगिया नसीरपुर गांव में बृहस्पतिवार रात साढ़े 10 बजे गुड़िया नाम की महिला (26) घर के कमरे में अपनी बेटी को सुला रही थी कि तभी भेड़िए ने हमला कर महिला के गले और चेहरे को जख्मी कर दिया। महिला को बहराइच के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।अधिकारियों ने बताया कि दूसरी घटना हरदी थानांतर्गत नरकोटवा गांव की है, जहां बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात करीब एक बजे ननकऊ(6) पर एक अज्ञात हिंसक जानवर ने हमला कर उसे घायल कर दिया।

उन्होंने बताया कि तीसरी घटना देर रात करीब दो बजे महसी तहसील के सम्मनपुरवा गांव में हुई, जहां मुकिमुन्निशा (45) नाम की महिला पर भेड़िए ने पीछे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मुकिमुन्निशा को भी इलाज के लिए बहराइच के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने अधिकारिक बयान में बताया कि तीनों घटनाओं के लिए देहरादून से आए डब्ल्यू.आई.आई. के विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉ. शहीर खान को शुरुआती जांच में किसी जानवर का पद चिन्ह नहीं मिला है अथवा आसपास सियार व कुत्तों के पैरों के निशान मिले हैं। भेड़िए के पदचिन्ह कहीं नहीं मिले हैं। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कर उनका इलाज कराया जा रहा है।

## जिला पंचायत की बैठक संपन्न



**बहराइच।** जिला पंचायत अध्यक्ष सिंहकी अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित जिला पंचायत की बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, सौभाग्य योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, मिशन इन्द्रधनुष, मुद्रा योजना, वन नेशन वन कार्ड, मनरेगा, सभी प्रकार की पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सदस्यों द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों की मरम्मत न कराये जाने की समस्या उठायी गई। अध्यक्ष श्रीमती सिंह द्वारा अधि.अभि. जल निगम को निर्देश दिया गया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार परिसम्पत्तियों की मरम्मत का कार्य करा दिया जाय।बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा क्षतिग्रस्त मार्गों की समस्या उठाये जाने पर अध्यक्ष द्वारा अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार को निर्देश दिया गया कि सदस्यों द्वारा इंगित किये गये मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कराकर मरम्मत की कार्ययोजना तैयार कर शासन को प्रेषित करें तथा स्वीकृति हेतु अपने स्तर से प्रयास भी करें। बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा अधिकारियों विशेषकर विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा फोन रिसीव न करने सम्बन्धी शिकायत पर अध्यक्ष द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि फोन अनिवार्य रूप से रिसीव करें तथा जनप्रतिनिधियों एवं उपभोक्ताओं की ओर से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समाधान भी कराया जाय। बैठक के दौरान उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, पीडी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह द्वारा आवासीय योजनाओं, अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर ने जल जीवन मिशन, अधि.अभि. विद्युत शैलेन्द्र कुमार ने पीएम सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य), जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने पीएम उज्ज्वला योजना व वन नेशन वन राशन कार्ड, डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह ने स्वास्थ्य बीमा के लिये आयुष्मान भारत एवं पीएम जन आरोग्य योजना एवं मिशन इन्द्रधनुष व अन्य अधिकारियों द्वारा भी विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं प्रगति से सदन को अवगत कराया गया।बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत डॉ. वीरेन्द्र बहादुर ने किया। इस अवसर पर सांसद बहराइच आनन्द गोंड, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक कैसरगंज आनन्द कुमार यादव, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि करनवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह व अन्य अधिकारी, क्षेत्र पंचायत प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हृदय में राम पर चर्चा

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** शुक्रवार को शहर के टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हृदय में राम पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, विद्यालय की निर्देशिक बिन्नी सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, मुक्ति श्रीवास्तव इस कार्यक्रम के संयोजक शाश्वत पाठक स्कूल के सभी छात्र -छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आरंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा भगवान राम को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं मनमोहक भजन प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के नन्हें मुन्नें छात्रों द्वारा प्रभु श्री राम के जीवन पर आधारित सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि ने छात्रों से हर हृदय में बसने वाले राम पर चर्चा की, छात्रों ने भी अपनी जिज्ञासा के अनुसार हृदय में राम पर मुख्य अतिथि से प्रश्न पूछे तथा मुख्य अतिथि द्वारा उन प्रश्नों के समुचित उत्तरों ने छात्रों की जिज्ञासा को शांत किया । तत्पश्चात विद्यालय की निर्देशिका द्वारा छात्रों को प्रभु श्री राम के आदर्शों व मूल्यों का अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को अपना अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## कब्र से निकाला गया शव

**अयोध्या।** जनपद के थाना तारुन क्षेत्र में सर्प दंश से हुई मौत के मामले में शुक्रवार को करीब 15 दिन बाद कब्र खोद शव निकाला गया है। मृतक के परिवार की ओर से पोस्टमार्टम के लिए प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। इस दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। बता दें कि थाना क्षेत्र तारून अंतर्गत ग्राम सभा बेलगरा मजरे सहसीपुर निवासी गोविंद बनराजा पुत्र राजेश को 28 अगस्त को सर्प ने डस लिया था।जिसकी जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। तब परिवार वालों ने पोस्टमार्टम ना करवा कर सीधे मनिहरवा बाबा के मैदान में शव को दफन कर दिया था।

# प्रधानमंत्री खेलकूद प्रतियोगिता का राज्य मंत्री ने किया शुभारंभ



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** विकासखंड मिल्कीपुर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का आयोजन गहनाग बाबा सोलहीमील खेल मैदान पर किया गया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया।इस मौके पर खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल को जरूरी बताया कहा कि फैजाबाद के पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बड़ी पहल करते हुए ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस खेल प्रतियोगिता का शुरूआत किया है और विगत 5 वर्षों से इसका आयोजन लगातार करते आ रहे हैं।

खेल प्रतियोगिता के पहले दिन कबड्डी में करमडांडा ने जोरियम को 18-05 से, गोठवारा ने कहुआ को 18-13 से, सेवरा ने भदोखरा को 18-07 से हराया। वॉलीबॉल में कुचेरा बाजार ने उधुई को 15-08 से,कीन्हूपुर ने मरेमा को 15-12 से,पलिया ने देवरिया को 15-11 से हराया। रस्साकसी में कीन्हूपुर ने भदोखरा को तथा मरेमा ने करमडांडा को हराया।वॉलीबॉल में निर्णायक की भूमिका सरवरे आलम,बृजेश मिश्रा,वसीम खान, मोहम्मद हुसैन ने तथा कबड्डी में पंकज दूबे,उत्कर्ष सिंह,वीरेंद्र यादव ने निभाई। प्रधानमन्त्री खेल प्रतियोगिता के लोकसभा प्रभारी शिक्षक नेता विश्वनाथ सिंह ने कार्यक्रम का संचालन तथा अध्यक्षता अनिल दूबे ने किया। खेल प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह,जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा,बबलू पासी,मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी,अर्जुन सिंह,दीपक पाठक,श्याम नारायण पाठक,राघवेंद्र पांडेय,कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू,राम सजीवन मिश्रा,राधेश्याम त्यागी,रामू प्रियदर्शी,शांती पासी,चंद्रभानु पासवान,चंद्रकेश रावत,विनय रावत,सियाराम रावत,काशीराम पासी,अमरनाथ बंसल,शिक्षक नेता चंद्रशेखर सिंह दिवाकर पाण्डेय समेत हजारों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता(vol)



**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के लिए नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी संयुक्त सचिव, इकोनॉमिक्स अफेयर, भारत सरकार आलोक तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक जनपद/विकास खण्ड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए नीति आयोग द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य पोषण, शिक्षा, मूलभूत संरचना, कृषि एवं जल संसाधन, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन इत्यादि सूचकांको में अर्जित की गई उपलब्धियों पर संतोष जताते हुए अधिकारियों को आहवान किया पूर्व की भांति ही टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद को प्रदेश के अग्रणी जिलों में स्थान दिलाने का प्रयास करें। श्री तिवारी ने अधिकारियों को आहवान किया कि आकांक्षी जनपद व ब्लाक के विकास के लिए बेहतर रोडमैप तैयार कर उसे निर्धारित समयावधि में क्रियान्वित की करें। नोडल अधिकारी श्री तिवारी ने जिले के अधिकारियों को सुझाव दिया कि जिले में साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराया जाय तथा ड्राप आउट बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम वलाकर उन्हें शिक्षित किया जाय। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी ग्राम पंचायतों को नेट सुविधा से सुसज्जित किया जाय ताकि ग्राम के पंचायत सचिवालय पूरी क्षमता के साथ आमजन को सेवाएं प्रदान कर सकें। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के माध्यमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों तथा परीक्षाफल का परीक्षण करा लिया जाय ताकि शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन हो सके। श्री तिवारी ने कहा कि आकांक्षी के विकास में जहां भी उनके सहयोग की आवश्यकता हो निःसंकोच उनके संज्ञान में लाया जाय ताकि वे अपने स्तर पर भारत सरकार में प्रयास कर सकें। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों में अर्जित की गई उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, पीडी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, डीसी मनरेगा सतीश पाण्डेय, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 7 से संचालित होगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिले में 17 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2024 तक संचालित होने वाले ह्यह्यस्वच्छता ही सेवा अभियान तथा 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता की जयंती के अवसर पर स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को शासन की मंशानुरूप संचालित करने के उद्देश्य से वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी द्वारा मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अभियान अन्तर्गत नागरिकों, समुदायों एवं संगठनो की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जन जागरूकता, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता से सम्बन्धित प्रतियोगिताऐं, वाकथॉन, मैराथन, वृक्षारोपण इत्यादि विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएं।

अभियान अन्तर्गत संचालित होने वाले आयोजनों एवं कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय। डीएम द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि अभियान अन्तर्गत ग्राम व वार्डों के तिथिवार रोस्टर निर्धारित कर सफाई गैंग को नामित कर दिया जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि सभी गैंग आवश्यक संसाधनों से लैस होंगे तथा गैंग में शामिल सभी सदस्य हैण्ड ग्लव्स के साथ पूरी यूनीफार्म में रहेंगे।

डीएम ने कहा कि अभियान के दौरान स्वभाव, संस्कार, जिम्मेदारी एवं भागीदारी के संदेश के साथ हर घर को अभियान से जोड़कर, प्रतियोगिताएं आयोजित कर, युवा राजदूत के रूप में युवाओं को जोड़कर समूह चचाएं एवं रैलिया आयोजित की जाएं। डीआईओएस को निर्देश दिये गये कि अभियान के दौरान कार्यक्रम की थीम पर आधारित पोस्टर, पेंटिंग, नारा लेखन, स्वच्छता प्रश्नोत्तरी इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित कराएं तथा नगर निकायों में उपलब्ध निष्प्रयोज्य सामग्री का प्रयोग कर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से विभिन्न प्रकार मॉडल व आर्ट पीस का निर्माण कर किसी उपयुक्त स्थान पर वृहद प्रर्दशनी लगायी जाय।

उत्कृष्ट 10 मॉडल तैयार करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी कराया जाय। डीएम ने यह भी कहा कि प्रदर्शनी के पश्चात इन मॉडलों को नगर निकायों के पार्कों में शिफ्ट कर दिया जाय।

डीएम ने कहा कि अभियान के दौरान श्रमदान के साथ मेगा स्वच्छता अभियान चलाकर प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों का स्वच्छता की गतिविधियों के माध्यम से सौन्दर्गीकरण, वृक्षारोपण, कचरे से कला आदि के माध्यम से सार्थक बदलाव लाने का प्रयास किया जाय।

अमृत सरोवरों पर एक पेड़ मॉ के नाम की तर्ज पर पौधरोपण तथा मानव श्रृंखला का निर्माण किया जाय। नागरिक भागीदारी और साझेदारों के सहयोग से वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यालय, संस्थागत भवन, वाणिज्यिक व बाजार क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक परिवहन केंद्र, प्रमुख सड़कें और राजमार्ग, रेलवे ट्रैक, अभयारण्य, चिड़ियाघर क्षेत्र, ट्रैकिंग और कैंपिंग स्थल, जल निकाय, पर्यटन स्थल, धार्मिक व आध्यात्मिक स्थान जैसे परिसरों की साफ-सफाई करायी जाय। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि अभियान अवधि में ग्राम स्तर मिनी हेल्थ कैम्प आयोजित कर दवा इत्यादि के वितरण के साथ फागिंग भी करायी जाय।

## टेबल टेनिस में बाल कृष्ण और ज्योतिका अव्वल

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के 29वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में परिसर के पद्मश्री अरूणिमा सिन्हा भवन में खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में बाल कृष्ण यादव (बी.पी.एड.) ने तीन सेट में 11-08 व 11-07 से अनुभव सिंह यादव (एम.बी.ए.) को पराजित किया। वहीं महिला वर्ग में ज्योतिका देवी (बी.पी.एड.) ने तीन सेट में 11-05 तथा 07-00 से प्रीति कुशवाहा (बी.पी.ई.एस.) को पराजित किया। इस प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि डॉ0 पूनम शुक्ला, राजामोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज रही। उन्होंने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक कुमार मंगलम सिंह, आनन्द मौर्य व कन्हैया रहे।

आवासीय परिसर क्रीडा समिति के सचिव डॉ. सुरेंद्र मिश्र ने बताया कि 14 सितम्बर दिन शनिवार को रस्साकसी (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ0 अनुराग पांडेय ने किया। इस अवसर पर आकाश सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# मंगेश यादव एनकाउंटर पर कांग्रेस ने उठाया सवाल

## मिल्कीपुर उप चुनाव को लेकर आ रहे हैं राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल

- कानून व्यवस्था पर 18 को मंडल मुख्यालय पर प्रदर्शन
- मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में थाने का घेराव करेगी कांग्रेस

**अयोध्या।** प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर 18 सितंबर को प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करेगी। वहीं मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता थाने का घेराव कर कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस ने सुल्तानपुर ज्वेलर्स डकैती में मंगेश यादव एनकाउंटर पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी आलोक प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था काफी खराब है। जिसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता उत्तरप्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में थाने का घेराव होगा। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ने इसी क्रम में मंगेश यादव एनकाउंटर पर कहा कि यह फेक एनकाउंटर हुआ है।प्रदेश उपाध्यक्ष



आलोक प्रसाद ने पत्रकारों से कहा कि प्रदेश में होने वाले 10 सीटों पर उपचुनाव को लेकर कांग्रेस कमेटी तैयारी में जुटी हुई है। जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है तभी से एनकाउंटर हो रहा है। बुलडोजर चल रहा है। ऐसा लग रहा है लोगों को चिन्हित करके काम किया जा रहा है। एक जुर्म में दूसरों को क्या सजा दी आ रही है उसी जुर्म में बाकी लोगों को क्या सजा दी जा रही है। प्रदेश में चिह्नित करके लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। जो एनकाउंटर हुआ है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी मौके गए थे। अखिलेश यादव भी मौके पर गए थे जो तथ्य निकाल कर आया है उससे प्रतीत होता है एनकाउंटर फेक है।अखिलेश यादव के बयान मठाधीश और माफिया पर कांग्रेस नेता आलोक प्रसाद ने कहा कि संत और मठाधीश बहुत पूजनीय होते हैं। इन लोगों का उच्च स्थान है। इनका जो पहले गुण होना चाहिए वह क्षमा का होना चाहिए। सौहार्द का होना चाहिए। लेकिन इस समय जो काम चल रहा है ऐसा लग रहा है कानून का राज नहीं है जंगल का राज है। प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है।आए दिन बलात्कार का मामला सामने आ रहा है। अयोध्या भी उसमें अछूता नहीं है। राम की नगरी है।हर दूसरे तीसरे दिन दुष्कर्म की घटना हो रही है। प्रदेश में गुंडे और माफिया लोग हावी हैं।इसी को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने निर्णय लिया है, 18 सितंबर को प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर कानून व्यवस्था को लेकर प्रशासन को घेरेंगे साथ ही मिल्कीपुर में भी थाने का घेराव करेंगे।

मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है।इसी सिलसिले में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सतनारायण पटेल कार्यकताओं के साथ बैठक करने के लिए आ रहे हैं। उक्त बैठक की तैयारी को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद अयोध्या पहुंचे हैं। शुक्रवार को मिल्कीपुर के अमानीगंज ब्लाक के न्याय पंचायत स्तर के पदाधिकारी के साथ बैठक की। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया। बैठक में कमलासन पांडे, तेजबली पांडे, प्रशांत पांडे, गंगाराम यादव, संतोष तिवारी, उपेंद्र सिंह लालू, अमरीश पांडे, रमोट पासी, बृजेश रावत आदि रहे।

संक्षेप

## चोरी का खुलासा, 1 महिला गिरफ्तार

**बाराबंकी**। थाना बड्डूपुर पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुये एक शातिर अभियुक्ता को जेवरात, नगदी बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा0 अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने ग्राम डेढ़ पसरी मजरे इटौंजा से अभियुक्ता पूनम देवी पत्नी सुनील कुमार निवासी डेढ़ पसरी मजरे इटौंजा थाना बड्डूपुर को 2 जोड़ी पाजेब, 2 जोड़ी कमर बिछिया, 2 जोड़ी पायल, 7 जोड़ी बिछिया, 1 जोड़ी कान का बाला, 1 अदद मटरमाला, 1 अदद मांग टीका, 1 अदद नथुनी, 1 अदद बुन्दा 6,000 रुपए नकद बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष थाना बड्डूपुर मनोज कुमार, उ0नि0 निष्कर्ष, का0 नीतेश कुमार, अरविन्द यादव, म0का0 अनुराधा बाजपेयी मौजूद रहे।

## शारदा पब्लिक स्कूल को सीबीएसएसी बोर्ड की मिली मान्यता

**चांदा, सुल्तानपुर**। क्षेत्र के शारदा पब्लिक स्कूल आनापुर नारायणगंज को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली सीबीएसई बोर्ड ने चालू वर्ष के लिए मान्यता प्रदान किया है। विकासखंड प्रतापपुर कमैचा में सीबीएसई बोर्ड की मान्यता प्राप्त करने वाला यह इकलौता विद्यालय है। शारदा पब्लिक स्कूल को मान्यता मिलने से प्रबंध समिति के पदाधिकारियों सहित अभिभावकों ने खुशी का इजहार किया है। शारदा पब्लिक स्कूल बेहतर अनुशासन उच्च स्तरीय शिक्षण के साथ लगातार इलाके में अपना स्थान बनाएं हुए है। विद्यालय के प्रबन्धक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि सीबीएससी की मान्यता मिल गई है। विद्यालय में शिक्षक का स्तर और बेहतर किया जाएगा, ताकि हम सीबीएसई के मानदंडों का पालन सुनिश्चित कर सके। श्री पांडेय ने कहा कि अब इलाके बच्चों को स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने के लिए शहर की तरफ नहीं जाना पड़ेगा। अनिल मिश्र, पिंटू दूबे, श्रीकांत मिश्र, विनय पांडेय ने मान्यता मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में चार पर केस

**कादीपुर, सुलतानपुर**। दहेज उत्पीड़न के मामले पुलिस ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव के राजा राम ने अपनी पुत्री रानी की शादी 3 जून 2018 को कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव के श्री राम के पुत्र कुलदीप के साथ की थी। शादी में खिचड़ी की रस्म के दौरान चार चक्का वाहन की मांग शुरू हो गई। किसी तरह से समझाने बुझाने पर कुलदीप ने खिचड़ी की रस्म पूरी की। आरोप है कि जब लड़की अपने ससुराल आई तो ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर उसे ताना मारते थे और मारने पीटने लगे। खाना एवं कपड़ा भी देना बंद कर दिए थे। 17 सितंबर 2019 को उसके बेटा पैदा हुआ। इसके बाद चचिया ननद की दिल्ली में आयोजित शादी समारोह में मायके वालो के साथ जब रानी शादी में भाग लेने के लिए पहुंची तो ससुराली जन का व्यवहार ठीक नही रहा। आरोप है कि 10 सितंबर 2024 को चचिया ससुर एवं पति ने उसे लात घुसो से मार कर कादीपुर बाजार में छोड़ कर चले गए। जाते समय धमकी दिया कि अब मैं दूसरी शादी कर लूंगा। शुक्रवार को पिता राजाराम की तहरीर पर पुलिस ने पति कुलदीप, ससुर श्री राम, चचिया ससुर बाबूलाल एवम चाची शेषा के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है।

# उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने किया प्राचार्य का सम्मान



जिला संवाददाता (vol)

**सुल्तानपुर**। शिक्षक दिवस के अवसर पर माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर में दीक्षान्त समारोह में प्रो.( डॉ ) अंग्रेज सिंह राणा प्राचार्य गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुल्तानपुर को शैक्षणिक व शैक्षणिक प्रशासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए उच्च शिक्षा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। सुल्तानपुर जनपद के लिए यह गौरव का क्षण था जब गनपत सहाय महाविद्यालय के प्राचार्य को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य द्वारा जब से कॉलेज में कार्यभार ग्रहण किया गया है, महाविद्यालय की रूपरेखा ही बदल गई है। संस्थान में पढ़ाई का विषय हो, नवीन नामांकन हो, स्वच्छता का विषय हो या शिक्षकों के मध्य समन्वय की बात हो, हर पहलू पर प्राचार्य द्वारा गहनता से ध्यान दिया जाता है और शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों की सहूलियतों का भी ध्यान रखा जाता है। महाविद्यालय में नामांकन की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हुई है और शिक्षा की क्षेत्र में नित नहीं ऊंचाइयां महाविद्यालय प्राप्त कर रहा है। वर्ष 2023 में प्राचार्य द्वारा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार भी गनपत सहाय महाविद्यालय पयागीपुर में आयोजित किया गया था जिसमें देश के सुप्रसिद्ध वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया था।इस सेमिनार में भी उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई थी।

## चोरी के आभूषण, बाइक और 12038 रुपये के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

**अमेठी**। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उ.नि. रामसागर पटेल थाना इन्हौना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुगीर्दाना फैक्ट्री मोड़ हजारीगंज बार्डर के पास से अपाची मोटरसाइकिल सवार 2 अभियुक्तों .जुम्मन अली पुत्र रज्जब अली उम्र 20 वर्ष व अब्बास अली पुत्र जफर हुसैन उम्र 21 वर्ष निवासीगण भीखीपुर थाना इन्हौना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त जुम्मन अली के कब्जे से 1000 रु., पीछे बैठे अभियुक्त अब्बास अली के कब्जे से 300 रुपये व हाथ में लिए झोले से 1 जोड़ी झुमकी पीली धातु, 1 लैकेट मंगलसूत्र पीली धातु, 7 जोड़ी पायल सफेद धातु, 01 जोड़ी पुरानी पायल सफेद धातु, 8 बिछुआ सफेद धातु, छुल्ला बच्चे का घुंघुरू लगा हुआ सफेद धातु, 4 पैकेट बादाम, 2 डिटर्जेंट टिकिया, एक पन्नी में रेजगारी 1 रु. के 289 सिक्के, 2 रू0 के 379 सिक्के, 5 रु. के 93, 10 रु. के 80 सिक्के, 5 रु. 36 नोट, 10 रु. के 4 नोट, 2 रु. के 03 नोट, 100 रु. के 37 नोट, 500 रु. की 9 नोट, 1 अदद आधार कार्ड जिस पर मो. तमीम नाम अंकित है, 1 पुरानी पासबुक बरामद हुई। बरामद सामान व रुपए के संबंध में पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि यह जेवरात हमलोगों ने ग्राम बहादुरपुर मजरे खारा से एक घर से चोरी किये थे इसमें से कुछ जेवरात हमलोगों ने राह चलते लोगों को बेंच दिये थे । बरामद सिक्के पुरानी नोटें, बादाम व साबुन 2 दिन पहले रात में अपने ही गांव में एक परचून की दुकान में घुसकर गल्ले में रखे रुपये, पासबुक व आधार कार्ड चोरी किये थे। बचे हुए रुपये व सिक्के उन्हीं चोरियों के है जिसमें से कुछ रुपये हमलोगों ने खर्च कर दिये है । मोटरसाइकिल अपाची यूपी 36 पी 2882 के कागजात मांगने पर दिखा न सके तथा मोटरसाइकिल के बारे में पूछने पर बताये कि यह मोटरसाइकिल हम दोनो ने 28जुलाई की रात्रि को बस स्टेशन जेर मस्जिद जायस से चुराई थी पकड़े जाने के डर से नम्बर प्लेट बदल दिया था । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया ।

# राष्ट्रीय पोषण अभियान के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली




**अमेठी**। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आज सभी परियोजनाओं में पोषण रैली का आयोजन किया गया। सिंहपुर में सीडीपीओ धर्मेंद्र गौतम द्वारा पोषण के विषय पर एक गोष्ठी की गई। जिसमें सभी कार्यकत्रियों को अपने केंद्र पर एक पेड़ अपने मां के नाम लगाने तथा सैम बच्चे के घर पर भी सहजन का पेड़ लगाने की अपील की गई।

गर्भवती महिलाओ के यहां गृह भ्रमण कर प्रसव पूर्व तैयारी करवाने, जन्म से 06 माह तक के बच्चो को सिर्फ मां का दूध इसके अलावा कुछ नही का संदेश प्रचारित करने हेतु कहा गया। इसके बाद पोषण रैली निकली गई। रैली में आगनवाड़ी कार्यकत्री यूनिसेफ बीएमसी साधना और बीएमएम ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्य सेविका आदि मौजूद थीं। इसी प्रकार कस्थूनी पश्चिम मुसाफिरखाना में मुख्य सेविका रीता सिंह व निशा सिंह, जायस बहादुरपर में मुख्य सेविका किरण सिंह व शिवकांती तथा शाहगढ में सीडीपीओ ममता नायक के अगुवाई में पोषण अभियान के तहत पोषण जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें प्राइमरी पाठशाला के अध्यापक विकास खंड शाहगढ के एडीओ पंचायत व कर्मचारी आगनबाड़ी कार्यकत्री व बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## युवक का शव संदिग्ध हालत में पेड़ से लटका मिला

**बकेवर, इटावा**। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम न्यामतपुर से चार दिन से लापता 22 वर्षीय युवक गला हुआ शव बीहड़ में संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका मिला। शव को शुक्रवार को सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर बीहड में पेड़ पर साड़ी से लटका हुआ देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दी।परिजनों की सूचना लवेदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक युवक का शव पेड से उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया शव गलने के कारण दुर्गंध फेंक रहा था। युवक के पत्नी से झगड़ा होने के चलते आत्महत्या करने की बात स्वजनों द्वारा बताई जा रही है। युवक मजदूरी करता था। तीन साल पहले शादी हुई थी।

लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम न्यामतपुर निवासी कैलाश प्रजापति का 22वर्षीय पुत्र चुंगी लाल प्रजापति सोमवार को मैनपुरी जनपद के ग्राम सवापुर थाना किशनी अपनी ससुराल में साले के जन्म दिन कार्यक्रम में शामिल होने पत्नी के साथ गया हुआ था।बताते हैं ससुराल में भी चुंगीलाल का अपनी पत्नी मीरा देवी के साथ किसी बात पर विवाद हुआ। मंगलवार को ससुराल से पत्नी के साथ वापस घर आया।जहाँ घर पर भी दोनों में फिर विवाद हुआ था। इस पर घर में थोड़ी देर रूकने के बाद युवक चुंगीलाल बिना बताये घर से एक साड़ी लेकर निकल गया था। जब पुत्र देर शाम घर नही लौटा तो परिजनों को चिन्ता हुई तो उन्होंने पास पड़ोस गॉव में तलाश की लेकिन पुत्र का कोई पता नही लग सका।उसका मोबाइल फोन भी नहीं लगा था।

शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीण बीहड़ में गए। तो गांव से करीब पौन किमी दूर बीहड़ में। एक खार में उन लोगो ने एक युवक का शव साड़ी से लटकता हुआ देखा शव बुरी तरह दुर्गंध दे रहा था । जैसे ही युवक के शव लटके होने की की जानकारी गांव में हुई तो ग्रामीण मौके पर पहुँचे और मृतक युवक के परिजनों को सूचना दी।परिजन मौके पर पहुँचे घटना की जानकारी पिता ने लवेदी थाना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुँची और मृतक युवक चुंगी लाल का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया। कार्यवाहक थानाध्यक्ष लवेदी संजय कुमार ने बताया कि ससुराल में पति पत्नी के बीच आपस में किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी जिसके कारण चुंगी लाल ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाई की जाएगी।

# भिक्षु संघ ने दिया बुद्धं शरणं गच्छामि का संदेश



- युद्ध से कभी किसी समस्या का हल नहीं हुआ, दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत – भिक्षु बुद्ध दीप
- वर्षा वास कार्यक्रम में गुरुवार को हुई आधा दर्जन धम्म गोष्ठियां
- बौद्ध धम्म के तीर्थ स्थलों और उनके इतिहास पर हुआ संवाद

**गौरीगंज**। सिरमौर बौद्ध विहार सोइया में वर्षा वास का कार्यक्रम जारी है। वर्षा वास के दौरान भिक्षु संघ ने गुरुवार को गांवों का भ्रमण कर धम्मोपदेश दिए।गांव भ्रमण के दौरान आधा दर्जन धम्म गोष्ठियों का आयोजन हुआ।

गुरुवार की धम्मदेशना बौद्धों के पवित्र स्थल और उनके इतिहास पर केंद्रित रही। सुबह भ्रमण आठ बजे शुरू हुआ।पूरे गोपाल, सैदापुर, भगवानपुर, बारामासी, ताला का भ्रमण करते हुए भिक्षु संघ, उपासकों के साथ वापस बुद्ध विहार पहुंचा। यहां अपराह्न तीन बजे से पांच बजे तक धम्मदेशना हुई।गांव भ्रमण के दौरान धम्म गोष्ठियों का आयोजन और सूक्ष्म जलपान भंते धम्मदीप, संजय कुमार, जिया लाल बौद्ध, और नागेश्वर बौद्ध ने कराया।त्रिशरण पंचशील की व्याख्या के बाद भंते धम्मदीप, भंते बुद्ध दीप ,भंते प्रज्ञा मित्र और भंते सीलवंत ने भगवान बुद्ध के गृह त्याग, ज्ञान प्राप्ति और धम्म चक्र प्रवर्तन की घटनाओं का उल्लेख करते हुए बुद्धं सरणं गच्छामि का संदेश दिया। धम्मदेशना के सायंकालीन सत्र में प्रतापगढ़ से आए भंते धम्मदीप ने बौद्ध धर्म के तीर्थ स्थलों और वहां के वर्तमान परिवेश की जानकारी दी। भिक्षु बुद्ध दीप, मिजार्पुर ने कहा कि भगवान बुद्ध ने दुनिया को मानवता के संदेश दिए। बौद्ध धम्म मानव मानव के बीच समानता के सिद्धांत को प्रतिपादित करता है। वर्तमान में कराह रही मानवता के लिए बुद्ध के सत्य, अहिंसा और समता के संदेश और अधिक प्रासंगिक हो गये हैं। युद्ध से कभी किसी भी समस्या का हल नहीं हुआ। दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत है।

बौद्धाचार्य राम टहल,राम प्रताप,राम फल फौजी, डा नन्हे लाल, बाबू लाल, जगजीवन,दीपक आर्य,राजू बौद्ध, हरि भजन, मोती लाल बौद्ध, छोटे लाल, नीरज बौद्ध, रामदेव, रामदीन, धर्मेंद्र प्रताप, धर्मराज आदि मौजूद रहे।

## डीपीआरओ के निरीक्षण में 3 पंचायत सहायक अनुपस्थित मिले

**ऊसराहार, इटावा**। डीपीआरओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले तीन पंचायत सहायकों का मानदेय काटने के निर्देश दिए हैं समय पर ताखा में करीब चार पंचायतों के निरीक्षण में मिली कमियों तीन पंचायतों में अनुपस्थित मिले पंचायत सहायक सभी का वेतन काटा गया। डीपीआरओ बनवारी सिंह ने ब्लॉक क्षेत्र कि सरसईनावर पंचायत घर का निरीक्षण किया जहां पंचायत सहायक नहीं मिला जिसपर नाराजगी जताते हुए तीन दिन का मानदेय काटने के निर्देश दिये, वहीं मुर्चा टांडेहार पंचायत में बनी गोशाला का निरीक्षण किया जहां पर प्रधान व सचिव को मनरेगा से गोशाला की बाउंड्री बाल बनाने के निर्देश दिये, साथ ही पंचायतघर के निरीक्षण पर पंचायत सहायक अनुपस्थित मिला जिसका तीन दिन का मानदेय काटने के निर्देश दिये, बछरोई पंचायत में भी पंचायत सहायक अनुपस्थित मिला उसका भी मानदेय काटने के निर्देश दिये, बम्हनीपुर पंचायत में निमार्णाधीन अंतेष्टिस्थल का समय पर काम पूरा नहीं पर नाराजगी जाहिर की डीपीआरओ बनवारी सिंह ने बताया कि ब्लॉक की चार पंचायतों के निरीक्षण में तीन पंचायत सहायक पंचायत घर नहीं मिले जिनका मानदेय काटा गया है।

### राधा अष्टमी महोत्सव मना

**इटावा**। राधा अष्टमी महामहोत्सव के उपलक्ष्य में संत प्रेमानंद महाराज के शिष्यों के द्वारा माया मैरिज होम में राधा नाम संकीर्तन, औषधि अभिषेक व बधाइयां बांटी गई। झमाझम बारिश होने के बाद भी कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक हुआ। कार्यक्रम में डॉ आशीष दीक्षित, गंगाराम कुशवाह, विवेक यादव , विकास यादव, मंगल सिंह, शिवा ठाकुर, नितीश भदौरिया, हिमांशु यादव, गोल्डी यादव, अमित, अभि यादव, श्रीदेव, आशीष, प्रदीप जी, प्रदीप, सुमित का सहयोग रहा।

## दबंग से परेशान युवक ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार

**अमेठी**। जनपद के मुंशीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पुर कंधई नोहरेपुर गांव का है जहां का रहने वाला पीड़ित युवक मनोज को गांव के ही कुछ दबंगों ने और बताया कि जबरन उसकी जमीन को कब्जा करा दिया जाएगा और उन लोगों का कोई कुछ नहीं कर सकता यही नहीं पीड़ित मनोज ने बताया कि जान से मारने की धमकी भी दी गई इस दौरान युवक ने नजदीकी कोतवाली मुंशीगंज में तहरीर दी तो थाना अध्यक्ष द्वारा कोई उचित कार्रवाई न करने से परेशान युवक और अपने जान माल की



सुरक्षा को लेकर पूरी बात पुलिस अधीक्षक महोदय को अवगत कराया बताया कि विपक्षी अरविंद कुमार ने फोन पर धमकी देते हुए कहा कि इधर-उधर करोगे तो तुम्हारी जमीन जबरदस्ती कब्जा कर लेंगे और जो तुम कर पाओ कर लेना और जान से मारने की धमकी दे डाली जिससे डरा और सहमा हुआ है । पीड़ित युवक न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

## सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मियों का काटा वेतन, बाहर से दवा लिखने पर होगी कार्रवाई

**अमेठी** । जनपद के बाजार शुकुल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) में डॉक्टरों द्वारा बाहरी दवा लिखने की शिकायत के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ( सीएमओ ) डॉ. अंशुमान सिंह ने अचानक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण ने सीएचसी के कर्मचारियों में हड़कंप मचा दिया और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।डॉ. अंशुमान सिंह ने अस्पताल में चल रही सेवाओं का जायजा लेते हुए डॉक्टरों को बाहरी दवाएं लिखने पर सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अंतिम चेतावनी है और यदि भविष्य में बाहरी दवा लिखने की शिकायत मिली तो सीधे कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान, सीएमओ ने ओपीडी, पर्ची टेबल, और



चिकित्सक कक्ष की स्थिति की जानकारी ली और मरीजों को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को ओपीडी का दस प्रतिशत स्पूटम जांच के लिए भेजने का निर्देश दिया और लैब का निरीक्षण कर सभी प्रकार की जांच करने को कहा। डॉ. अंशुमान सिंह ने अस्पताल में चल रही सेवाओं का जायजा लेते हुए डॉक्टरों को बाहरी दवाएं लिखने पर सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अंतिम चेतावनी है और यदि भविष्य में बाहरी दवा लिखने की शिकायत मिली तो सीधे कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान, सीएमओ ने ओपीडी, पर्ची टेबल, और चिकित्सक कक्ष की स्थिति की जानकारी ली और मरीजों को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को ओपीडी का दस प्रतिशत स्पूटम जांच के लिए भेजने का निर्देश दिया और लैब का निरीक्षण कर सभी प्रकार की जांच करने को कहा।

## एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**बाराबंकी**। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित मेस, बैरक, व्यायामशाला, सीपीसी कैण्टीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर, यूपी-112 जनपद नियंत्रण कक्ष, महिला थाना, यातायात कार्यालय का पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आदेश कक्ष मे विभिन्न रजिस्टरो-अभिलेखो को गहनता से जांचा। तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा



**बाराबंकी**। जनपद में निमार्णाधीन परियोजनाओं को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में 50 लाख से अधिक लागत, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं। उन्हें जल्द से जल्द सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाए। तथा जो परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं उन्हें तत्काल पूर्ण कराया जाए। तथा जहाँ पर कार्य ठप पड़ा है उन ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करते हुए उनपर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। विलंबित परियोजनाओं के मामले में ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाई जाए। आईटीआई जहांगीराबाद में निर्माण कार्य, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा, में प्रयोगशाला, पुस्तकालय, मल्टीपर्पज हाल के निर्माण का कार्य, नगर पंचायत रामसनेहीघाट में पंचायत भवन, घाघरा नदी में एल्गिन ब्रिज चहलारी घाट में बांध का रक्षात्मक कार्य, आईटीआई नवाबगंज में वर्कशॉप के निर्माण का कार्य तथा 132/केवीए विद्युत उपकेंद्र रामनगर आदि के कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

## डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा



**बाराबंकी**। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सी0एम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सी0एम डैशबोर्ड की विस्तृत समीक्षा के दौरान जिला जिला पंचायतराज अधिकारी को योजनाओं में प्रगति खराब होनें के कारण प्रगति बढ़ाने, उपायुक्त स्वतः रोजगार को अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रगति बढ़ानें, जिला समाज कल्याण अधिकारी को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में कोई आवेदन पेन्डिंग में न रहने व समय सीमा के अन्दर उसका निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। समीक्षा बैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार बृजेश त्रिपाठी, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अतुल अवस्थी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मीनाक्षी श्रीवास्तव, उपनिदेशक कृषि श्रवण कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी समेत अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल रहे।

- अधिकारियों को योजनाओं में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रगति बढ़ानें के दिये निर्देश

# रसायन विज्ञान के विभिन्न आयाम पर हुई संगोष्ठी

- आरआरपीजी में रसायन विज्ञान परिषद का हुआ गठन

**अमेठी**। जनपद के आरआरपीजी कालेज के रसायन विज्ञान परिषद के तत्वावधान में रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 'रसायन विज्ञान के विभिन्न आयाम' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। संगोष्ठी में रसायन विज्ञान परास्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने अपने अपने प्रस्तुति द्वारा रसायन विज्ञान के विभिन्न जनउपयोगी आयामों पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी के संयोजक डॉ.अरविंद कुमार सिंह ने सभी को रसायन विज्ञान के विभिन्न अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह से रसायन विज्ञान हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संगोष्ठी के आयोजन सचिव डॉ.आदित्य बहादुर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। विषय परिवर्तन करते हुए डॉ.अनूप सिंह ने विज्ञान में रसायन के महत्व पर व्याख्यान दिया। डॉ.विजय कुमार सिंह ने रसायन विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों पर प्रकाश डाला।




संगोष्ठी में विद्यार्थियों द्वारा दिए गए प्रस्तुति के आधार पर रसायन विज्ञान परिषद के विभिन्न सत्रीय दायित्वों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। रसायन विज्ञान परिषद का अध्यक्ष आराधना पांडेय (एम.एस-सी.-क्कक्कसेमेस्टर),सचिव प्रशांत कुमार सिंह (एम.एस-सी.-कसेमेस्टर),कोषाध्यक्ष अदिति तिवारी(एम.एस-सी.-कसेमेस्टर),संयुक्त सचिव हरिओम तिवारी (एम.एस-सी.-क सेमेस्टर), अतिरिक्त सचिव शालिनी सिंह(एम.एस-सी.-क सेमेस्टर),एवं मुस्कान जायसवाल(एम.एस-सी.-क सेमेस्टर), प्रिंसी सिंह(एम.एस-सी.-क्कक्कसेमेस्टर) और आलोक शुक्ल (एम.एस-सी.-क्कक्कसेमेस्टर) को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। रसायन विज्ञान परास्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ.धनंजय सिंह ,डॉ.आशुतोष श्रीवास्तव व डॉ.विवेक सिंह व अन्य प्राध्यापक गण तथा संदीप श्रीवास्तव व नन्हेलाल सहित विभिन्न लोग उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा योजना से महिलाएं बनेगी आत्मनिर्भर

**कूरेभार, सुलतानपुर**। योजना के तहत महिलाओं का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर हुआ शुरू। उधोग एव प्रोत्साहन निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में यूपी इंडस्ट्रियल कंस्लल्टेंट्स लिमटिड यूपीकान लखनऊ के द्वारा शुक्रवार को अयोध्या प्रयागराज हाइवे पर द्वारिकागंज के समीप स्थित एक गेस्ट हाउस में कौशल व उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संयुक्त



आयुक्त उधोग अयोध्या मंडल सविता रंजन व उपयुक्त उधोग सुल्तानपुर नेहा सिंह ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान श्रीमती रंजन ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है और देश का नाम रोशन कर रही है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना महिलाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण योजना है। दस दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण में महिलाओं को सिलाई मशीन चलाने से लेकर अन्य प्रशिक्षण दिया जाएंगा। पहले चरण में 4 बैच में 100 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 525 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है। इस अवसर पर प्रशिक्षण किट सामग्री का वितरण किया गया।इस दौरान मनोज कुमार जिला कोआर्डिनेटर, रमा कांत शुक्ला, ट्रेनर, कुलदीप यादव, नेहा गुप्ता, संतोष सिंह, नीता, मनोज कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में महिला प्रशिक्षु मौजूद रही।

संक्षेप

## डायसन ऑनट्रैक हेडफोन के अम्बेसडर बने बादशाह

नई दिल्ली। डायसन ने आज संगीत कलाकार बादशाह को भारत में डायसन ऑनट्रैक हेडफोन का एम्बेसडर नियुक्त किया है। इस गठबंधन का शुभारंभ 23 सितंबर को डायसन के पहले हाई-फाईडेलिटी, ऑडियो-ओनली हेडफोनः डायसन ऑनट्रैक हेडफोन के लॉन्च के साथ होगा। भारत में लॉन्च से पहले, आज (यानी 12 सितंबर) से डायसन ऑनट्रैक हेडफोन का अनुभव चुनिंदा डायसन डेमो स्टोर में लिया जा सकेगा। ग्राहक डायसन.इन पर जाकर इस उत्पाद के लिए प्रि-रजिस्टर भी करा सकते हैं। डायसन की ऑडियो श्रेणी और उद्योग में परिवर्तन लाने की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका प्रमाण इस साल लॉन्च किए गए डायसन ऑनट्रैक हेडफोन से मिलता है। ये हेडफोन 30 साल से ज्यादा समय की एयरो-एकाउस्टिक खोज के बाद बनाए गए हैं, जो एक हाई-परफॉर्मेंस डिजाइन के साथ बेहतरीन साउंड क्वालिटी प्रदान करते हैं। भारत में डायसन ऑनट्रैक हेडफोन के लॉन्च के लिए हम बादशाह को अपना पहला डायसन ऑनट्रैक हेडफोन एम्बेसडर नियुक्त करके बहुत उत्साहित हैं। बादशाह पूरे देश में मशहूर हैं। वो अपने अद्वितीय संगीत, बेहतरीन फैशन और उच्च टेक्नोलॉजी की अपनी पसंद के साथ उद्योग में एक मानक बन गए हैं। हमें डायसन परिवार में बादशाह का स्वागत करने की खुशी है।

## वैलिएंस सॉल्यूशंस ने पेश किया वाइल्ड लाइफ आईक्यू

मुंबई। विभिन्न उद्योगों में अत्याधुनिक एआई टेक्नोलॉजी द्वारा डिजिटल परिवर्तन लाने वाले विश्व के अग्रणी संगठन, वैलिएंस सॉल्यूशंस ने वाईल्डलाईफआईक्यू का लॉन्च किया है। यह एक क्रांतिकारी एआई-पॉवर्ड प्लेटफॉर्म है, जो वन्यजीवों की प्रभावी निगरानी और संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। इस आधुनिक सिस्टम से वन्यजीवों की ट्रैकिंग और प्रबंधन की अतुलनीय क्षमताएं प्राप्त होती हैं, जिससे मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्यपूर्ण सहअस्तित्व सुनिश्चित होता है। हम वन्यजीव प्रबंधकों को सूचित निर्णय लेने में मदद करने वाली तकनीक प्रदान करना चाहते हैं, ताकि वो वन्यजीवों का बेहतर प्रबंधन करते हुए मानव और वन्यजीवों की मुठभेड़ की संभावना को कम कर सकें। वाईल्डलाईफआईक्यू संरक्षण के कार्य में टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहा है।

## रूस के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर बढ़ाकर 19 प्रतिशत की

मॉस्को। आर्थिक प्रतिबंधों से घिरे और यूक्रेन के खिलाफ जंग में उलझे रूस के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर में एक प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी करते हुए उसे 19 प्रतिशत पर पहुंचा दिया है। बैंक ऑफ रूस ने शुक्रवार को एक बयान में नीतिगत दर में बढ़ोतरी की जानकारी दी। उसने कहा कि घरेलू मांग में वृद्धि अभी भी वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति बढ़ाने की क्षमताओं से काफी आगे निकल रही है। इसके साथ ही रूसी केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति को अगले साल चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने के लिए नीतिगत दर में आगे और बढ़ोतरी की संभावना भी जताई। रूस में खुदरा मुद्रास्फीति इस समय 9.1 प्रतिशत के स्तर पर है। उच्च मुद्रास्फीति से निपटने के साथ सेना पर सरकारी खर्च बढ़ने से अर्थव्यवस्था की उत्पादन क्षमता और श्रमिकों के वेतन पर पड़ने वाले असर को कम करने के लिए ब्याज दर में बढ़ोतरी की गई है। हालांकि रूस की अर्थव्यवस्था तेल निर्यात से मिलने वाले राजस्व और सैन्य साजो-सामान समेत अन्य वस्तुओं पर सरकारी खर्च की वजह से ठोस वृद्धि दिखा रही है।

## चीन ने सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ायी

बीजिंग। चीन अगले साल से अपने कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाएगा, जो अब दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम उम्र वाली है। घटती आबादी और बुजुर्ग होते कर्मचारियों का सामना कर रहे देश में इस विस्तार को लंबे समय से लंबित माना जा रहा था। नीति में बदलाव 15 वर्षों में किया जाएगा, जिसमें पुरुषों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 63 वर्ष और महिलाओं के लिए 55 और 58 वर्ष होगी, जो उनकी नौकरी पर निर्भर करेगा। वर्तमान सेवानिवृत्ति की आयु पुरुषों के लिए 60 वर्ष है, और महिलाओं के लिए श्रमिक वर्ग में (ब्लू-कॉलर) 50 वर्ष और कार्यालय में (व्हाइट-कॉलर) नौकरियों में 55 वर्ष है। नीति अगले साल जनवरी से लागू की जाएगी। चीन की जनसंख्या और अर्थव्यवस्था के साथ उसके संबंधों का अध्ययन करते हैं।

# सेंसेक्स-निफ्टी रिकॉर्ड स्तर से फिसले



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों के एक दिन पहले रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद शुक्रवार को मुनाफावसूली का असर दिखा और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी हल्की गिरावट के साथ बंद हुए।

उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 71.77 अंक यानी 0.09 प्रतिशत गिरकर 82,890.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 309.49 अंक टूटकर 82,653.22 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 32.40 अंक यानी 0.13 प्रतिशत गिरकर 25,356.50 पर आ गया। इस तरह कारोबारी सप्ताह का समापन गिरावट के साथ हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,707.01 अंक यानी 2.01 प्रतिशत और निफ्टी में 504.35 अंक यानी 2.02 प्रतिशत का उछाल रहा।

शुरुआती कारोबार में गिरावट आने के बाद बाजार ने अपने नुकसान की काफी हद तक भरपाई कर ली। एक दिन पहले बाजार में आई जबर्दस्त तेजी के बाद कारोबार एक दायरे में ही रहा। निवेशकों को अब फेडरल रिजर्व की अगले सप्ताह होने वाली बैठक के नतीजे का इंतजार रहेगा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स को सर्वाधिक 1.37 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। इसके बाद आईटीसी, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, मारुति, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर भी गिरकर बंद हुए। इसके उलट बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक और टेक महिंद्रा के शेयरों में तेजी का रुख देखने को मिला। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.95 प्रतिशत उछला जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक में 0.48 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। पिछले सत्र में आई तेज उछाल के बाद बाजार ने राहत की सांस ली और लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुआ। घरेलू मुद्रास्फीति आरबीआई के तय दायरे के भीतर होने के बावजूद खाद्य कीमतों में तेजी रिजर्व बैंक की नीतिगत दर पर विवेकपूर्ण रुख अपनाने के लिए प्रभावित कर सकती है। घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की तरफ से अधिक खरीदारी आने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दर में कटौती की संभावनाओं को बढ़ा दिया है। इससे घरेलू निवेशकों की धारणा को बल मिलेगा।

# अनुबंध प्रस्ताव ठुकराने के बाद बोइंग कारखाने के कर्मचारी हड़ताल पर बैठे



सिएटल। सिएटल के निकट बोइंग कारखानों तथा अन्य स्थानों पर विमान असेंबली कर्मचारियों ने शुक्रवार को सुबह ही काम छोड़ दिया। कर्मचारी यूनियन के सदस्यों ने हड़ताल पर जाने तथा एक अस्थायी अनुबंध को अस्वीकार करने के पक्ष में भारी मतदान किया था। अनुबंध के तहत चार वर्षों में वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि होनी थी। हड़ताल मध्यरात्रि 12.01 बजे शुरू हुई। यह इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स की स्थानीय इकाई की इस घोषणा के तीन घंटे से भी कम समय बाद हुई कि 94.6 प्रतिशत कर्मचारियों ने प्रस्तावित अनुबंध को अस्वीकार कर दिया है और 96 प्रतिशत ने काम बंद करने का समर्थन किया है। यह हड़ताल के लिए जरूरी दो-तिहाई मतदान से बहुत अधिक है। श्रमिक हड़ताल में 33,000 बोइंग मशीनिस्ट शामिल हैं, जिनमें से अधिकांश वाशिंगटन राज्य में हैं। कंपनी के सबसे ज्यादा बिकने वाले एयरलाइनर विमानों का उत्पादन बंद होने की संभावना है। हड़ताल से वाणिज्यिक उड़ानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन यह कंपनी के लिए एक और झटका है, जिसकी प्रतिष्ठा और वित्तीय स्थिति इस साल विनिर्माण समस्याओं और कई सरकारी जांचों के कारण खराब हुई है। हड़ताल कर रहे मशीनिस्ट वाशिंगटन के रेंटन और एवरेट में कारखानों में बोइंग के सबसे ज्यादा बिकने वाले एयरलाइनर 737 मैक्स के साथ-साथ 777 या ट्रिपल-सेवन जेट और 767 कार्गो विमान को असेंबल करते हैं। हड़ताल से संभवतः बोइंग 787 ड्रीमलाइनर का उत्पादन बंद नहीं होगा, जिसे श्रमिक संगठन से असंबद्ध कर्मचारी साउथ कैरोलिना में बनाते हैं।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 83.90 पर बंद

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया छह पैसे की तेजी के साथ 83.90 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में डॉलर के कमजोर होने तथा विदेशी पूंजी प्रवाह के कारण रुपये को बल मिला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपये का कारोबार सीमित दायरे में रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) घरेलू मुद्रा पर मजबूत पकड़ बनाए हुए है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.92 पर खुला और कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.85 के उच्चतम स्तर पर गया और 83.98 के निम्नतम स्तर तक आया। अंत में 83.90 (अस्थायी) पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से छह पैसे अधिक है। रुपया बृहस्पतिवार को तीन पैसे की बढ़त के साथ 83.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.46 प्रतिशत गिरकर 100.90 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.03 प्रतिशत बढ़कर 72.71 डॉलर प्रति बैरल हो गया। घरेलू शेयर बाजारों में 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 71.77 अंक टूटकर 82,890.94 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 32.40 अंक गिरकर 25,356.50 अंक पर बंद हुआ।

# विदेशी मुद्रा भंडार 5.25 अरब डॉलर बढ़ा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह सितंबर को समाप्त सप्ताह में 5.25 अरब डॉलर बढ़कर 689.23 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.29 अरब डॉलर बढ़कर 683.99 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, छह सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.11 अरब डॉलर बढ़कर 604.14 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 61.99 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 40 लाख डॉलर बढ़कर 18.47 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 90 लाख डॉलर बढ़कर 4.63 अरब डॉलर हो गया।

# सेबी प्रमुख बुच और उनके पति ने कांग्रेस के आरोपों को नकारा

नयी दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने अनियमितता बरतने और हितों के टकराव को लेकर कांग्रेस की तरफ से लगाए गए आरोपों से शुक्रवार को इनकार करते हुए कहा कि ये आरोप गलत, प्रेरित और मानहानिकारक हैं।

बुच ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस की तरफ से लगाए गए आरोप उनके द्वारा दाखिल आयकर रिटर्न में दर्ज विवरणों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय मामलों से जुड़ी सभी सूचनाओं का उनकी तरफ से पूरी तरह खुलासा किया गया है और करों का उचित भुगतान भी किया गया है। सेबी प्रमुख ने अपने बयान में कहा कि हमारे आयकर रिटर्न से जुड़े विवरण स्पष्ट रूप से धोखाधड़ी वाले तरीकों और अवैध ढंग से हासिल किए गए हैं। यह न केवल हमारी गोपनीयता के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन है, बल्कि आयकर अधिनियम का भी उल्लंघन है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने हाल ही में सेबी प्रमुख और उनके पति के खिलाफ कई आरोप लगाए हैं जिसमें उनसे संबंधित एक सलाहकार कंपनी से जुड़े हितों के टकराव का आरोप भी लगाया गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि धवल बुच ने महिंद्रा समूह से 4.78 करोड़ रुपये उस समय अर्जित किए जब सेबी नियमों के उल्लंघन को लेकर उस कंपनी के खिलाफ जांच कर रहा था।

# सीजीएसटी अधिकारियों को किया गया निलंबित



नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बेंगलुरु में कुछ सीजीएसटी अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, जिन्हें शहर की पुलिस ने जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया था। सीबीआईसी ने शुक्रवार को बताया कि बेंगलुरू ईस्ट क्षेत्र के बयप्पनहल्ली पुलिस थाने में एक व्यापारी द्वारा दर्ज अपहरण और जबरन वसूली की शिकायत के आधार पर बेंगलुरु नगर अपराध शाखा ने 11 सितंबर को केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में जीएसटी के निरीक्षक और वरिष्ठ खुफिया अधिकारी रैंक के कर्मचारियों के अलावा एक अधीक्षक रैंक का अधिकारी भी शामिल है। सीबीआईसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार बताया गया है कि बेंगलुरु में कुछ सीजीएसटी अधिकारियों ने कथित जबरन वसूली का सहारा लिया है। इसमें शामिल अधिकारियों को तुरंत निलंबित कर दिया गया है। सीबीआईसी ने कहा कि वह उन पुलिस अधिकारियों के संपर्क में है, जिन्होंने इन गिरफ्तार अधिकारियों को रिमांड पर लिया था। उसने कहा कि मामले में जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी। सीबीआईसी पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल कर प्रशासन स्थापित करने के अपने प्रयास में आधिकारिक कदाचार के मामलों में शून्य-सहिष्णुता की नीति का पालन करता है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी चार गिरफ्तार जीएसटी अधिकारियों के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया है। इन पर ईडी के अधिकारी बनकर यहां व्यवसायी से 1.5 करोड़ रुपये की जबरन वसूली करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरू सिटी क्राइम ब्रांच द्वारा आरोपियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराएं लगाई गई हैं।

एजेंसी सूत्रों ने बताया कि चारों लोग कारोबारी के पास फर्जी छापेमारी के लिए गए और दावा किया कि वे ईडी से हैं और उन्होंने उसे धमकी देकर 1.5 करोड़ रुपये की वसूली की।

# चीन से रसायन के आयात पर सब्सिडी रोधी शुल्क पांच साल के लिए बढ़ा



नयी दिल्ली। भारत ने घरेलू कंपनियों को संरक्षण देने के लिए कीटनाशकों में इस्तेमाल होने वाले एक चीनी रसायन पर लगाए गए सब्सिडी-रोधी शुल्क को अगले पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डीजीटीआर ने चीन से एट्राजीन टेक्निकल रसायन के आयात पर लगा शुल्क जारी रखने की सिफारिश की थी। उसके बाद इसे पांच साल के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा, 'इस अधिसूचना के तहत लगाया गया प्रतिपूरक (सब्सिडी-रोधी) शुल्क इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए लगाया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने इस आयातित उत्पाद पर 11.94 प्रतिशत तक का शुल्क लगाया है। वाणिज्य उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने अपनी जांच में पाया था कि मौजूदा शुल्कों ने अधिक भारतीय उत्पादकों को बाजार में प्रवेश करने की अनुमति दी है और घरेलू उद्योग को अपनी क्षमता का विस्तार करने में मदद की है। दरअसल सब्सिडी वाले निर्यात से भारतीय कंपनियों को नुकसान हो रहा था। इससे पहले राजस्व विभाग ने सितंबर 2019 में यह शुल्क लगाया था। सब्सिडी वाले निर्यात से आयातक देश में उस उत्पाद की कीमत प्रभावित होती है, जिससे विनिर्माण कंपनियों के मार्जिन और मुनाफे पर असर पड़ता है। वैश्विक व्यापार मानदंडों के तहत कोई देश ऐसे आयातों पर प्रतिपूरक या सब्सिडी रोधी शुल्क लगा सकता है। इसके साथ ही वित्त मंत्रालय ने चीन और वियतनाम से वेल्डेड स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब के आयात पर सब्सिडी-रोधी शुल्क को भी पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

## पेज एक का शेष

### सतह से हवा

भेद दिया। बयान के अनुसार मिसाइल ने लक्ष्यों को भेदने की अपनी सटीकता और क्षमता का प्रदर्शन किया। बयान में कहा गया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय नौसेना तथा सहयोगी टीम की प्रशंसा की और कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकियों से युक्त यह मिसाइल सशस्त्र बलों को तकनीकी मजबूती प्रदान करेगी बालासोर जिला प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से आईटीआर लांच पैड 3 के ढाई किलोमीटर के दायरे में छह गांवों के 3100 निवासियों को अस्थायी तौर पर दूसरी जगह पहुंचाया था। एक राजस्व अधिकारी ने कहा कि चांदीपुर में आईटीआर के अधिकारियों से परामर्श करते हुए ये सावधानियां बरती गईं। रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग के सचिव तथा डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने भी उड़ान परीक्षणों में शामिल दलों को बधाई दी।

### 177 दिन

है। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि सीबीआई देश की एक प्रमुख जांच एजेंसी है और यह लोगों के हित में है कि वह न केवल पारदर्शी हो, बल्कि ऐसा (पारदर्शी) प्रतीत भी हो। उन्होंने कहा कानून का शासन हमारे संवैधानिक गणराज्य की एक बुनियादी विशेषता है, जो यह अनिवार्य बनाता है कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायसंगत होनी चाहिए। इस अदालत ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि निष्पक्ष जांच भारत के संविधान के अनुच्छेद 20 और 21 के तहत आरोपी व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि जांच न केवल निष्पक्ष होनी चाहिए, बल्कि निष्पक्ष दिखनी भी चाहिए तथा ऐसी धारणा को दूर करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाना चाहिए कि जांच निष्पक्ष नहीं हुई तथा गिरफ्तारी दमनात्मक एवं पक्षपातपूर्ण तरीके से की गई।

शीर्ष अदालत ने केजरीवाल को मामले के बारे में कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करने का निर्देश दिया और कहा कि ईडी मामले में लागू नियम व शर्तें इस मामले में भी लागू रहेंगी। शीर्ष अदालत ने ईडी मामले में उन्हें जमानत देते हुए कहा था कि केजरीवाल अपने कार्यालय या दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकते और जब किसी बहुत जरूरी मामले में ऐसा करना हो तो उन्हें उपराज्यपाल से मंजूरी लेनी होगी। अदालत ने कहा कि निकट भविष्य में मुकदमा पूरा होने का अनुमान नहीं है और अदालत ने केजरीवाल द्वारा जांच को प्रभावित किए जाने की आशंका खारिज कर दी। अलग से निर्णय लिखने वाले न्यायमूर्ति भुइयां ने जमानत देने को लेकर न्यायमूर्ति कांत से सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति भुइयां ने सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया और कहा कि एजेंसी का उद्देश्य ईडी मामले में उन्हें जमानत दिए जाने में बाधा डालना था। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि वह ईडी मामले में रिहाई के समय केजरीवाल को गिरफ्तार करने को लेकर सीबीआई की जल्दबाजी को समझ नहीं पाए हैं, जबकि उसने 22 महीने तक ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि सीबीआई केजरीवाल के गोलमोल जवाबों का हवाला देते हुए उनकी गिरफ्तारी और लगातार हिरासत में रखे जाने को उचित नहीं ठहरा सकती। उन्होंने कहा कि सहयोग न करने का मतलब आत्म-दोषारोपण नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा, 'सीबीआई के पिंजरे में बंद तोता होने की धारणा को दूर करना चाहिए, यह दिखाना चाहिए कि वह पिंजरे में बंद तोता नहीं है। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि जब केजरीवाल को ईडी मामले में इसी आधार पर जमानत मिल गई है तो उन्हें हिरासत में रखना न्याय की दृष्टि से ठीक नहीं होगा।

### लेखपाल व राजस्व

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग और राजस्व परिषद में काम के बदलते स्वरूप और अधिकता को देखते हुए दक्ष युवाओं की तैनाती की जानी चाहिए। नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए तहसील, जिला, मंडल और राजस्व परिषद में आईटी में दक्ष लोगों की तैनाती की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के कार्यों में राजस्व विभाग के कार्मिकों को प्रायः फील्ड विजिट करना पड़ता है। ऐसे में यह उचित होगा कि लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को वाहन भत्ता दिया जाना चाहिए। इसी तरह नायब तहसीलदार की कार्यक्षमता में बढ़ोतरी के लिए उन्हें चार पहिया वाहन की उपलब्धता कराई जाए। साथ ही, जीपीएस से संबंधित कार्यों के बेहतर संपादन के लिए लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को नए टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आम जन से जुड़े कार्यों को समयबद्धता के साथ मेरिट के आधार पर निस्तारित किया जाए, अनावश्यक कहीं भी कोई प्रकरण लंबित न रहे। राजस्व कार्मिकों के प्रशिक्षण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने राजा टोडरमल सर्वेक्षण भूलेख प्रशिक्षण संस्थान, हरदोई में आधारभूत अवसंरचना को और बेहतर करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव, अध्यक्ष राजस्व परिषद, प्रमुख सचिव राजस्व सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### दृढ़ इच्छाशक्ति

पा लिया गया। उसी का परिणाम है कि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से मुक्त हुआ है। आज यहां पर मौत जीरो हो गयी हैं। यह दृढ़ संकल्प और आप सभी के सहयोग से हो पाया है, जबकि इसके खात्मे के बारे में पहले कोई सोच नहीं सकता था। सीएम योगी ने वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन और नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जेआर को मेडल-सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस को लेकर इस बार भी दो बार सर्वे कराया गया, जिसमें सामने आया कि एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है। आज पूर्वी उत्तर प्रदेश खुशहाल है। यह सब बेहतर समन्वय और संवाद से हो पाया। आज इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, लेकिन अफसोस है कि अब तक इस पर कोई स्टडी पेपर नहीं लिखा गया, जबकि यह सफलता का मॉडल है। वहीं वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी आई तो टीम 11 का गठन कर काबू पाया गया। यह हमें इंसेफेलाइटिस के सफलतापूर्वक समाधान के बाद प्राप्त हुए अनुभव से संभव हुआ। कोविड-19 पर काबू पाने में इसी अनुभव का लाभ प्राप्त हुआ। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ बढ़ रहा है। पहली बार केंद्र और राज्य सरकार पीपीपी मोड पर भी मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्रवाई को बढ़ा रही है। आने वाले अगले 5 से 7 वर्ष में डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हम एक जिला एक मेडिकल की कॉलेज की तरफ बढ़ चुके हैं। प्रदेश के सभी पीएचसी, सीएचसी को डॉक्टर मिलेंगे। इसके साथ ही आरएमएल, एसजीपीजीआई, केजीएमयू समेत अन्य संस्थानों को अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक मिलेंगे। इसके लिए हमें टीमवर्क के साथ काम करना होगा। आरएमएल उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत का गेटवे है। यह उपब्लधि ऐसे ही नहीं मिली है। इसके पीछे सकारात्मक सोच और टीमवर्क है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऋषि परंपरा में बीज का वृक्ष बन जाना संस्कृति कहलाता है, जबकि बीज का सड़कर नष्ट हो जाता विकृति कहलाता है। हमारी संस्कृति ही जीवन के विकास का आधार है। ऋषि परंपरा के अनुरूप ही डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल से इंस्टीट्यूट बनकर सबके सामने है। संस्थान उत्तर भारत में चिकित्सा स्वास्थ्य का बेहतरीन केंद्र बनकर उभर रहा है। यह संस्थान की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने पर परिणाम भी अच्छे आते हैं। एक संस्थान बना देना समस्या का समाधान नहीं होता, यह किन हाथों में है, यह महत्वपूर्ण होता है। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ी सिटी है। यहां लगभग 70 लाख की आबादी निवास करती है। आरएमएल की पहचान पूर्वी उत्तर प्रदेश के गेटवे के रूप में होती है। यह अस्पताल से बढ़ करके 1300 बेड के बड़े संस्थान के रूप में विकसित हो करके सबके सामने है।

### ज्ञानवापी परिसर में

में पूजा-अर्चना फिर से शुरू हो गई, जिससे श्रद्धालुओं को स्थापित मूर्तियों के दर्शन करने की अनुमति मिल गई। हालांकि, हिंदू पक्ष ने तहखाने की पुरानी और कमजोर छत के कारण इसकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और मरम्मत कार्य के लिए न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग की।

### 17 राज्यों में

स्कूलों में 4 दिन की छुट्टी कर दी गई है। धौलपुर में भी अगले आदेश तक स्कूल बंद हैं। उत्तर प्रदेश के आगरा में गुरुवार को रातभर तेज बारिश के कारण ताजमहल कैंपस में पानी भर गया। राजस्थान के सवाई माधोपुर की कई कॉलोनियों में पानी भर गया। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में 10 गांव बाढ़ में डूब गए हैं। यहां आर्मी लोगों का रेस्क्यू कर रही है। आंध्र प्रदेश के एनटीआर जिले के इलाकों में अभी भी 2-3 फीट पानी भरा है। यहां बाढ़ जैसे हालात हैं। दिल्ली में देर रात तेज बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर गया। लखनऊ में 2 दिन की बारिश के बाद लखनऊ यूनिवर्सिटी के सामने सड़क करीब 5 फीट धंस गई। तेज बारिश के कारण सेंट्रल दिल्ली में के नबी करीम इलाके के एक घर की दीवार ढह गई। मलबे में कई लोग फंसे हुए हैं। 1 की मौत हो गई है। रेस्क्यू के लिए फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फिलहाल 2 लोगों का रेस्क्यू किया कर लिया गया है। मौसम विभाग ने दिल्ली में 24 घंटे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आंध्र प्रदेश के 7 जिलों में अलर्ट बाढ़ के चलते निचले इलाकों में भरा पानी अब खत्म हो रहा है। हालांकि, मौमस विभाग ने बताया कि सितंबर के खत्म होते-होते तेज बारिश का एक और दौर आ सकता है।

### मुद्रास्फीति कम

आठ प्रतिशत से अधिक रही। चालू वित्त वर्ष (2024-25) के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वास्तविक जीडीपी यानी आधार मूल्य पर वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह वृद्धि दृष्टिकोण भारत के वृहद आर्थिक बुनियाद की ताकत को दिखाता है। इसमें घरेलू तत्व - निजी खपत और निवेश - प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। दास ने मुद्रास्फीति के बारे में कहा कि यह अप्रैल, 2022 के 7.8 प्रतिशत के उच्च स्तर से घटकर दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे में आ गई है, लेकिन हमें अभी भी एक दूरी तय करनी है और हम दूसरी तरफ देखने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। गवर्नर ने कहा कि रिजर्व बैंक के अनुमानों से संकेत मिलता है कि मुद्रास्फीति घटकर 2024-25 में 4.5 प्रतिशत और 2025-26 में 4.1 प्रतिशत हो सकती है। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने अगस्त में रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे 3.65 प्रतिशत पर रही। जुलाई में यह पांच साल के निचले स्तर 3.6 प्रतिशत पर थी।

### अयोध्या राम

अन्य को बाद में गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच जारी है। पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में महिला ने दावा किया, वह अयोध्या में राम जन्मभूमि पर सफाई कर्मचारी के रूप में काम करती है और एक स्थानीय महाविद्यालय में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(2) (गलत तरीके से बंधक बनाना), 75 (यौन उत्पीड़न) और 70(1) (सामूहिक दुष्कर्म) के तहत सात लोगों के खिलाफ नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।




# एआईएफएफ में आमूलचूल बदलाव करने का समय आ गया हैः भूटिया

नयी दिल्ली। दिग्गज फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) में मौजूदा पदाधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग करते हुए हाल के दिनों में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय संस्था को जिम्मेदार ठहराया।

भूटिया ने एआईएफएफ की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि भारतीय फुटबॉल के लिए रोडमैप के अभाव के कारण हाल ही में तीन देशों के इंटरकॉन्टिनेंटल कप में भारत को घरेलू धरती पर सीरिया (0-3) के हाथों शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा और मॉरीशस (0-0) के खिलाफ मैच ड्रा रहा। पूर्व भारतीय कप्तान ने एआईएफएफ प्रशासन में आमूलचूल बदलाव की मांग की ।उन्होंने पीटीआई वीडियो से कहा, मेरा मानना है कि यह अच्छा संकेत नहीं है। पिछले कुछ समय से हमारे प्रदर्शन में लगातार गिरावट आ रही है। हम पहले शीर्ष 100 में शामिल थे लेकिन अब 125वें स्थान पर खिसक गए हैं।



मुझे लगता है कि फुटबॉल को एक नए शासी निकाय और चुनाव तथा नई शुरुआत की जरूरत है। नहीं तो फुटबॉल में हमारा स्तर लगातार गिर रहा है। मुझे लगता है कि खेल को आगे बढ़ाने के लिए वास्तव में गंभीर चर्चा, गहन बहस होनी चाहिए। हमारे संविधान में सुधार किया जाना चाहिए।

# डेविस कपः भारत ने जताया बालाजी पर भरोसा

स्टाकहोम। भारतीय डेविस कप टीम ने लगातार दूसरी बार एकल मुकाबले की जिम्मेदारी निभाने के लिए युगल विशेषज्ञ एन श्रीराम बालाजी पर भरोसा जताया है जो स्वीडन के खिलाफ विश्व ग्रुप एक के मैच में कप्तान रोहित राजपाल की अगुवाई वाली टीम का शुरुआती मैच खेलेंगे।

भारतीय कप्तान ने टीम में दूसरे एकल खिलाड़ी के तौर पर रामकुमार रामनाथन को चुना है। इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान में ग्रास कोर्ट पर एकल में प्रतिस्पर्धा करने वाले बालाजी शनिवार को स्वीडन के शीर्ष खिलाड़ी एलियास यमेर (विश्व रैंकिंग 238) के खिलाफ मैच के साथ इस इनडोर मुकाबले की शुरुआत करेंगे। इस टीम में भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी रामकुमार (विश्व रैंकिंग 332) दूसरे एकल में स्वीडन के दिग्गज ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग (विश्व रैंकिंग 603) से भिड़ेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों का इससे पहले एटीपी टूर पर आमना-सामना नहीं हुआ है। रामकुमार और बालाजी रविवार को फिलिप बर्गेवी और आंद्रे गोरानसन के खिलाफ युगल और रिवर्स एकल भी खेलेंगे। शुरुआती दिन अगर स्कोर ।- । की बराबरी पर रहा तो तो युगल जोड़ी में बदलाव हो सकता है। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने पीठ की समस्या के कारण मुकाबले के लिए खुद को अनुपलब्ध बताया, जबकि अगले सर्वश्रेष्ठ विकल्प शशिकुमार मुकुंद के चयन पर विचार नहीं किया गया। कप्तान राजपाल ने कहा कि अन्य एकल विकल्प निकी पुनाचा फिट हैं लेकिन टीम प्रबंधन रणनीति के तहत बालाजी को उतारना चाहता है। बालाजी और रामकुमार दोनों ने तेज तर्रार सर्विस करने के बाद नेट का बेहतर इस्तेमाल करने के लिए जाने जाते हैं और भारतीय कप्तान शनिवार को उनसे इसी तरह की योजना चाहते हैं। राजपाल ने मैचों के ड्रा के बाद पीटीआई से कहा, निकी (पुनाचा) फिट है, फिजियो ने काफी मेहनत की है लेकिन हम उनकी योजना (स्वीडन) की तहत नहीं खेलना चाहते है। वे सर्विस लाइन के पास से खेलना पसंद करते है। हमारी अपनी रणनीति है, हमारे ये दोनों खिलाड़ी नेट के करीब जाकर खेलना पसंद करते हैं।



## संक्षेप

### कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी दूसरा मैच जीते

मैनचेस्टर। कनाडा, आस्ट्रेलिया और जर्मनी डेविस कप फाइनल्स में लगातार दूसरी जीत के साथ ग्रुप चरण में अपराजेय रहे हैं जबकि चेक गणराज्य के थॉमस मचाक लगातार दूसरे दिन घायल हो गए। कनाडा ने फिनलैंड को 3 . 0 से हराया जबकि आस्ट्रेलिया ने चेक गणराज्य को इसी अंतर से मात दी। जर्मनी ने चिली को 3 . 0 से हराया। चेक गणराज्य के थॉमस ने स्पेन के कार्लोस अल्काराज के खिलाफ भी चोटिल होकर कोर्ट छोड़ दिया था ।वह दूसरे दिन भी छह मिनट ही खेल सके। चार ग्रुप की टीमें चार अलग अलग शहरों में खेल रही हैं। फाइनल में आठ टीमें पहुंचेंगी जो नवंबर में स्पेन के मालागा में खेला जायेगा।

### नडाल ने बर्लिन में लावेर कप से नाम वापिस लिया

बर्लिन। रफेल नडाल ने अगले सप्ताह बर्लिन में होने वाले लावेर कप से नाम वापिस ले लिया जिससे यह अस्पष्ट हो गया है कि स्पेन का यह महान टेनिस खिलाड़ी आगे कब खेलेगा। लावेर कप से ही रोजर फेडरर ने 2022 में टेनिस को अलविदा कहा था जिन्होंने युगल में नडाल के साथ खेला था। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए निराशा हो रही है कि मैं अगले सप्ताह बर्लिन में लावेर कप नहीं खेल सकूंगा। यह टीम स्पर्धा है और मैं टीम यूरोप का समर्थक हूं। मुझे वही करना है जो टीम के लिये सर्वश्रेष्ठ है और इस समय दूसरे खिलाड़ी हैं जो टीम को जिता सकते हैं। 38 वर्ष के इस खिलाड़ी ने इस बारे में कुछ नहीं कहा कि उनकी फिटनेस कैसी है या वह आगे कब खेलेंगे ।बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल ने पिछले महीने अमेरिकी ओपन में भाग नहीं लिया था। लावेर कप 20 से 22 सितंबर के बीच खेला जायेगा।

### मांडविया ने संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को रीसेट में आवेदन करने को कहा

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को देश भर के संन्यास ले चुके खिलाड़ियों से हाल में शुरू किए गए सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (रीसेट) कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की। इस पहल की शुरुआत मांडविया ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर की थी। पीआईबी (पत्र सूचना कार्यालय) के अनुसार मंत्री ने कहा, रीसेट कार्यक्रम संन्यास ले चुके हमारे उन खिलाड़ियों को पहचान दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जिन्होंने अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा, हम संन्यास ले चुके खिलाड़ियों से आग्रह करते हैं कि वे नए कौशल विकसित करने के लिए इस अवसर का लाभ उठाएं, खेल समुदाय से जुड़े रहें और देश की खेल विरासत में योगदान देना जारी रखें। रीसेट कार्यक्रम संन्यास लेने के बाद खिलाड़ियों के करियर को संवारने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य दो पीढ़ियों के बीच के अंतर को पाटना है, जिससे पूर्व खिलाड़ियों के कौशल और अनुभव से युवा प्रतिभाओं को लाभ मिल सके। इसके लिए विशेष पोर्टल तैयार किया गया है।

# भारतीय टीम ने किया अभ्यास

## बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए कोहली ने की लंबी बल्लेबाजी

चेन्नई। एक महीने के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये अभ्यास शुरू कर दिया है और पहले अभ्यास सत्र में चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली ने नेट पर 45 मिनट बिताये जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी जमकर अभ्यास किया। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जायेगा। कप्तान रोहित शर्मा, कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। नये गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे।

बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें साझा करके लिखा , उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू सत्र के लिये तैयारी शुरू कर दी। तस्वीरों में दिखाया गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है। एक स्थानीय सूत्र ने बताया , विराट करीब 45 मिनट वहां था और बुमराह ने भी लगातार गेंदबाजी की। इससे पहले पीली जर्सी पहने रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ज्षभ पंत बृहस्पतिवार को ही यहां पहुंच गए थे। खिलाड़ी एक महीने से अधिक के ब्रेक के बाद मैदान पर लौटेंगे। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। नये कोच गौतम गंभीर के साथ यह पहली टेस्ट श्रृंखला है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 2 . 0 से हराया है। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारत को इसके बाद न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला और आस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला खेलनी है। भारत डब्ल्यूटीसी में 68 . 52 प्रतिशत अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया 62 . 52 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। बांग्लादेश 45 . 83 प्रतिशत अंक लेकर चौथे स्थान पर है ।दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से कानपुर में खेला जायेगा। एक महीने के ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये अभ्यास शुरू कर दिया है। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से खेला जायेगा। कप्तान रोहित शर्मा, चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली समेत पूरी टीम यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर एकत्र हुई। नये गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल और सहायक कोच अभिषेक नायर भी मौजूद थे। बीसीसीआई ने पहले दिन के अभ्यास की तस्वीरें साझा करके लिखा , उलटी गिनती शुरू। टीम इंडिया ने रोमांचक घरेलू सत्र के लिये तैयारी शुरू कर दी। तस्वीरों में दिखाया गया है कि पूरी टीम गंभीर, सहयोगी स्टाफ और कप्तान रोहित की बात ध्यान से सुन रही है। इससे पहले पीली जर्सी पहने रोहित सुरक्षाकर्मियों के घेरे में हवाई अड्डे से बाहर निकले जबकि विराट लंदन से सीधे तड़के यहां पहुंचे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, बल्लेबाज केएल राहुल, विकेटकीपर बल्लेबाज ज्षभ पंत बृहस्पतिवार को ही यहां पहुंच गए थे। खिलाड़ी एक महीने से अधिक के ब्रेक के बाद मैदान पर लौटेंगे। अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में भारत को पराजय का सामना करना पड़ा था। नये कोच गौतम गंभीर के साथ यह पहली टेस्ट श्रृंखला है। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 2 . 0 से हराया है। यह श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारत को इसके बाद न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला और आस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला खेलनी है।



# सभी के लिए आप पीएम हो लेकिन हमारे लिए परम मित्रः कथुनिया

नयी दिल्ली। बाकी लोगों के लिये आप पीएम मतलब प्रधानमंत्री हैं लेकिन हम सभी पैरा एथलीटों के लिये आप पीएम यानी परम मित्र हैं , दो बार के पैरालम्पिक रजत पदक विजेता चक्काफेंक खिलाड़ी योगेश कथुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान यह बात कही।

भारतीय पैरा एथलीटों ने पेरिस पैरालम्पिक में रिकॉर्ड 29 पदक जीते जिसमें सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य शामिल हैं। भारतीय दल मंगलवार को लौटा और प्रधानमंत्री मोदी ने उनका यहां अपने आवास पर अभिनंदन किया। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से पैरालम्पिक में उनके अनुभव साझा करने को कहा।

पुरूषों की चक्काफेंक एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले कथुनिया ने कहा , प्रदर्शन में निरंतरता आपकी वजह से आई है। आपके द्वारा शुरू की गई योजनाओं की वजह से यह संभव हुआ। हर किसी के लिये पीएम का मतलब प्रधानमंत्री लेकिन हमारे लिये आप परम मित्र हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं इस पर गर्व महसूस करता हूं। मैं भी आप सभी के साथ मित्र की तरह काम करना चाहता हूं। लगातार दूसरे पैरालम्पिक में स्वर्ण जीतने वाले भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने कहा कि तोक्यो में स्वर्ण जीतने के बाद प्रधानमंत्री मोदी से किया वादा निभाकर उन्हें अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेरा लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है। तब मैं तोक्यो से स्वर्ण जीतकर आया तो आपने मुझसे वादा लिया था कि ऐसे दो स्वर्ण और चाहिये। तो सर यह दूसरा स्वर्ण आपके लिये है। उन्होंने कहा कि मैं थोड़ा नर्वस था लेकिन 20 अगस्त को आपसे बात करने के बाद मुझे प्रेरणा मिली। मैं अपनी टीम की ओर से आपको धन्यवाद देता हूं क्योंकि हमें लगा कि पदक के साथ लौटेंगे तो आपसे मिल सकेंगे, आपसे बात कर सकेंगे। दृष्टिबाधित जूडो में भारत को पहली बार कांस्य पदक दिलाने वाले कपिल परमार ने कहा , मैने 2021 से अब तक 16 प्रतिस्पर्धायें खेली और कई पदक जीते। मेरा डर निकल गया था। कोचों को भी धन्यवाद दूंगा क्योंकि दृष्टिबाधित को संभालना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। उनके हाथ पकड़कर ही मुकाम तक पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पैरा एथलीटों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों का दिव्यांगों के प्रति नजरिया बदला है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आपको अतिरिक्त क्षमता दी है भले ही आपको कुछ शारीरिक परेशानी हो। आप जीत या हार से नहीं डरते। आप पर कोई बोझ नहीं है और यही आपका सबसे बड़ा गुण है। उन्होंने कहा कि आपके जरिये मैं देश में सांस्कृतिक बदलाव देख रहा हूं। मैं लोगों के आपको देखने का नजरिया बदलना चाहता हूं। नजरिया बदल रहा है। आपके योगदान से समाज में बड़ा बदलाव आ रहा है। आपने सभी दिव्यांगों में यह भरोसा पैदा किया है कि वे किसी से कम नहीं है। पदक मायने नहीं रखता। आपको बहुत बधाई। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कोचों और सहयोगी स्टाफ की भी तारीफ करते हुए कहा कि हर खेल में सहयोगी स्टाफ का काफी महत्व है जिन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ती है। पैरा एथलीटों के साथ तो खास तौर पर। इसके लिये समर्पण चाहिये।



# वियतनाम ओपन के सेमीफाइनल में क्रैस्टो-कपिला की जोड़ी



हो ची मिन्ह सिटी। भारत की तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ध्रुव और तनीषा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 44 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ की हमवतन शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 14-21, 21-10, 21-14 से हराया। थारुन मन्नेपल्ली का शानदार अभियान हालांकि अंतिम आठ के मुकाबले में समाप्त हो गया। वह पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जापान के शोगो ओगावा से 13-21, 13-21 से हार गए।

# एसीटी हॉकीः प्रबल दावेदार भारतीय टीम पाकिस्तान पर कायम रखना चाहेगी दबदबा

हुलुनबुइर (चीन)। सेमीफाइनल में जगह बना चुकी अपराजेय भारतीय टीम चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के बहु प्रतीक्षित आखिरी राउंड रॉबिन मैच में अपना दबदबा कायम रखने उतरेगी।

चार मैचों में चार जीत दर्ज करके गत विजेता भारत अंकतालिका में शीर्ष पर है जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3 . 0 से, जापान को 5 . ।, मलेशिया को 8 . । और कोरिया को 3 . । से हराया। दूसरी ओर महान फॉरवर्ड ताहिर जमां के मार्गदर्शन में खेल रही पाकिस्तानी टीम ने मलेशिया और कोरिया से 2 . 2 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा जापान को 2 . । और चीन को 5 . । से हराया। मौजूदा फॉर्म की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी है। हांगझोउ एशियाई खेलों में पिछले साल भारत ने पाकिस्तान को 10 . 2 से हराया था। उससे पहले चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर 4 . 0 से जीत दर्ज की थी ।जकार्ता में 2022 एशिया कप में युवा भारतीय टीम ने पाकिस्तान को । . । से ड्रॉ पर रोका जबकि 2021 एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी ढाका में भारत ने पाकिस्तान को 4 . 3 से हराकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस ओलंपिक का शानदार फॉर्म बरकरार रखा है और वह पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि मैं अपने जूनियर दिनों से पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलता आया हूं। मेरा उनसे अच्छा संबंध है और वे भाई जैसे हैं। मैदान पर हालांकि किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जज्बात पर काबू रखना होता है। विश्व हॉकी में भारत और पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता का कोई मुकाबला नहीं है। मुझे यकीन है कि दुनिया भर में हॉकीप्रेमियों को इस मैच का इंतजार होगा।



# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए स्टेडियमों के नवीनीकरण पर 12.8 अरब रुपये खर्च करेगा पीसीबी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लाहौर, कराची और रावलपिंडी में स्टेडियमों के नवीनीकरण के लिए 12.8 अरब (पाकिस्तानी) रुपये आवंटित किए हैं। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने यह जानकारी दी।



फैसलाबाद में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में नकवी ने आश्वासन दिया कि तीनों स्थान चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी के लिए समय पर तैयार हो जाएंगे ।नकवी ने राशि के वितरण का विवरण देते हुए बताया कि 12.8 अरब में से 7.7 अरब रुपये लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे हैं। नकवी के मुताबिक गद्दाफी स्टेडियम में फ्लड लाइट्स को बदलने के लिए 523 मिलियन रुपये खर्च किये जा रहे हैं जबकि दर्शकों के सीटों के लिए 375 मिलियन रुपये और बाहरी विकास कार्यों के लिए 93 मिलियन रुपये आवंटित किए गए हैं। पीसीबी इसके साथ ही कराची स्थित नेशनल स्टेडियम पर 3.5 अरब रुपये और रावलपिंडी स्टेडियम के नवीनीकरण पर 1.5 अरब रुपये खर्च कर रहा है।

# बारिश से टेस्ट मैच न होने से निराश कोच

ग्रेटर नोएडा। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के कोचों ने एकमात्र टेस्ट बारिश की भेट होने पर निराशा जताते हुए शुक्रवार को कहा कि इसके लिये सिर्फ खराब मौसम जिम्मेदार है क्योंकि मानसून सत्र में मैच रखने पर हमेशा यह आशंका रहती है।

गीली आउटफील्ड और लगातार बारिश के कारण शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में इस मैच की एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी। सुविधाओं के अभाव ने हालात और बिगाड़ दिये। अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हम न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलने को लेकर रोमांचित थे। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि मौसम ने साथ नहीं दिया। हम इससे काफी निराश हैं। मानसून के दौरान मैच में यह आशंका हमेशा रहती है। यह निराशाजनक है कि हम खेल नहीं सके जबकि साल में इस समय इतनी बारिश नहीं होती है। स्टीड ने कहा कि श्रीलंका और भारत के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखलाओं की तैयारी के लिये यह मैच महत्वपूर्ण था जिसके नहीं होने से वह निराश हैं। उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक है। अफगानिस्तान के खिलाफ यह हमारा पहला टेस्ट था। हम काफी रोमांचित थे। श्रीलंका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में शामिल श्रृंखला की तैयारी के लिये यह काफी अहम होता। न्यूजीलैंड टीम 18 सितंबर से गॉल में शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिये शनिवार को श्रीलंका जायेगी। स्टीड ने कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में हम अभी तीसरे स्थान पर हैं ।हम फिर से फाइनल खेलना चाहते हैं लिहाजा हर मैच हमारे लिये अहम होगा।



# आजम का आत्मविश्वास डगमगायाः मोईन

कराची। पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान मोईन खान ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में आजम खान के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, उसके कारण उनके बेटे के आत्मविश्वास को ठेस पहुँची है।

पाकिस्तान के इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने बेटे के करियर को हुए नुकसान के लिए पूर्व पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा को जिम्मेदार ठहराया है। मोईन ने कहा कि अमेरिका में 2024 टी20 विश्व कप के दौरान पाकिस्तान द्वारा खेले गए सभी मैच देखने के बाद वह आत्मविश्वास से कह सकते हैं कि उनका बेटा विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त है। मोईन ने कहा, मैंने पूरा विश्व कप और उससे पहले के मैच देखे और ऐसा लग रहा था कि आजम विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी के लिए पहली पसंद था। फिर अचानक सिर्फ एक मैच के बाद पूरी रणनीति बदल दी गयी। आजम को फिटनेस को लेकर प्रशंसकों का गुस्सा झेलना पड़ा है। विश्व कप में अमेरिका के खिलाफ टीम की शुरुआती मैच में वह पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट हो गये थे। इसके बाद उन्हें भारत के खिलाफ मैच से बाहर कर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 6000 से अधिक रन बनाने वाले मोईन ने कहा, आजम को एक मैच के बाद विकेटकीपिंग का मौका नहीं दिया गया और पहली ही गेंद पर (अमेरिका के खिलाफ) आउट होने के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया। कोई भी खिलाड़ी पहली गेंद पर आउट हो सकता है, लेकिन यहां खिलाड़ियों को विकसित करने की जो परंपरा हुआ करती थी, वह अब नहीं रही। चाहे कप्तान हो या प्रबंधन, अगर वे खिलाड़ियों में इतनी जल्दी बदलाव करते रहेंगे तो हम अच्छे खिलाड़ी कैसे तैयार कर सकते हैं? मोईन ने अपने बेटे की परेशानी के लिए रमीज को दोषी ठहराते हुए कहा कि जैसे ही इस पूर्व क्रिकेटर ने पीसीबी अध्यक्ष का पद संभाला, उन्होंने आजम को 2021 टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया। मोईन ने कहा, उस समय अगर मुख्य चयनकर्ता ने गलत चयन किया था तो उन्हें हटा दिया जाना चाहिए था, लेकिन उनमें साहस नहीं था और परिणामस्वरूप, उन्होंने एक युवा खिलाड़ी का मनोबल गिराया। मोईन ने हालांकि माना की आजम में कुछ खामियां है और वह अपनी फिटनेस को सुधारने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि सारा दोष टीम प्रबंधन और कप्तान का है। आजम की भी अपनी कमियाँ हैं। उन्हें खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने की जरूरत है। उन्हें अन्य खिलाड़ियों की फिटनेस दिनचर्या का पालन करना होगा। उनका बेटा अपनी फिटनेस सुधारने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है।



# संविधान की शपथ भूल गये राहुल

## देश हित की अनदेखी कर संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे भटके हुए लोग: धनखड़

एजेंसी

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिये बिना कटाक्ष करते हुए कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने विदेश में इस तरह से व्यवहार किया कि वह अपने संविधान की शपथ भूल गये और देश के हितों की अनदेखी कर संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाई।

उन्होंने कहा कि संविधान का पालन करना, उसके आदर्शों व संस्थाओं, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना मौलिक कर्तव्य है। धनखड़, किशनगढ़ में केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान में 2047 में विकसित भारत में उच्च शिक्षा की भूमिका पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि यह पीड़ा का विषय बन गया है कि दुनिया के लोग हम पर हंस रहे हैं क्योंकि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति विदेश के अंदर ऐसा आचरण कर रहा है जैसे अपने संविधान की शपथ को भूल गया हो। उन्होंने देशहित को नजरअंदाज कर दिया और हमारी संस्थाओं की गरिमा को नुकसान पहुंचाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल ही में अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के समक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना की थी, जिसको लेकर राजनीति विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता



पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया कि राहुल विदेश में संवेदनशील मुद्दों पर बोलकर खतरनाक विमर्श गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। धनखड़ ने अपने संबोधन में कहा कि हमें सदैव राष्ट्रहित को ऊपर रखना चाहिए।उन्होंने कहा, हमें राष्ट्र को सदैव स्वहित, राजनीतिक हित से ऊपर रखना होगा। किसी भी हालत में हम दुश्मन के हितों को बढ़ावा नहीं दे सकते। न्होंने कहा, दुखद विषय है, चिंता का विषय है, चिंतन का विषय है, मंथन का विषय है कि अपने में से कुछ भटके हुए लोग संविधान की शपथ के बावजूद भारत मां को पीड़ा दे रहे हैं। राष्ट्रवाद के साथ समझौता कर रहे हैं। राष्ट्र की परिकल्पना को समझ नहीं पा रहे हैं। पता नहीं कौन से स्वार्थ को ऊपर रख कर भारत मां को लहूलुहान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मेरा उनसे आग्रह रहेगा। हर भारतीय देश के बाहर कदम रखता है तो हमारे राष्ट्रवाद का राजदूत है। हमारी संस्कृति का राजदूत है।धनखड़ ने कहा, मेरे पद पर मेरा काम राजनीति करना नहीं है। राजनीतिक दल अपना-अपना काम करें। राजनीतिक दलों को वह काम करने का अधिकार है जो वे करना चाहते हैं। विचारधारा अलग-अलग होगी, शासन के प्रति रवैया अलग-अलग होगा। इसमें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन एक बात में समानता होगी, राष्ट्र सर्वोपरि है। देश में हुए विकास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की पहचान आज दुनिया में एक ऐसे देश की है जो किसी देश का मोहताज नहीं है।उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत के नेतृत्व की गूंज, नेतृत्व का प्रभाव, नेतृत्व का असर दुनिया में निर्णायक साबित हो रहा है ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था।

# राजभाषा हीरक जयंती समारोह को संबोधित करेंगे अमित शाह

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को यहां राजभाषा हीरक जयंती समारोह और चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

हिंदी के राजभाषा बनने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 14-15 सितंबर को भारत मंडपम में यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, शाह इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करने के अलावा राजभाषा भारती पत्रिका के हीरक जयंती विशेषांक का भी लोकार्पण करेंगे। वह राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिंदी और भारतीय भाषाओं के विकास तथा उनके बीच बेहतर तालमेल पर निरंतर जोर देते रहे हैं। गृह मंत्री ने वर्ष 2019 में देश के विभिन्न शहरों में बृहद स्तर पर



हिंदी दिवस आयोजित करने की संकल्पना की थी। इसी संकल्पना को साकार करते हुए 2021 में वाराणसी में हिंदी दिवस और पहला अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। उसके बाद, 2022 में सूरत और 2023 में पुणे में हिंदी दिवस और क्रमशः दूसरा एवं तीसरा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में, हिंदी दिवस और चौथा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन इसलिए भी खास मायने रखता है कि राजभाषा विभाग इस अवसर को हीरक जयंती के रूप में मना रहा है। हिंदी के राजभाषा बनने की 75 वर्ष की यात्रा ने न केवल कई महत्वपूर्ण पड़ाव पार किए हैं बल्कि तकनीक के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति भी की है। दो दिवसीय चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में, 75 वर्षों में राजभाषा, जनभाषा और संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की प्रगति पर गहन मंथन किया जाएगा। इसके अलावा भारत की सांस्कृतिक विरासत और हिंदी पर परिचर्चा होगी तथा तीन नये आपराधिक कानूनों -- भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 पर भी एक सत्र होगा।

संक्षेप

## राजस्थान के अनेक इलाकों में भारी बारिश

जयपुर। राजस्थान के अनेक इलाकों में बीते चौबीस घंटे में भारी बारिश दर्ज की गई हालांकि मौसम विभाग के अनुसार राज्य के लोगों को अब इससे राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक के 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं पर तथा पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वर्षा हुई। इस दौरान जयपुर, दौसा, सीकर, सवाईमाधोपुर, भरतपुर, कोटा, झालावाड़ तथा बारां जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार मित्रपुरा (सवाई माधोपुर) में 93 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा जयपुर के विराटनगर में 83 मिमी., सीकर के पाटन में 78 मिमी., झालावाड़ में 76 मिमी., भरतपुर में 70 मिमी व कोटा के खतौली में 67 मिमी. बारिश हुई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार 13 सितंबर से राज्य में भारी बारिश की गतिविधियों में कमी होने तथा उत्तर-पूर्वी राजस्थान में मेघ गर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। 14 से 17 सितंबर के दौरान छिटपुट स्थानों पर हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश भागों में आगामी दिनों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने व केवल छुटपुट स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## रेलमंत्री वैष्णव ने मुंबई लोकल ट्रेन में किया सफर, यात्रियों से की बात

मुंबई। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को लाखों मुंबईवासियों की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेन में सफर किया और इस दौरान यात्रियों से बातचीत भी की।

वैष्णव अपराह्न 2.34 बजे दक्षिण मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से उपनगरीय ट्रेन में सवार हुए और 27 किलोमीटर के सफर के बाद अपराह्न 3.18 बजे भांडुप स्टेशन पर उतर गए। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि एक पुरस्कार समारोह के लिए मुंबई आए वैष्णव अंबरनाथ जाने वाली धीमी गति की लोकल ट्रेन के द्वितीय श्रेणी कोच में सवार हुए और भांडुप स्टेशन पर उतर गए। एक अधिकारी ने बताया कि वैष्णव गणेश उत्सव के दौरान मुंबई में एक गणेश मंडल भी जाने वाले हैं। मध्य रेलवे के महाप्रबंधक धर्मवीर मीणा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी वैष्णव के ट्रेन सफर के दौरान उनके साथ थे। वैष्णव ने फरवरी 2022 में दो अतिरिक्त रेल लाइन के निरीक्षण के लिए मुंबई उपनगरीय रेल नेटवर्क पर ठाणे और दिवा स्टेशन के बीच एक लोकल ट्रेन में सफर किया था और उस सफर के दौरान सड़क किनारे स्थित एक रेस्त्रां में वडा पाव खाया था।

## 1984 को अपहृत विमान में सवार थे मेरे पिता : जयशंकर

जिनेवा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को खुलासा किया कि उनके पिता 1984 में अपहृत विमान में सवार थे और कहा कि ऐसी परिस्थितियों में उनके पास दोनों पक्षों परिवार के सदस्यों और सरकार में बैठे लोगों के दृष्टिकोण को लेकर एक अनोखा नजरिया था।

जयशंकर यहां एक कार्यक्रम के दौरान 1999 में आईसी814 के अपहरण पर हाल में जारी टेलीविजन सीरीज के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। जयशंकर ने कहा कि कैसे एक युवा अधिकारी के रूप में मैं उस टीम का हिस्सा था, जो अपहरण के मामले से निपट रही थी। वहीं दूसरी तरफ, मैं उन परिवारों के सदस्यों में शामिल था जो



अपहरण के बारे में सरकार पर दबाव डाल रहे थे। भारतीय समुदाय को संबोधित करने के बाद प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान, श्रोताओं में से एक ने मंत्री से नेटफ्लिक्स पर हाल में आई सीरीज आईसी814: द कंधार हाईजैक पर उनकी टिप्पणी मांगी थी। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने यह सीरीज नहीं देखी है। उन्होंने हालांकि अपहरण की घटना के संबंध में अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया। 1984 में एक विमान का अपहरण हुआ था... मैं एक बहुत ही युवा अधिकारी था। मैं उस टीम का हिस्सा था जो इससे निपट रही थी। मैंने अपनी मां को फोन करके बताया कि मैं नहीं आ सकता, अपहरण हो गया है। मुझे पता चला कि मेरे पिता उस विमान में थे। विमान दुबई में जाकर रुका। सौभाग्य से, किसी की जान नहीं गई, लेकिन कुछ गलत भी हो सकता था। पांच जुलाई 1984 को इंडियन एयरलाइंस के विमान को पठानकोट से अपहरण कर दुबई ले जाया गया। लगभग 36 घंटे के बाद 12 खालिस्तान समर्थक अपहरणकर्ताओं ने अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और सभी 68 यात्रियों और छह चालक दल के सदस्यों को बिना किसी नुकसान के रिहा कर दिया गया।

## रूस जासूसी के आरोप में छह ब्रिटिश राजनयिकों को करेगा निष्कासित



मॉस्को। रूस के अधिकारियों ने छह ब्रिटिश राजनयिकों पर जासूसी का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें निष्कासित कर दिया जाएगा। यह स्थिति ऐसे समय में है जब यूक्रेन द्वारा रूस पर हमला करने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से उपलब्ध कराए गए हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंधों में ढील देने की कोशिश की जा रही है जिसकी वजह से रूस एवं पश्चिमी देशों में तनाव बढ़ गया है।

रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने शुक्रवार को एक ऑनलाइन बयान में कहा कि इन राजनयिकों की मान्यता वापस लेने का निर्णय लिया गया है। रूस के सरकारी टीवी चैनल ने एफएसबी नामक सुरक्षा सेवा के एक अधिकारी के हवाले से जानकारी दी कि इन राजनयिकों को निष्कासित कर दिया जाएगा। यह निष्कासन ऐसे वक्त हो रहा है जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से बातचीत के लिए वाशिंगटन की यात्रा कर रहे हैं। इस बातचीत के दौरान, रूस के अंदरूनी भागों को निशाना बनाने के लिए पश्चिमी देशों से मिले हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति को लेकर यूक्रेन के अनुरोध पर भी चर्चा की जाएगी।

स्टॉर्मर ने अमेरिका यात्रा से पहले कहा था कि ब्रिटेन रूस के साथ कोई टकराव नहीं चाहता। उन्होंने पत्रकारों से कहा, रूस ने यह संघर्ष शुरू किया। रूस ने अवैध तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण किया। रूस इस संघर्ष को खत्म कर सकता था। उन्होंने कहा, यूक्रेन के पास आत्मरक्षा का अधिकार है और हम स्वाभाविक रूप से, आत्मरक्षा के यूक्रेन के अधिकार का समर्थन करते हैं। आप जानते हैं हम उन्हें प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं। लेकिन हमें रूस के साथ कोई विवाद नहीं चाहिए। हमारा ऐसा बिल्कुल भी इरादा नहीं है। एफएसबी ने कहा कि उसे इस संबंध में दस्तावेज मिले हैं जो यह दर्शाते हैं कि राजनयिकों को ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के एक प्रभाग द्वारा भेजा गया था जिनका मुख्य काम हमारे देश पर रणनीतिक रूप से पराजय थोपना था और इसके लिए वे खुफिया जानकारी जुटाने और विध्वंसकारी गतिविधियों में लिप्त थे।

## ट्रंप ने हैरिस से डिबेट की संभावना से किया इनकार

वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के साथ फिर किसी प्रेसिडेंशियल डिबेट की संभावना से इनकार किया है। वहीं हैरिस के चुनाव प्रचार अभियान टीम की प्रमुख ने दोनों उम्मीदवारों की मंच पर बहस के बाद काफी अधिक धन जुटने की जानकारी दी है।

ट्रंप ने हैरिस के साथ मंगलवार को बहस के बाद सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर पोस्ट किया, कोई तीसरी बहस नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जब कोई मुक्केबाज प्रतियोगिता हार जाता है तो वही एक और प्रतियोगिता की चुनौती देता है। एक दिन पहले हैरिस के साथ एक और बहस के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा था, इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कह सकता। रिपब्लिकन पार्टी के अहम सीनेटर जॉन थून समेत पार्टी के कई नेताओं ने ट्रंप से हैरिस के साथ एक और बहस का अनुरोध किया है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले ट्रंप-हैरिस के बीच बहस को 6.7



करोड़ से अधिक लोगों ने देखा था। इस बीच, हैरिस के चुनाव प्रचार अभियान टीम की प्रमुख जेन ओमैली डिलन ने कहा कि मंगलवार की बहस के बाद पिछले 24 घंटे में उन्हें करीब 6,00,000 दानकर्ताओं से 4.7 करोड़ डॉलर मिले हैं। मंगलवार की बहस यह पहला मौका था जब ट्रंप और हैरिस का आमना सामना हुआ। इससे पूर्व जून में ट्रंप और उस वक्त डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहे राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच बहस हुई थी।

## वियतनाम में चक्रवात यागी से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 233

हनोई। वियतनाम में चक्रवात यागी के कारण आई बाढ़ तथा भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से और शव बरामद होने के बाद मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 233 हो गई। देश की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।

वियतनाम के सरकारी प्रसारक वीटीवी ने बताया कि उत्तरी लाओ काई प्रांत में मंगलवार को पहाड़ से बहते बाढ़ के पानी से लैंग नू गांव तबाह हो गया था और यहां रह रहे कई लोग बह गए थे, जिसके बाद बचवाकर्मियों ने यहां से 48 शव बरामद किए जबकि 39 लोग अब भी लापता हैं। वियतनाम में अब भी 103 लोग लापता हैं तथा 800 से अधिक घायल हुए हैं। तूफान यागी दशकों में वियतनाम में आने वाला सबसे शक्तिशाली तूफान है। यह शनिवार को 149 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तट से टकराया था। लांग नू की सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे राहत-बचाव अभियान में मदद के वास्ते भारी उपकरण लाना असंभव हो गया है। वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने बृहस्पतिवार को घटनास्थल का दौरा करने के बाद कहा कि लापता लोगों की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

इंटरटेनमेंट...

## 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का ट्रेलर रिलीज




मुम्बई। राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की अगली फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म की कहानी 90 के दशक के न्यूली मैरिड कपल पर बेस्ड है। राजकुमार और तृप्ति ने इस फिल्म का प्रमोशन शुरू कर दिया है। ट्रेलर में दिखाया गया कि न्यूली मैरिड विक्की और विद्या ने अपनी सुहाग रात का वीडियो रिकॉर्ड किया जिसकी सीडी कहीं चोरी हो गई है। इस सीडी की खोजबीन शुरू करते हैं पुलिस इंस्पेक्टर बने विजय राज जिन्हें केस सुलझाते हुए मल्लिका शेरावत से प्यार हो जाताा है। फिल्म के ट्रेलर में मल्लिका शेरावत नजर आई हैं। एक्ट्रेस बड़े ब्रेक के बाद किसी कमर्शियल फिल्म में नजर आएंगी। दिखी शहनाज गिल और दलेर मेहंदी की झलक साढ़े 3 मिनट के इस ट्रेलर में राजकुमार और तृप्ति के अलावा विजय राज, मल्लिका शेरावत और टीकू तल्सानिया जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। इसके अलावा फिल्म के गानों में शहनाज गिल और दलेर मेहंदी भी स्पेशल अपीयरेंस देते नजर आएंगे। फिल्म के एक गाने में दिलेर मेहंदी और दूसरे गाने में शहनाज गिल का कैमियो है। आलिया स्टारर 'जिगरा' से होगा क्लैश फिल्म को 'ड्रीमगर्ल' फेम डायरेक्टर राज शांडिल्य ने लिखा और डायरेक्ट किया है। यह 11 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म का क्लैश आलिया भट्ट और वेदांग रैना स्टारर 'जिगरा' से होगा। वर्कफ्रंट पर राजकुमार की पिछली फिल्म 'स्त्री 2' ब्लॉकबस्टर हिट रही है। वहीं तृप्ति 'बैड न्यूज' में विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ दिखाई दी थीं।

## फिल्म जिगरा में साथ नजर आयेंगे दिलजीत दोसांझ-आलिया भट्ट

नयी दिल्ली। दिलजीत दोसांझ और आलिया भट्ट अपनी लोकप्रिय फिल्म उड़ता पंजाब के आठ साल बाद फिर से जिगरा में साथ काम कर रहे हैं। अभिनेत्री आलिया भट्ट ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। सोशल मीडिया पर आलिया भट्ट द्वारा साझा की गई तस्वीर में आलिया भट्ट और दिलजीत दोसांझ कुर्सी पर बैठे हुए दिख रहे हैं। जिगरा में दिलजीत दोसांझ का क्या किरदार रहने वाला इसके बारे में अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है, लेकिन प्रशंसक अनुमान लगा रहे हैं कि दोसांझ फिल्म के लिए एक गाना गाएंगे। वासन बाला द्वारा निर्देशित जिगरा में वेदांग रैना भी हैं। यह फिल्म 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण करण जौहर, अपूर्व मेहता, भट्ट, शाहीन भट्ट और सौमेन मिश्रा ने किया है। दोसांझ (40) ने 2016 में उड़ता पंजाब से हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।



## अंतरराष्ट्रीय एमी पुरस्कार की मेजबानी करेंगे वीर दास

नयी दिल्ली। हास्य अभिनेता वीर दास को 52वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवार्ड का मेजबान (होस्ट) घोषित किया गया है। दास पहले भारतीय हैं जो अमेरिका में आयोजित होने वाले इस वार्षिक पुरस्कार समारोह की मेजबानी करेंगे। पुरस्कार समारोह न्यूयॉर्क सिटी में 25 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2023 में अपने नेटफ्लिक्स स्टैंड-अप स्पेशल वीर दासः लैंडिंग के लिए सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी पुरस्कार जीतने के बाद यह अंतरराष्ट्रीय एमी मंच पर फिर से दास की वापसी है। गो गोवा गॉन और डेल्ही बेली जैसी फिल्मों से चर्चा में आए हास्य अभिनेता ने कहा कि वह साथी कलाकारों की उल्लेखनीय उपलब्धियों का जश्न मनाने और

## सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाना गौरव की बात

मुम्बई। एक्ट्रेस पत्रलेखा हाल ही में अपनी वेब सीरीज 'आईसी- 814 कंधार हाईजैक' की रिलीज के बाद सुर्खियों में हैं। इसके बाद, वह अपनी अगली फिल्म 'महात्मा फुले' की तैयारी कर रही हैं, जो अगले साल रिलीज होगी। इस बायोपिक में वह सावित्रीबाई फुले का किरदार निभा रही हैं। हाल ही में बातचीत के दौरान, एक्ट्रेस ने दोनों प्रोजेक्ट्स - 'आईसी- 814 कंधार हाईजैक' और 'महात्मा फुले' में काम करने के अनुभव शेयर किए। अनुभव बहुत अलग और खास था। यह फिल्म महात्मा फुले पर आधारित एक बायोपिक है। इसमें सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ा सम्मान है। फिल्म में एक्टिंग स्टाइल्स, पर्सनालिटीज और एक्टर्स सभी अलग थे। प्रतीक गांधी जैसे शानदार कलाकार के साथ काम करना बेहद खास था। महात्मा फुले और सावित्रीबाई रिफॉर्मर्स थे, उनका सोचने का तरीका हमारे आज के समाज से कहीं आगे था। उन्होंने देश, बच्चों और खासकर लड़कियों के लिए



जो काम किया, वह बहुत प्रेरणादायक है। इस फिल्म से मुझे बहुत ताकत मिली। यह मेरे लिए गर्व का पल था। जब मैंने अपनी मां को बताया कि मुझे सावित्रीबाई फुले का रोल मिला है, तो वह सबसे ज्यादा खुश हुईं। यह किरदार निभाना मेरे लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि उनके बारे में हम बचपन से पढ़ते आ रहे हैं। इस किरदार के बारे में काफी कुछ लिखा गया है, लेकिन पर्सनालिटी को समझना अलग बात है। आनंद सर, जो हमारे डायरेक्टर हैं, उन्होंने बहुत ही सादगी और प्यार से स्क्रिप्ट लिखी। हमने रीडिंग और रिसर्च के लिए काफी समय लगाया। पूरी टीम के साथ बैठकर हर पहलू पर गहराई से विचार किया। स्क्रिप्ट इतनी अच्छी तरह से लिखी गई थी कि काम बहुत आसान हो गया। फिल्म का शेड्यूल दो महीने का था, और यह काफी कंटिन्यूअस था। हमने भोर, पूना और सतारा जैसी जगहों पर शूटिंग की। हर सीन को बहुत मेहनत और प्यार से फिल्माया गया। सबसे बड़ा संदेश यह है कि सावित्रीबाई और ज्योतिबा फुले की कहानी हर किसी तक पहुंचनी चाहिए। महाराष्ट्र और गोवा में लोग उन्हें जानते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि नॉर्थ ईस्ट या तमिलनाडु के बच्चे उनके बारे में जानते हैं। यह इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और मैं चाहती हूं कि यह हर बच्चे तक पहुंचे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com